खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

देहरादून, मंगलवार 20 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 164 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 1 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में एसआईआर: पुरुषों की तुलना में महिलाओं के नाम अधिक कटे पेज 2



पीवी सिंधु इंडोनेशिया मास्टर्स में करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई खेल टाइम्स



प्रोसेस्ड फूड से अभी कर लें तौबा सम्पादकीय



अमेरिका पर 93 अरब यूरो का आयात शुल्क लगाएगा ईयू! पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र और उत्तराखंड के लिए अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती 18 को लखनऊ में

**लखनऊ/ देहरादून।** रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (हेडक्वार्टर), लखनऊ के तहत लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में महिला मिलिट्री पुलिस अग्निवीर भर्ती रैली 18 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह रैली उत्तर प्रदेश में होने वाली रैलियों की सीरीज की छठी रैली होगी और यह एक दिन चलेगी। इसमें वे अभ्यर्थी शामिल होंगे जिन्होंने जुलाई 2025 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास किया है। इस रैली में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों से लगभग 1,000 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। ऑनलाइन सीईई पास करने वाले और उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी अभ्यर्थियों को अलग से एडमिट कार्ड जारी किए गए हैं। अभ्यर्थी नए जारी किए गए एडमिट कार्ड पर बताई गई तारीख को सुबह चार बजे एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में रिपोर्ट करेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने एंट्रेंस एग्जाम पास कर लिया है, उन्हें रैली के लिए उनके रजिस्टर्ड ईमेल पर एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

### बीएमसी मेयर पद के लिए 22 जनवरी को निकलेगी लॉटरी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को दावा किया कि शिंदे के बाद भाजपा भी अपने पार्षदों को किसी सुरक्षित जगह पर ले जाने की योजना बना रही है। राउत ने कहा कि शिंदे अपने पार्षदों को पहले ही पांच सितारा होटल में भेज चुके हैं। सवाल है- कौन किससे डर रहा है? संजय राउत ने कहा कि नगर निकाय चुनावों के नतीजों को देखते हुए कोई भी पार्टी आसानी से बीएमसी मेयर पद पर दावा नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री फडनवीस स्विट्जरलैंड में वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की बैठक में हैं और यहां पार्षदों को इधर-उधर भेजा जा रहा है। यह अजीब है। महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को चुनाव हुए थे। बीएमसी सहित अन्य निगमों के नतीजे 16 जनवरी को आया था। बीएमसी के 227 सीटों में भाजपा ने 89 वार्ड जीते। शिंदे गुट को 29 सीटें मिलीं। मेयर के लिए बहुमत का आंकड़ा 114 है। इसके लिए भाजपा को शिंदे गुट के 25 पार्षदों के समर्थन की जरूरत होगी। 29 नगर निगमों में मेयर पद के लिए 22 जनवरी को लॉटरी निकाली जाएगी।

### करूर भगदड़ मामले में विजय से छह घंटे चली पूछताछ

**नई दिल्ली।** करूर भगदड़ मामले में थलापति विजय दूसरी बार सीबीआई के सामने पेश हुए थे। वे दिल्ली स्थित सीबीआई के दफ्तर सुबह करीब 10 बजे पहुंचे थे। लगभग छह घंटे की पूछताछ के बाद टीवीके प्रमुख विजय सीबीआई मुख्यालय से बाहर निकले। यह अभिनेता के साथ सीबीआई की पूछताछ का दूसरा राउंड है। इससे पहले 12 जनवरी को उनसे पूछताछ की गई है। इस बार विजय के साथ-साथ करूर रैली में मौजूद नौ पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की गई।

# यूएई प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद को मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर किया रिसीव



## कहा: अपने भाई को लेने खुद आया हूं, नाहयान सिर्फ 90 मिनट दिल्ली में रुकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

- प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति शेख जायद को अपने आवास पर किया स्वागत
- शाही नक्काशीदार झूला किया गिफ्ट

**नई दिल्ली।** यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार शाम साढ़े 4 बजे भारत पहुंचे। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर उन्हें दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर रिसीव किया।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं अपने भाई को लेने खुद एयरपोर्ट आया हूं। शेख जायद कुछ देर में पीएम मोदी के साथ मीटिंग करेंगे और करीब शाम 6 बजे भारत से रवाना हो जाएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच सोमवार को व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, ऊर्जा और दुनिया से जुड़े अहम मुद्दों पर बड़ी डील हो सकती है। एमईए ने बताया कि दोनों नेता मिडिल-ईस्ट के मौजूदा हालात पर भी चर्चा कर सकते हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया में स्थिति काफी संवेदनशील बनी हुई है। यमन में यूएई और सऊदी अरब के बीच तनाव बना हुआ है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति शेख जायद और उनके परिवार का दिल्ली में अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर स्वागत किया। मोदी ने उन्हें गुजरात का एक शाही नक्काशीदार लकड़ी का झूला गिफ्ट में दिया। यह झूला गुजरात के कई घरों में पाया जाता है और इसे हाथ से फूलों और पारंपरिक डिजाइनों के साथ बनाया गया है। गुजराती संस्कृति में झूला परिवार के लोगों को एक साथ बैठकर बात करने और पीढ़ियों के बीच रिश्तों को मजबूत करने का प्रतीक माना जाता है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जायद को एक पश्मीना शॉल भी भेंट की, जिसे एक सजे हुए चांदी के डिब्बे में रखा गया था। यह शॉल बहुत ही बारीक ऊन से हाथ से बनाई जाती है और हल्की, मुलायम और गर्म होती है। पश्मीना शॉल कश्मीर की है, जबकि चांदी का डिब्बा तेलंगाना में बनाया गया है। यह उपहार भारत की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा को दर्शाता है। यूएई के राष्ट्रपति की मां शेखा फातिमा बिंत मुबारक अल केतबी को भी एक पश्मीना शॉल चांदी के डिब्बे में दी गई। इसके साथ ही उन्हें कश्मीरी केसर भी भेंट किया गया, जो कश्मीर घाटी में उगाया जाता है और अपनी गहरी लाल रंगत और खुशबू के लिए जाना जाता है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से ऊर्जा आपूर्ति को लेकर मजबूत साझेदारी है। साथ ही, लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम और बाइलेटरल इन्वेस्टमेंट ट्रीटी ने आर्थिक रिश्तों को और मजबूती दी है। यह दौरा भारत-यूएई काम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और आगे बढ़ाने तथा आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के नए रास्ते खोलने का अवसर देगा।

## पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के रिविजन (सुधार) मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई चुनाव आयोग को कड़ी फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: आयोग को समझना चाहिए लोग इस वजह से कितने तनाव में और परेशान हैं, सवा करोड़ को नोटिस भेजना छोटी बात नहीं
- करीब सवा करोड़ लोगों के नाम सार्वजनिक करने का आदेश, जिन्हें आंकड़ों में तार्किक गड़बड़ी के आधार पर नोटिस भेजा गया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के रिविजन (सुधार) को लेकर मचे घमासान के बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने आयोग से साफ कहा है कि उसे समझना चाहिए कि लोग इस प्रक्रिया की वजह से कितने तनाव में और परेशान हैं।

अदालत ने चुनाव आयोग को उन करीब सवा करोड़ लोगों के नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया है, जिन्हें लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी यानी आंकड़ों में तार्किक गड़बड़ी के आधार पर नोटिस भेजा गया है। मामला यह है कि चुनाव आयोग ने वोटर्स को तीन श्रेणियों में बांटकर नोटिस भेजे थे। इसमें सबसे विवादित श्रेणी लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी वाली है। इसमें वे लोग शामिल हैं, जिनके माता-पिता के नाम में बेमेल है, स्पेलिंग अलग है या फिर माता-पिता और बच्चों की उम्र में अजीब गैप दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इन सवा करोड़ लोगों की लिस्ट ग्राम पंचायत, ब्लॉक ऑफिस और वार्ड ऑफिस में नोटिस बोर्ड पर लगाई जाए। साथ ही, जिन लोगों को नोटिस मिला है, उन्हें अपने कागज जमा करने के लिए और ज्यादा वक्त दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि सुनवाई के दौरान पर्याप्त कर्मचारी मौजूद रहें और लोगों को उनके जमा किए गए दस्तावेजों की पक्की रसीद दी जाए। सुनवाई के दौरान अदालत -शेष पृष्ठ दो पर



### कर्नल सोफिया अपमान मामला: मप्र सरकार को सुप्रीम फटकार

### विजय शाह पर केस की मंजूरी, दो हफ्ते में तय करने का आदेश

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि अब माफी मांगने का वक्त निकल चुका है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी को लेकर दो हफ्ते के भीतर स्पष्ट फैसला लिया जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस बात पर नाराजगी जताई कि विशेष जांच दल को (एसआईटी) अपनी रिपोर्ट सौंपे हुए कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया। अदालत ने कहा कि यह देरी समझ से परे है। अब बहुत देर हो चुकी है। सुनवाई के दौरान विजय शाह की ओर से वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कोर्ट को बताया कि मंत्री ने माफी मांग ली है और जांच में सहयोग कर रहे हैं। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि माफी मांगने में बहुत देर हो चुकी है।

# हाईकोर्ट का कुलदीप सेंगर की सजा पर रोक से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की कस्टोडियल डेथ में 10 साल की सजा सुनाई गई है

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को रेपिस्ट कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। उसे उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की पुलिस हिरासत में मौत मामले में ट्रायल कोर्ट ने 10 साल के कठोर कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट ने कहा था कि परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की हिरासत में मौत के मामले में कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। सेंगर के भाई अतुल सिंह सेंगर और पांच अन्य लोगों को भी 10 साल की जेल की सजा दी गई थी। इसी फैसले के खिलाफ सेंगर ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सेंगर ने दलील दी थी कि वह इस केस में करीब 9 साल जेल में रह चुका है और अब सिर्फ 11 महीने की सजा बाकी है। पीड़ित की ओर से वकील महमूद प्राचा ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि सेंगर को जमानत मिलने से पीड़ित और उसके परिवार को खतरा है। इससे पहले 23 दिसम्बर को उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी थी। इसका विरोध हुआ था, पीड़ित परिवार और सामाजिक संगठन सड़कों पर उतर आए थे। दिल्ली हाईकोर्ट के सामने धरना दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। पिछले महीने पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी थी। हालांकि, भारी विरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। उन्नाव रेप पीड़ित के पिता को 2018 में हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल में उनकी हालत बिगड़ गई थी और बाद में उनकी मौत हो गई थी। पीड़ित के परिजनों ने आरोप लगाया था कि यह कोई सामान्य मौत नहीं है, बल्कि साजिश के तहत की गई कस्टोडियल डेथ थी। आरोप था कि सेंगर के प्रभाव और दबाव में पीड़ित के पिता को प्रताड़ित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंपी गई। सीबीआई ने सेंगर और अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। लंबी सुनवाई के बाद निचली अदालत ने सेंगर को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। इसे निलंबित करने के लिए सेंगर हाईकोर्ट पहुंचे थे। दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि मामला बहुत गंभीर है। इसमें प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा कानून का दुरुपयोग किया गया। कोर्ट ने पीड़ित और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए कठोर रुख अपनाने की आवश्यकता जताई। कोर्ट ने कहा कि सजा निलंबन का आधार काफी नहीं है, इसलिए सेंगर को राहत नहीं दी जा सकती।

## उत्तर भारत में कोहरा व ठंड बढ़ने के आसार

- मौसम फिर लेगा करवट

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने दिल्ली के कई इलाकों में घने कोहरे की संभावना जताई है।

दिल्ली में अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 8 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। हालांकि, यह राहत ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं है। 19 जनवरी से पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय के चलते 23 जनवरी तक कुछ इलाकों में भारी बारिश या बर्फबारी हो सकती है। इस मौसम प्रणाली का असर राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार तक महसूस किया जा सकता है।

## आतंकी मुठभेड़ में घायल जवान शहीद

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों की तलाश के दौरान रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान 8 जवान घायल हो गए थे। इनमें से एक जवान की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। शहीद जवान की पहचान हवलदार गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

## नितिन नबीन का निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष बनना तय

- शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ, हरदीप सिंह पुरी समेत भाजपा के कई दिग्गज बने प्रस्तावक

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर पार्टी मुख्यालय में सोमवार को भारी गहमा गहमी के बीच राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपना नामांकन दाखिल किया।

इसके साथ ही श्री नबीन का निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है, क्योंकि किसी अन्य नेता ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है। श्री नबीन के अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, हरदीप पुरी समेत जैसे कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। यह नामांकन प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में संपन्न हुई। नितिन नबीन के नामांकन के दौरान योगी आदित्यनाथ समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यों के पार्टी अध्यक्ष, सांसद व वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने एक के बाद अपना समर्थन पत्र जमा कराया। अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक नामांकन होने को नेतृत्व परिवर्तन से पहले संगठनात्मक एकता और ताकत के प्रदर्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है।

## सोना-चांदी पहुंचे रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेश मांग आने से सोना-चांदी सोमवार को सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना वायदा सोमवार को 2,703 रुपये बढ़कर 1,45,220 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह पहली बार 1,45,000 रुपये के पार पहुंचा है। चांदी वायदा में 15,381 रुपये का उछाल देखा गया और यह 3,03,143 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही। इसमें 5.35 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल आया है। कोटक म्यूचुअल फंड के कोष प्रबंधक सतीश डोंडापति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ग्रीनलैंड के मुद्दे को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से दोनों कीमती धातुओं में तेजी रही है। साथ ही, सीमित आपूर्ति, कमजोर डॉलर और मजबूत निवेश तथा औद्योगिक मांग का असर भी देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में चांदी की कीमत 170 प्रतिशत बढ़ चुकी है।

# नोएडा में इंजीनियर की मौत मामला: सीईओ हटाए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सीएम योगी ने लिया संज्ञान, उच्चस्तरीय जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन

**लखनउफ/ नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार समेत डूबने से हुई दर्दनाक मौत की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संज्ञान लिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। यह टीम पांच दिनों के भीतर अपनी जांच पूरी कर मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपेगी। इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. को पद से हटा दिया है। इसे प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, सीएम ने साफ निर्देश दिए हैं कि जांच में यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष सामने आता है, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी का नेतृत्व एडीजी जोन मेरठ करेंगे। उनके साथ मंडलायुक्त मेरठ और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चीफ इंजीनियर को भी टीम में शामिल किया गया है। जांच टीम को हादसे के कारणों, संबंधित विभागों की भूमिका, लापरवाही की जिम्मेदारी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों की विस्तृत पड़ताल करने के निर्देश दिए गए हैं। सेक्टर-150 क्षेत्र में भारी जलभराव के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार पानी से भरे गड्ढे/अंडरपास में फंस गई थी, जिससे कार समेत व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन, विकास प्राधिकरण और संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। एसआईटी क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था, सड़क निर्माण की गुणवत्ता, चेतावनी संकेतों की मौजूदगी और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की भी जांच करेगी। मृतक इंजीनियर युवराज मेहता की सोमवार को पोर्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि युवराज की मृत्यु का कारण दम घुटना बताया गया है। पोस्टमार्टम के अनुसार उनके फेफड़ों में करीब साढ़े तीन लीटर पानी भरा हुआ पाया गया, जिससे यह साबित होता है कि वह काफी देर तक पानी में डूबे रहे। डाक्टरों की रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक पानी में रहने से उनके फेफड़ों में भारी मात्रा में पानी चला गया, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति रुक गई और दम घुटने की स्थिति पैदा हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतीक और अपर्णा के बीच तलाक की सुगबुगाहट

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव और उनकी पत्नी अपर्णा यादव के वैवाहिक जीवन को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है। प्रतीक यादव के नाम से चल रहे इंस्टाग्राम अकाउंट 'आई एम प्रतीक यादव' से साझा की गई एक पोस्ट में विवाह संबंधों में तनाव का दावा करते हुए तलाक की बात कही गई है। इंस्टाग्राम पोस्ट में प्रतीक यादव ने लिखा है कि जल्द से जल्द तलाक की प्रक्रिया पूरी करना चाहते हैं। पोस्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि वह अब इस रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाना चाहते और अलग होने का निर्णय ले चुके हैं। पोस्ट में अपर्णा यादव को लेकर कई गंभीर आरोप किए गए हैं। उन्होंने अपर्णा यादव को ष्स्वार्थी महिलाष बताते हुए लिखा कि उनकी वजह से उनका पूरा परिवार बिखर गया। प्रतीक के अनुसार, उनकी पत्नी के व्यवहार ने पारिवारिक रिश्तों में कड़वाहट और दूरी पैदा कर दी।

### अभद्रता के आरोप के साथ अनशन पर बैठे है शंकराचार्य

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगे माघ मेला में मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर रविवार को अभद्रता से आहत शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अनशन पर अनशन पर बैठ गए हैं। शंक. राचार्य जी रविवार से लगातार बिना अन्न जल के धरने पर बैठे हैं। शिविर के बाहर ही दण्ड तर्पण और पूजन भी किया है। शंकराचार्य की मांग है कि प्रशासन प्रोटोकॉल के साथ उन्हें ले जाकर गंगा स्नान कराए। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या पर पालकी और भक्तों के साथ स्नान की अनुमति न दिए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ विवाद हुआ था।

# उप्र में एसआईआर: पुरुषों की तुलना में महिलाओं के नाम अधिक कटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत जारी की गई प्रारूप मतदाता सूची में पुरुषों की तुलना में महिलाओं के अधिक नाम हटाए जाने का खुलासा हुआ है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 1.55 करोड़ महिलाओं जबकि 1.34 करोड़ पुरुषों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इस तरह कुल 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची से विलोपित किए गए हैं। इस प्रक्रिया के बाद राज्य का लैंगिक अनुपात घटकर 824 महिला मतदाता प्रति 1000 पुरुष रह गया है, जो 2025 की मतदाता सूची में 877 था। 6 जनवरी 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार, कुल 12.55 करोड़ मतदाता बनाए रखे गए हैं, जिनमें 5.67 करोड़ महिलाएं और 6.89 करोड़ पुरुष शामिल हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने दी। महिलाओं के नाम बड़ी संख्या में हटाए जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसका प्रमुख कारण डुप्लीकेशन है। कई मामलों में महिलाओं के नाम पहले उनके मायके (पिता के पते) पर दर्ज थे और बाद में ससुराल (पति के पते) पर भी जुड़ गए थे। 2025 की मतदाता सूची में 25 वर्ष से अधिक आयु की 71.18 लाख महिलाओं ने पिता का पता दर्ज किया था।

# पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बदलेगा उप्र का मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में अगले 48 घंटों के दौरान तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही घने कोहरे में भी कमी आने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, 22 जनवरी से प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बीते कुछ दिनों से रात के तापमान में जो गिरावट देखी जा रही थी, वह अब थम गई है। हालांकि हल्की बढ़ोतरी के बावजूद शनिवार रात को प्रदेश के मध्य हिस्सों हरदोई, अमेठी, अयोध्या और बाराबंकी में आंशिक शीतलहर की स्थिति बनी रही। उन्होंने कहा कि पश्चिमी



■ तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, 22 जनवरी से प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई

विक्षोभ के कारण हवा की दिशा में बदलाव हुआ है, जिसके चलते अगले 24 से 48 घंटों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे रात की शीतलहर से राहत मिलेगी और प्रदेश में छाए घने कोहरे में 20 जनवरी के बाद धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है। इसके बाद एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 22 जनवरी से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो सकता है, जो आगे चलकर पूर्वी यूपी तक पहुंचेगा। इससे प्रदेश में जारी ठंड की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। सोमवार सुबह प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। मुरादाबाद, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर (आईएएफ), बाराबंकी, कानपुर (आईएएफ) और आजमगढ़ में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। वहीं लखनऊ एयरपोर्ट पर दृश्यता मात्र 50 मीटर रही। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वानुमान के अनुरूप को. हरे का क्षेत्रफल और तीव्रता सुबह के समय बढ़ी। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कोहरा छाया रहा, जबकि उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम यूपी के कुछ इलाकों में इसका असर अपेक्षाकृत कम रहा। आंकड़ों के अनुसार गाजियाबाद, बरेली और कानपुर में बहुत घना कोहरा (शून्य दृश्यता) दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में 50 से 100 मीटर तक दृश्यता रही। तापमान की बात करें, तो हरदोई प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3-5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5-3 डिग्री कम है। फुरसतगंज में 3-7 डिग्री, जबकि बाराबंकी, अयोध्या और मेरठ में 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### उप्र में मौसम पूर्वानुमान को मिलेगी बड़ी मजबूती, पांच अत्याधुनिक रडार होंगे स्थापित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम पूर्वानुमान प्रणाली को और सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। राज्य में पांच अत्याधुनिक ड्यूल पोलारिमेट्रिक डॉप्लर रडार सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जो अगले छह महीनों में कार्यात्मक हो जाएंगे। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, लखनऊ के निदेशक मनीष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि ए रडार लखनऊ, आजमगढ़, झांसी, अलीगढ़ और वाराणसी में लगाए जा रहे हैं। इनमें से चार रडार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जबकि एक रडार वाराणसी में आईएमडी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इससे रडार नेटवर्क में ओवरलैपिग सुनिश्चित होगी।

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा में युवराज की मौत को हत्या करार दिया

# भाजपा की बेरहम व्यवस्था ने ली युवा इंजीनियर की जान

नई दिल्ली, वार्ता

■ मौके पर उप्र पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम तमाशा देखती रही: कांग्रेस
■ कांग्रेस राजस्थान कांग्रेस का विस चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा में एक युवा इंजीनियर की कार पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में गिर गई और मौके पर पहुंची उत्तर प्रदेश पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम तमाशा देखती रही लेकिन युवक को पानी से बाहर नहीं निकाले जाने के कारण उसकी जान चली गई।

कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया पेज एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट में उप्र की भाजपा सरकार से सवाल किया कि आखिर उसके शासन की यह कैसी व्यवस्था है कि बचाव दल मौके पर पहुंचता है, लेकिन उसके पास कोई उपकरण नहीं होते कि युवक को पानी से बाहर निकाला जा सके। यदि युवराज को समय पर पानी से बाहर निकाल लिया जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी लेकिन भाजपा की 'हत्यारी व्यवस्था ने 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की जान ले ली। उसकी कार नोएडा के पॉश इलाके में पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में गिरी थी। यह गड्ढा एक बिल्डर ने खुदवाया था जिसमें बारिश का पानी भर गया था। पार्टी ने आरोप लगाया गड्ढे में गिरे युवराज ने हिम्मत जुटाई और किसी तरह गाड़ी की छत पर पहुंच गया और फिर उसने अपने पिता को कॉल किया 'पापा मैं डूब रहा हूं, मुझे बचा लो। पिता ने उप्र पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम पहुंची, लेकिन 'पानी ठंडा' होने के कारण किसी ने उसकी मदद नहीं की। दो घंटे तक युवराज मदद के लिए चीखता रहा, चिल्लाता रहा, लेकिन उप्र पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम वहां खड़ी तमाशा देखती रही और आखिर में एक-एक सांस के लिए लड़ते हुए युवराज ने दम तोड़ दिया। युवराज की मौत, दुर्घटना नहीं-'मर्डर' है। कांग्रेस ने इस हत्या करार देते हुए कहा कि यह हत्या भाजपा सरकार की व्यवस्था के कारण हुई है। उसका कहना है कि भाजपा के सड़े-गले सिस्टम ने, युवराज की हत्या की है। सवाल है कि क्या फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के पास ऐसे उपकरण ही नहीं थे, जिससे युवराज को पानी से निकाला जा सकता था। दूसरी ओर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविद सिंह डोटासरा और कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है। श्री डोटासरा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को केवल दो से तीन हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल हुई थी, वहां विशेष वर्ग के वोटों को काटने की कार्रवाई की जा रही है।

### इंजीनियर मौत के मामले को 'आप' ने बनाया मुद्दा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर ग्रेटर नोएडा में एक कंप्यूटर इंजीनियर की जान बचाने में कोई कदम न उठाने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की कार घने कोहरे में नोएडा में पानी से भरे बड़े गड्ढे में गिरने गई थी और वह घंटों तक मदद मांगता रहा। यह हादसा उनके पिता, राजकुमार मेहता के सामने हुआ। श्री भारद्वाज ने कहा कि तीन घंटे तक किसी ने इंजीनियर को बचाने का प्रयास नहीं किया, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार शंकराचार्य को परेशान करने में व्यस्त थी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ष्कंप्यूटर इंजीनियर नोएडा में नाले में गिरा, अपने पिता को मदद के लिए कॉल किया, तीन घंटे तक तैरने की कोशिश करता रहा। योगी सरकार शंकराचार्य को सबक सिखाने में व्यस्त थी।

# मोदी की पहल ने पूर्वोत्तर के युवाओं को नए अवसर प्रदान किए: जयंत

नई दिल्ली।



■ गुवाहाटी विश्वविद्यालय में पूर्वोत्तर के लिए इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं रक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान इस क्षेत्र के युवाओं के लिए नए सिरे से आत्मविश्वास और अवसर पैदा किए हैं।

चौधरी ने सोमवार को असम स्थित गुवाहाटी विश्वविद्यालय में पूर्वोत्तर के लिए इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया, जहां पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के युवा 26 कौशलों में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस अवसर पर जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री का पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान, जो उनकी नियमित यात्राओं और नीतिगत प्राथमिकताओं से स्पष्ट है, ने इस क्षेत्र के युवाओं के लिए नए सिरे से आत्मविश्वास और अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने कहा कि इंडियास्किल्स जैसी पहलें इस दृष्टिकोण को और मजबूत करती हैं, क्योंकि ए राष्ट्रीय मंचों को सीधे इस क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं तक पहुंचाती हैं। इंडिया स्किल्स महज एक प्रतियोगिता नहीं है, यह उत्कृष्टता, अनुशासन और काम की गरिमा का उत्सव है। पूर्वोत्तर में अपार प्रतिभा और आकांक्षाएं हैं, और यह मंच इस बात पर हमारे विश्वास को दर्शाता है कि इस क्षेत्र के युवा भारत के कुशल कार्यबल का नेतृत्व करने और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार हैं।



सेंसेक्स 83570.35
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# वैश्विक चिंता में धराशायी हुए शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विभिन्न यूरोपीय देशों के माल पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को चौतरफा बिकवाली देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 324.17 अंक (0.39 प्रतिशत) लुढ़ककर 83,246.18 अंक पर बंद हुआ जो 07 नवम्बर 2025 के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 10 नवम्बर 2025 के बाद के निचले स्तर 25,585.50 अंक पर आ गया। बाजार में आज काफी उतार.चढ़ाव रहा। एक समय सेंसेक्स 672 अंक गिर गया था, लेकिन बाद में इसकी गिरावट कुछ



कम हुई। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.25 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.99 प्रतिशत टूट गया। तेल एवं गैस, रियलटी, मीडिया, रसायन, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा गिरावट रही। वहीं, एफएमसीजी और ऑटो सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,294 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,316 के सूचकांक गिरावट में और 871 के बढ़त में रहे। अन्य 107 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 14 के शेयर लाल निशान में और 16 के हरे निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.04 प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक में 2.26 प्रतिशत, इटरनल में 2.19, टीसीएस में 1.36, अडानी पोर्ट्स में 1.34, और टाइटन में 1.31 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। विमान सेवा कंपनी इंडिगो पर नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अपेक्षाकृत नरम कार्रवाई के बाद कंपनी के शेयर में 4.30 प्रतिशत का उछाल आया। टेक महिंद्रा का 2.85 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.27, बजाज फाइनेंस का 2.18, मारुति सुजुकी का 2.04 और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.02 प्रतिशत चढ़ा।

# शैक्षिक आदान-प्रदान के जीवंत केंद्र के रूप में उभरा विश्व पुस्तक मेला

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 का 53वां संस्करण साहित्यिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के एक जीवंत केंद्र के रूप में उभरा है, जिसने पूरे भारत और दुनिया भर से प्रकाशकों, लेखकों, शिक्षकों और पाठकों को आकर्षित किया है। पुस्तक मेले में बड़ी संख्या में आगंतुक आए, जिसका श्रेय मुफ्त प्रवेश और सही समय पर रखे गए नौ-दिवसीय कार्यक्रम को जाता है। प्रकाशकों ने देखा कि पाठक लोकप्रिय बेस्टसेलर से लेकर विशेष शैक्षणिक और क्षेत्रीय भाषा की किताबों तक, किताबों की एक विस्तृत शृंखला को देखने में गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। कुल 35 से अधिक देशों के 1,000 से अधिक प्रकाशकों ने इस मेले में भाग लिया, जिससे यह देश के सबसे बड़े साहित्यिक आयोजनों में से एक बन गया है। राष्ट्रीय बुक ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। इस साल की थीम, ष्भारतीय सैन्य इतिहास: वीरता और ज्ञान के 75 सालष को थीम पवेलियन में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है, जिसमें 500 से अधिक किताबें हैं और 100 से अधिक थीम-आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेले का उल्लेखनीय आकर्षण राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय रहा। यह एक डिजिटल लाइब्रेरी है जो 6,000 मुफ्त ई-बुक्स तक पहुंच प्रदान करती है, जो पारंपरिक पुस्तक संस्कृति को डिजिटल नवाचार के साथ मिलाती है।

# चुनाव आयोग की मेजबानी में राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 21-23 जनवरी तक आयोजित होगा

नई दिल्ली, वार्तांग

■ 2026 में विश्वभर के 70 देशों के लगभग एक सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे

चुनाव आयोग के तत्वावधान में यहां बुधवार को शुरू हो रहे लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसी डीईएम-2026) में 70 देशों के लगभग एक सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान आयोग की ओर से विश्व के सबसे बड़े चुनाव, लोकसभा 2024 चुनावों के आयोजन पर प्रकाश डालने वाली वृत्तचित्र श्रृंखला 'इंडिया डिसाइड्स' को भी आईआईसीडीईएम-2026 के पहले दिन प्रदर्शित किया जाएगा। ईसीआई के अध्ययन एवं प्रशिक्षण संस्थान-भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान द्वारा राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित यह सम्मेलन 21-23 जनवरी तक चलेगा जो लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अपनी तरह का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन बनने जा रहा है। चुनाव आयोग की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन में विश्व भर के 70 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 प्रतिनिधियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, भारत में विदेशी मिशनों के प्रतिनिधि और चुनावी क्षेत्र के अकादमिक और व्यावहारिक विशेषज्ञ भाग लेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने सहयोगी चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी के साथ 21 जनवरी को उद्घाटन सत्र में प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे और कार्रवाई को हरी झंडी दिखाएंगे। सम्मेलन के दौरान चुनाव प्रबंधन निकाय (ईएमबी) के सामान्य और पूर्ण सत्र शामिल हैं, जिनमें उद्घाटन सत्र, चुनाव प्रबंधन निकाय के नेताओं का पूर्ण सत्र, चुनाव प्रबंधन निकाय के कार्य समूह की बैठकें, वैश्विक चुनावी मुद्दों, आदर्श अंतर्राष्ट्रीय चुनावी मानकों और चुनावी प्रक्रियाओं में नवाचारों और सर्वोत्तम प्रणालियों पर केंद्रित विषयगत सत्र शामिल हैं। इसमें भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के नेतृत्व में और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक विशेषज्ञों के सहयोग से गठित कुल 36 विषयगत समूह सम्मेलन के दौरान गहन विचार-विमर्श में योगदान देंगे।

# बगैर बयान दर्ज कराए लौटीं नेहा सिंह राठौर करीब दो घंटे थाने में रहीं

**लखनऊ।** लोकगायिका नेहा सिंह राठौर सोमवार को अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर के मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को दोबारा हजरतगंज कोतवाली पहुंचीं, लेकिन बिना बयान दर्ज कराए वापस लौट गईं। वह सुबह करीब 11 बजे थाने पहुंचीं और लगभग दो घंटे तक वहां मौजूद रहीं। बताया जा रहा है कि इस दौरान जांच अधिकारी से औपचारिक बातचीत तो हुई, लेकिन बयान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इसके पहले बीते 3 जनवरी को भी नेहा सिंह राठौर बयान दर्ज कराने के लिए हजरतगंज थाने गई थी, लेकिन उस वक्त शाम का समय होने की वजह से बयान नही दर्ज हो सका था। नेहा सिंह राठौर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार वह तय समय पर थाने पहुंची हैं और जांच में पूरा सहयोग करेंगी। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने उन्हें 19 जनवरी को सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के सामने उपस्थित होने का आदेश दिया था, जिसका वह पालन करने आईं। इधर, हजरतगंज थाने के एसएचओ विक्रम सिंह ने अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए कहा कि वह पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन से जुड़ी वीआईपी ड्यूटी में हैं। इसी कारण नेहा के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...** में काफी दिलचस्प बहस भी हुई। तृणमूल कांग्रेस की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि सरनेम की स्पेलिंग जैसे गांगुली या दत्ता अलग होने जैसी छोटी बातों पर भी नोटिस थमाए जा रहे हैं, जिसका असली मकसद नाम काटना है। आपको बता दें कि इस लिस्ट में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का नाम भी शामिल है, जिसे लेकर काफी बवाल मचा था। बहस के दौरान एक मौका ऐसा भी आया जब चुनाव आयोग के वकील ने मां और बेटे के बीच सिर्फ 15 साल के उम्र के अंतर को गड़बड़ी बताया। इस पर जस्टिस बागची ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि 15 साल का अंतर कोई तार्किक गड़बड़ी कैसे हो सकता है? हमें नहीं भूलना चाहिए कि हम ऐसे देश में रहते हैं, जहां बाल विवाह आज भी एक कड़वी हकीकत है। जज ने साफ कहा कि एक करोड़ से ज्यादा लोगों को नोटिस भेजना छोटी बात नहीं है, आयोग को लोगों की परेशानी समझनी होगी। तृणमूल कांग्रेस ने इस फैसले को अपनी बड़ी जीत बताया है। ममता बनर्जी की सरकार शुरू से ही आरोप लगा रही थी कि यह प्रक्रिया वैध वोटर्स के नाम हटाने की एक साजिश है। कोर्ट के फैसले के बाद टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बीजेपी का खेल अब खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि जिन एक करोड़ नामों को काटने की तैयारी थी, वे अब बच गए हैं और सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक तरह से कड़ी फटकार लगाई है।

# आयकर विभाग ने मजदूर को भेजा सात करोड़ से अधिक का नोटिस

हरदोई, वार्ता

■ मजदूर के हाथ में नोटिस आया, तो उसके और परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में दिन भर मजदूरी कर दो वक्त की रोटी कमाने वाला एक शख्स को आयकर विभाग ने सात करोड़ रुपये से अधिक के कर बकाए का नोटिस भेजा है। मजदूर के हाथ में नोटिस आया, तो उसके और उसके परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। फिलहाल नोटिस को हाथ में लेकर अब गरीब मजदूर पूरे मामले में न्याय के लिए उच्च अधिकारियों से गुहार लगाने की तैयारी में है। जिससे उसके साथ इंसाफ हो सके और जो लोग दोषी है उनको सजा मिल सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के माधौगंज थाना क्षेत्र के रुदामऊ गांव निवासी मजदूर गोविंद कुमार को आयकर विभाग ने 7 करोड़ 15 लाख 92 हजार 786 रुपये का नोटिस थमा दिया जबकि उसके घर में खाने के लिए महीने भर का अनाज तक नहीं है। आज उसके सामने आयकर विभाग की करोड़ों की देनदारी हो गई है। नोटिस मिलने के बाद से परिवार सदमे में है । पत्नी सोनी देवी, बुजुर्ग माता-पिता की आंखों में यही सवाल है कि आखिर एक मजदूर के पास इतने करोड़ रुपये जमा करने के लिए आए तो कहां से आए। दरअसल इस कहानी की जड़ें करीब छह साल पुरानी हैं।जब काम की तलाश में गोविद कानपुर गया था। वहीं गरीबी का फायदा उठाकर उसे सरकारी मदद दिलाने का झांसा दिया गया। एक महिला उसे सीतापुर के बिसवां ले गई,जहां एचडीएफसी बैंक में उसके नाम से खाता खुलवाया गया। बदले में गो. विद को मिले सिर्फ दो-तीन हजार रुपये लेकिन उससे उसकी पासबुक और चेक. बुक ले ली गई।आशंका है कि इसी खाते के जरिए जालसाजों ने फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों का लेन-देन किया और गरीब मजदूर को मोहरा बना दिया। जब आयकर विभाग की टीम गांव पहुंची,और पुराने नोटिस व बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी दी, तो गोविद के होश उड़ गए। गोविद का बड़ा भाई कस्बे में ठेला लगाता है,छोटा भाई मजदूरी करता है।पूरा परिवार आज सिस्टम की एक बड़ी खामी का शिकार है। फिलहाल अब गोविन्द पूरे मामले में खुद को बेगुनाह साबित करने और दोषी लोगों पर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों के पास गुहार लगाने की तैयारी में है लेकिन सवाल यह है इतने बड़े ट्रांजेक्शन पर बैंक की निगरानी कहां थी और उन जालसाजों पर कार्रवाई क्या होगी जिन्होंने एक गरीब की मजबूरी को हथियार बना लिया।

### यूपी में आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए दो फरवरी से आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर नि:शुल्क दाखिले की प्रक्रिया को लेकर शासन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक (समग्र शिक्षा) कार्यालय ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1/पूर्व-प्राथमिक में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी, जिसमें आवेदन, सत्यापन, लॉटरी और दाखिले की अंतिम तिथि तय की गई है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी के स्तर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक पहले चरण में ऑनलाइन आवेदन 2 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। इसी अवधि में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/नामित अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों की जांच व सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 18 फरवरी को ऑनलाइन लॉटरी के जरिए चयन होगा, जबकि चयनित बच्चों को संबंधित निजी विद्यालयों में 20 फरवरी 2026 तक दाखिला दिलाया जाएगा। दूसरे चरण में आवेदन की तारीख 21 फरवरी से 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इस चरण में 09 मार्च 2026 को लॉटरी निकाली जाएगी और विद्यालयों को 11 मार्च 2026 तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# दुकान में लगी भीषण आग, करोड़ों का नुकसान

**फायर सर्विस व पुलिस की तत्परता से टली बड़ी दुर्घटना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ हाईवे से सटे चंद्रापुरी से लगभग 3-4 किमी दूर गबनीगांव स्थित नेगी जनरल स्टोर एवं होटल में रविवार देर रात भीषण आग लग गई। घटना की सूचना रात्रि करीब 1:30 बजे जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से प्राप्त हुई, जिसके बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर सर्विस रुद्रप्रयाग और थाना अगस्त्यमुनि की टीमें तत्काल आवश्यक उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुईं।

मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि आग ने जनरल स्टोर को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दुकान के बाहर खड़े दो वाहन भी आग की चपेट में आ गए। आसपास रिहायशी इलाका होने के कारण स्थिति और भी संवेदनशील बनी हुई थी। आग की घटना से करोड़ों का नुकसान हुआ है। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अग्निशमन विभाग के जवानों ने स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से तुरंत मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग को रिहायशी क्षेत्र में फैलने से रोक लिया। राहत एवं बचाव कार्य में रिन्यू जल ऊर्जा कुंड के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने अपने निजी वाहनों से लगातार जल आपूर्ति सुनिश्चित कर आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अग्निशमन दल के अथक प्रयासों के बाद आग पर पूर्णत: नियंत्रण पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, दुकान व वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रथम दृष्टया आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, वहीं राजस्व विभाग और पुलिस की ओर से अग्निकांड से हुई आर्थिक क्षति का विस्तृत आंकलन किया जा रहा है। फायर सर्विस रुद्रप्रयाग ने नागरिकों से अपील की है कि दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में विद्युत सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें, समय-समय पर वायरिंग की जांच कराएं तथा शॉर्ट सर्किट से बचाव के लिए आवश्यक उपकरण अवश्य लगाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है तथा आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से सतर्क रहने की अपील की, वहीं आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# अवैध अल्ट्रासाउंड का भंडाफोड़ फर्जी चिकित्सक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नगरासू क्षेत्र में बीते दिन एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां स्वयं को चिकित्सक बताने वाला एक व्यक्ति अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड मशीन का उपयोग कर भ्रूण के लिंग की जांच कर रहा था। स्थानीय लोगों को लंबे समय से उसकी गतिविधियों पर संदेह था। संदेह गहराने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस प्रशासन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, कुछ संदिग्ध दवाइयां तथा अन्य सामग्री बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी होटल व अन्य अस्थायी ठिकानों पर रुककर चोरी-छिपे भ्रूण की लिंग जांच करता था।

**जांच को लेकर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की समिति गठित**

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान उदय सिंह (69) के रूप में हुई है, जो स्वयं को बीएएमएस चिकित्सक बताता है और मूल रूप से झांसी का निवासी है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास अल्ट्रासाउंड मशीन रखने और उसका संचालन करने का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त जिला स्तरीय समिति गठित की गई है, जो आरोपी की शैक्षणिक योग्यता, दस्तावेजों और पूर्व गति. विधियों की गहन जांच करेगी। नगरासू चौकी इनकार सूरज कंडारी ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति की स्थानीय लोगों से सूचना मिली। जिसके बाद व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, उसके बाद पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन और संदिग्ध दवाइयां मिली। इसके बाद संदिग्ध पीसीपीएनडीटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग और पोली की संयुक्त समिति अग्रिम जांच करेगी

**क्या है पीसीपीएनडीटी एक्ट**

रुद्रप्रयाग। पीसीपीएनडीटी एक्ट का उद्देश्य भ्रूण लिंग जांच पर रोक लगाकर गिरते लिंगानुपात को सुधारना है। इस कानून के तहत गर्भधारण से पहले और गर्भावस्था के दौरान भ्रूण के लिंग की जांच करना पूरी तरह से गैरकानूनी है। अल्ट्रासाउंड मशीन का उपयोग केवल पंजीकृत केंद्रों और प्रशिक्षित चिकित्सकों की ओर से ही किया जा सकता है। पीसीपीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन पर दोषी पाए जाने पर तीन से पांच वर्ष तक की सजा, जुर्माना और चिकित्सकीय पंजीकरण रद्द किए जाने का प्रावधान है। प्रशासन की ओर से समय-समय पर इस कानून के तहत छापेमारी और जांच अभियान चलाए जाते हैं।

# सरकार ने किया समाधान, कांग्रेसी हंगामा सियासी नौटंकी : परिहार

**धामी सरकार के मुद्दों के समाधान से सड़कों पर खीज उतार रही कांग्रेस, जनता की संतुष्टि से असंतुष्ट कांग्रेस**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने कांग्रेस के लगातार किए जा रहे हंगामे और प्रदर्शन को राजनैतिक नौटंकी बताते हुए कड़े शब्दों में आलोचना की है। प्रदेश महामंत्री श्री कुंदन परिहार ने कहा, ये सब मुद्दे हाथ से निकलने पर कांग्रेस पार्टी की खीज है, क्योंकि धामी सरकार त्वरित कार्रवाई से सभी मसलों का समाधान कर रही है। वहीं आरोप लगाया कि जनता की संतुष्टि से कांग्रेस असंतुष्ट है और 27 का अपना माहौल बनाने के लिए प्रदेश का माहौल खराब करने में जुटी है।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीय करते हुए उन्होंने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के वर्तमान राजनैतिक रवैए को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अराजक बताया है। उन्होंने कहा कि जिन दो प्रमुख मुद्दों अंकिता हत्या प्रकरण और किसान आत्महत्या को लेकर उनके लोग सड़कों पर अलोकतांत्रिक तरीके से हंगामा कर रहे हैं। किसी भी सभ्य समाज में जनतांत्रिक अधिकारों के संदर्भ में जायज नहीं ठहराया जा सकता है। आप किसी बात से सहमत नहीं हैं तो शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर सकते है। नारेबाजी, काले झंडे दिखाने के प्रयास तक तो सही, लेकिन किसी को रास्ते में हंगामा कर रोकना, जानबूझकर टकराव की स्थिति पैदा करना, कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनना, किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार के सख्त रुख और कठोर करवाई से बेटी अं. कता के हत्यारों को उम्र कैद की सजा दिलवाई गई थी। बावजूद इसके हाल में संशय और भ्रम की स्थिति आने के बाद पीड़ित परिवार की राय से सीबीआई जांच की घोषणा भी कर दी गई है। इसी तरह, काशीपुर में किसान आत्महत्या को लेकर भी कुमायूं कमिश्नर जांच कर रहे है। दोनों ही प्रमुख मुद्दे जो विपक्ष उठा रहा है उन पर सरकार द्वारा पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से करवाई की गई है। जिसको लेकर प्रदेश जनता भी संतुष्ट है और जांच के परिणाम का इंतजार कर रही है। लेकिन जिस तरह का अराजक व्यवहार कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कर रहे हैं वह बेहद अफसोसजनक एवं गैर जिम्मेदारना है। साफ नजर आ रहा है कि दोनों प्रमुख मुद्दों के हाथ से निकलने की खीज उनसे यह सब करवा रही है।

# आशा कार्यकर्ता हमारे स्वास्थ्य तंत्र की नींव: डॉ.रश्मि पंत

## स्टेट आशा मेंटरिंग ग्रुप कोर समिति की बैठक आयोजित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड नं सोमवार को स्टेट आशा मेंटरिंग ग्रुप कोर समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड डॉ. रश्मि पंत ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में आशा कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका को और अधिक प्रभावी, सुदृढ़ एवं परिणामोन्मुख बनाना रहा।

डॉ. रश्मि पंत निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड ने कहा आशा कार्यकर्ता हमारे स्वास्थ्य तंत्र की नींव हैं, जो समुदाय और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच सेतु का कार्य करती हैं। प्रभावी मेंटरिंग के माध्यम से हम उनकी क्षमताओं को और अधिक सशक्त बना सकते हैं। हमारा प्रयास है कि वीएचएनडी, पीएलए बैठकों एवं अन्य साम. ुदायिक मंचों के माध्यम से उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुँचे। प्रोग्राम स्पेसिफिक दृष्टिकोण के साथ एक संरचित मेंटरिंग ढांचे के विकास से आशा कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास, कार्यकुशलता एवं परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जिससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति और अधिक प्रभावी रूप से हो सकेगी। बैठक में निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड डॉ. रश्मि पंत के मार्गदर्शन में यह निर्देशित किया गया कि आशा मेंटरिंग के माध्यम से वीएचएनडी, पीएलए बैठकों, जन आरोग्य समिति तथा अन्य साम. ुदायिक मंचों पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के लाभों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। राज्य में आशा मेंटरिंग समूह की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त, प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान सहायक निदेशक (कम्युनिटी प्रोसेसेज) डॉ. अजय कुमार नागरकर ने आशा कार्यक्रम पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया । उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत समुदाय स्तर पर रोकथाम, स्वास्थ्य संवर्धन एवं स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रही हैं। डॉ. नागरकर ने प्रभावी मेंटरिंग के माध्यम से आशा कार्यकर्ताओं की क्षमताओं को और अधिक निखारा जा सकता है। बैठक में डॉ. कौशिकी, डॉ. अंकित, डॉ. हिमांशु, डॉ. पल्लवी धौलाखंडी, सीमा मेहरा सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं संबद्ध संस्थानों के अन्यअधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।



### आशा मेंटरिंग प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए अपने-अपने सुझाव किए साझा

बैठक में उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि मेंटरिंग के दौरान स्थानीय आवश्यकताओं, भौगोलिक परिस्थितियों एवं समुदाय की सामाजिक संरचना को ध्यान में रखा जाए, ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी हो सके। सभी प्रतिभागियों ने आशा मेंटरिंग प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए अपने-अपने सुझाव साझा किए। यह पहल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड के अंतर्गत जनस्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने, समुदाय की भागीदारी बढ़ाने तथा राज्य के प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

# हर बच्चा है खास ,प्रतिभा को पहचानकर आगे बढ़ाने का करें प्रयास : सीएस

**मुख्य सचिव ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए से छात्र-छात्राओं से बातचीत, आनन्द बर्द्धन ने किया शशिक्षा की बातश कार्यक्रम में प्रतिभाग**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को ननूरखेड़ा स्थित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय पहुंचकर शशिक्षा की बातश कार्यक्रम के तहत् प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की।

कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि हर बच्चा खास होता है। उसमें कोई न कोई विशेषता अवश्य होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्रतिभा पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं परिजनों से भी अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की प्रतिभा को पहचानते हुए आगे बढ़ाने का प्रयास करें। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों द्वारा तैयार साइंस प्रोजेक्ट्स का भी अवलोकन किया एवं उनसे बात. चीत की। छात्रों के प्रोजेक्ट्स की प्रशंसा करते हुए उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए बच्चों को देहरादून भ्रमण कराये जाने की भी बात कही। कहा कि कौशल विकास विभाग के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भी भ्रमण कराया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के भ्रमण कार्यक्रम भी लगातार आयोजित किए जाने चाहिए। इससे उनको किताबी ज्ञान के अलावा अन्य बहुत सा व्यावहारिक ज्ञान और जानकारियां मिलेंगी।

इस अवसर पर सचिव रविनाथ रमन एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा मुकुल सती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों, प्रोफेसर के साथ लगातार करायी जाए बातचीत

मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए इसमें उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों, प्रोफेसर और विभिन्न क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहे व्यक्तियों से बातचीत कराते हुए बच्चों का मार्गदर्शन करने का अवसर दें। उन्होंने शिक्षा की बात कार्यक्रम को अन्य सभी विद्यालयों में भी शुरू किए जाने की बात कही। कहा कि क्लस्टर विद्यालयों से इसकी शुरूआत करते हुए सभी क्लस्टर विद्यालयों को इससे जोड़ा जाए।

### कहा - मोबाईल और तकनीक पर हम कंट्रोल करें, न कि मोबाईल और तकनीक हम पर

बच्चों से चर्चा के दौरान मुख्य सचिव ने महत्त्वपूर्ण सीख देते हुए कहा कि आज मोबाईल और तकनीक का युग है, मगर मोबाईल और तकनीक पर हमारा कंट्रोल हो, न कि वो हमें कंट्रोल करें। उन्होंने कहा कि किताबें, खेल और रचनात्मक सोच आपको मजबूत बनाते हैं। सभी पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

### मेहनत और अनुशासन हमें बनाते हैं बेहतर

मुख्य सचिव ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्ट-कट नहीं है। इसके लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करनी होती है। मेहनत और अनुशासन हमें बेहतर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अच्छा मनुष्य, अच्छा नागरिक बनकर देश और समाज के प्रति जिम्मेदारियां निभानी है। इसके लिए सभी शिक्षकों और अभिभावकों को भी अपने बच्चों को देश का जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी।

# सरकार ग्रामीण रोजगार के अधिकार पर कर रही हमला: शैलजा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**



**देहरादून।** केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से मनरेगा योजना के नाम और स्वरूप में बदलाव कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अधिकार पर किए जा रहे हमलों के विरोध में कांग्रेस पार्टी देशभर में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान चला रही है। इसी क्रम में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 8 जनवरी 2026 से जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश में चल रहे इस अभियान की समीक्षा के लिए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा की अध्यक्षता में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की एक जूम बैठक आयोजित की गई।


बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, सहप्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, सीडब्ल्यूसी सदस्य गुरदीप सप्पल, सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, एआईसीसी सचिव काजी निजामुद्दीन, चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत, मनरेगा समन्वय समिति सदस्य एवं विधायक विक्रम सिंह नेगी सहित अनेक वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर कर ग्रामीण गरीबों के रोजगार के अधिकार पर हमला कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित पार्टी के सभी संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। सैलजा ने बताया कि 22 जनवरी को दिल्ली में देशभर के अभियान की समीक्षा बैठक प्रस्तावित है, इससे पहले प्रदेश स्तर पर भी बैठक की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बताया कि प्रदेश में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी दिनों में विधानसभा और राज्य स्तर पर घेराव कार्यक्रम भी किए जाएंगे। गोदियाल ने यह भी बताया कि कांग्रेस ने पहले से ही मनरेगा कांग्रेस प्रकोष्ठ का गठन कर रखा है, जो अब गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को रोजगार छीनने की भाजपा सरकार की नीति से अवगत करा रहा है। इस अभियान में क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत और ग्राम प्रधानों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है।

# जोशी के निर्देशों के बाद कृषि सहायकों के मानदेय में हुई बढ़ोतरी

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के निर्देशों के क्रम में न्याय पंचायतों में तैनात कृषि सहायकों के मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। कृषि सहायकों का मानदेय 8300 से बढ़ाकर 12391 कर दिया गया है, जिसका शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।गौरतलब है कि कृषि सहायक लंबे समय से मानदेय बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे। कृषि सहायकों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सचिव कृषि को आवश्यक निर्देश दिए थे, जिसके फलस्वरूप यह निर्णय लिया गया।कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि कृषि सहायक राज्य में किसानों तक सरकारी योजनाओं और तकनीकी जानकारियों को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका मनोबल बढ़ाना और उन्हें उचित पारिश्रमिक देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

# यूसीसी का एक साल:ऑनलाइन प्रक्रिया से आसान हुआ विवाह पंजीकरण




**पहले विवाह पंजीकरण के लिए सब रजिस्ट्रार ऑफिस में उपस्थित होने की थी मजबूरी, यूसीसी लागू होने के एक साल से कम समय में 4,74,447 शादियों का हो चुका रजिस्ट्रेशन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू हुए, आगामी 27 जनवरी को एक साल पूरा होने जा रहा है। महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकारों की सुरक्षा और नागरिक अधिकारों में समता कायम करने के साथ ही यूसीसी का एक महत्वपूर्ण योगदान प्रक्रियाओं के सरलीकरण के रूप में रहा है।

यही कारण है कि यूसीसी लागू होने के एक साल से कम समय में 4,74,447 शादियों का पंजीकरण हो चुका है। अब पति ख्र पत्नी कहीं से भी ऑनलाइन तरीके से विवाह पंजीकरण करवा रहे हैं। पहले उन्हें दो गवाहों के साथ तय तिथि पर सब रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था। समान नागरिक संहिता लागू होने से पहले, 'उत्तराखंड विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2010' के तहत, विवाह पंजीकृत किए जाते थे। यह पूरी प्रक्रिया ऑफलाइन थी, इसलिए पति- पत्नी को दो गवाहों के साथ विवाह पंजीकरण के लिए सब रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था।

उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता लागू करते हुए, अन्य राज्यों को दिशा दिखाई है। बीते एक साल में जितनी पारदर्शी और सरलता से यूसीसी के प्रावधानों को लागू किया गया है, उससे लोगों में पूरी प्रक्रिया के प्रति विश्वास बढ़ा है। यही कारण है कि अब बड़ी संख्या में लोग यूसीसी के तहत पंजीकरण करवा रहे हैँ। उत्तराखंड समान नागरिक संहिता हर तरह से एक मॉडल कानून साबित हुआ है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**



लेकिन यूसीसी के लगभग शत प्रतिशत विवाह पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से हो रहे हैं। जिसमें दंपत्ति या गवाह कहीं से भी, अपने रिकॉर्ड और वीडियो बयान दर्ज करा, पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। यही कारण है कि यूसीसी लागू होने के बाद एक साल से कम समय में सोमवार, 19 जनवरी 2026 की दोपहर तक 4,74,447 विवाह पंजीकरण सम्पन्न हो चुके हैं। इस तरह प्रतिदिन औसत पंजीकरण की संख्या 1400 के करीब पहुंच रही है, कि पिछले अधिनियम में विवाह पंजीकरण का औसत प्रतिदिन 67 का आता था। यही नहीं इस दौरान, 316 लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से ही विवाह विच्छेद करने और 68 ने लिवइन रिलेशनशिप में जाने जबकि 02 ने लिवइन रिलेशनशिप समाप्त करने का प्रमाणपत्र भी प्राप्त किया है।

**औसत पांच दिन पंजीकरण:** यूसीसी तहत यूं तो आवेदन के बाद विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 15 दिन की समय सीमा तय है, लेकिन आवेदन करने के बाद औसत पांच दिन के भीतर ही पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त हो रहा है। जबकि पुराने अधिनियम में एक तो आवेदकों को भौतिक तौर पर पंजीकरण कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था, उस पर विवाह पंजीकरण के लिए समय सीमा भी तय नहीं थी।

# राज्यपाल ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने उत्तराखण्ड की रजत जयंती और नैनीताल लोक भवन के 125 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रपति के आगमन पर आधारित दो कॉफी टेबल बुक भेंट की। राज्यपाल ने राष्ट्रपति से उत्तराखण्ड द्वारा टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों और राज्य की प्रगति पर भी चर्चा की।

# जनता दरबार में उठे अवैध शराब व पेयजल किल्लत के मुद्दे

**टिहरी में सीडीओ ने सुनी जनसमस्याएं**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी के निर्देशन में सोमवार को जिला सभागार नई टिहरी में आयोजित जनता दरबार में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने आम जनमानस की समस्याएं सुनीं। इस दौरान फरियादियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 45 आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए। जनता दरबार में सीडीओ ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लम्बित शिकायतों की विभागवार गहन समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लम्बित शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाई जाए और शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत वार्ता कर उनकी समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीएम उद्यमशाला योजना पर भी चर्चा की गई, जिसमें सीडीओ ने ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों की आजी. विका बढ़ाने, ब्रांड विकास और बिजनेस डेवलपमेंट कौशल के लिए कृषि, उद्यान, उद्योग और पर्यटन विभाग को लाभार्थियों की सूची जल्द उपलब्ध कराने को कहा।

प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता और सरकारी संपत्ति के संरक्षण को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे 15 फरवरी 2026 तक अपनी विभागीय परिसंपत्तियों का ब्यौरा यूकेजीएएमएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। इसके साथ ही पोर्टल पर पंजीकृत सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की समय-समय पर जांच करने और जहां अतिक्रमण पाया जाता है, वहां तत्काल कार्रवाई कर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। आपदा प्रबंधन के तहत विभागों को राज्य आपदा मोचन निधि मद में प्रस्तावित विभागीय क्षतियों के आंकलन नए मानकों के अनुसार तैयार कर शाम तक उपलब्ध कराने को कहा गया। साथ ही नई टिहरी में अधिकारियों और कर्मचारियों को आवंटित आवासों की सूची एम्प्लॉई कोड सहित तलब की गई और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यों में गति लाने की हिदायत दी गई।

जनता दरबार में ग्रामीणों ने अपनी जमीनी समस्याएं भी प्रमुखता से रखीं। ग्राम पंचायत चौण्ड जसपुर की प्रधान पुष्पा ने लामरीधार-अंजनीसैंण मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पेयजल लाइनों का मुद्दा उठाया, जिस पर लोनिवि और पेयजल विभाग को तत्काल निरीक्षण के निर्देश दिए गए। वहीं, चौण्ड जसपुर निवासी वीर सिंह ने लामरीधार-चौण्ड जसपुर मार्ग का नाम शहीद विनोद सिंह भण्डारी के नाम पर रखने की मांग की, जिसे जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंपा गया। पालकोट निवासी भगवान सिंह ने सड़क निर्माण से खेत को हुए नुकसान का मुआवजा मांगा। जिला पंचायत सदस्य मंदार विजयपाल सिंह रावत ने स्यूरी में जल संरक्षण टैंक बनाने और जीर्ण-शीर्ण प्राथमिक विद्यालय मंदार के नवनिर्माण की गुहार लगाई। इसके अतिरिक्त दरबार में विकासखंड प्रतापनगर के राजकीय इंटर कॉलेज भैंतलाखाल के समीप अवैध शराब की बिक्री, बडोन गांव में सौर ऊर्जा लाइट लगाने और लामकाण्डे से हटवाल गांव की नहर पर सुरक्षा दीवार बनाने जैसे मामले भी छाए रहे। सीडीओ ने इन सभी शिकायतों पर संबंधित विभागों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी पुनर्वास स्नेहिल कुंवर, एसडीएम घनसाली अलकेश नौडियाल, सीएमओ श्याम विजय, पीडी डीआरडीए पीएस चौहान और डीडीओ मो. असलम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**रुद्रप्रयाग।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में कल (आज)जिला कार्यालय सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगें।

इस दौरान गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श व चर्चा की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभागार में अपराह्न 1:30 बजे से बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों से निर्धारित समय से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की।

## बीरोंखाल में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन

**86 लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में जनपद के विकासखंड बीरोंखाल की न्याय पंचायत डुमैला मल्ला में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर में अधिकारियों ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और 11 शिकायतें दर्ज हुई, जबकि 86 पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में लगभग 204 स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया ।शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी थलीसैंण कृष्णा त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि जनपद की सभी न्याय पंचायतों में अलग-अलग तिथियों में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों से पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का निस्तारण शिविर स्थल पर नहीं हो सका है। शिविर में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल विकास, वन, राजस्व, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, पशुपालन, कृषि, उद्यान सहित कुल 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र लाभार्थियों को मौके पर लाभ भी प्रदान किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख नेहा नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख कुलदीप नेगी, नोडल अधिकारी शिविर एवं कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी राजबीर सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग लोकेश सारस्वत, तहसीलदार शंकर सिंह, खंड विकास अधिकारी सुदर्शन सिंह बुटोला सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे ।

## स्मैक के साथ 2 नशा तस्कर किए गिरफ्तार

**बरेली से स्मैक लाकर कोटद्वार क्षेत्र में बेचते थे तस्कर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देशन में जनपद को नशा-मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत कोटद्वार पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है।

कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा शनिवार को संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान दो नशा तस्करों सचिन रावत पुत्र हरेंद्र रावत , निवासी नयागांव, बलभद्रपुर, कोटद्वार एवं आयुष रतूड़ी पुत्र मनोज रतूड़ी, निवासी नेगी चौक, पदमपुर, कोटद्वार को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से कुल 7. 19 ग्राम स्मैक बरामद की गई ।प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे स्वयं नशे के आदी हैं तथा नशे की पूर्ति एवं अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से बरेली से स्मैक लाकर कोटद्वार क्षेत्र में फुटकर दामों में बिक्री करने की फिराक में थे। उक्त बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली कोटद्वार में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही मामले में नशा तस्करी से जुड़े अन्य संभावित लिंक एवं स्रोतों की भी गहनता से जांच की जा रही है।

# 28 मेधावी छात्रों का दल राजस्थान रवाना

**पालिकाध्यक्ष व सीडीओ व ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केंद्र सरकार की पीएमश्री योजना के अंतर्गत चयनित पीएमश्री विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राएं पांच दिवसीय शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट को लेकर राजस्थान के लिए रवाना हो गए हैं। यह पहल सरकारी विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

शैक्षणिक भ्रमण में जनपद के सात पीएमश्री विद्यालयों से 4-4 मेधावी विद्यार्थी, कुल 28 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हैं। विद्यार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत एवं नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने हरी झंडी दिखाकर विधिवत रूप से रवाना किया।

यात्रा के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं अनुशासन सुनिश्चित करने को लेकर चार अनुरक्षक (एस्कॉर्ट) दल साथ भेजे गए हैं।

शैक्षणिक दल मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय से सोमवार को प्रातः 9 बजे रवाना हुआ। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं राजस्थान के जयपुर एवं उदयपुर जैसे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगरों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों, आधुनिक शैक्षणिक संस्थानों तथा नवीन शिक्षण पद्धतियों को निकट से समझने का अवसर प्राप्त होगा। एक्सपोजर विजिट विद्यार्थियों के ज्ञान, दृष्टिकोण, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी। यह कार्यक्रम इस बात का सशक्त उदाहरण है कि आज सरकारी विद्यालय भी गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं अनुभव आधारित शिक्षा की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। निश्चित रूप से यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा उन्हें भविष्य के लिए बेहतर शैक्षणिक एवं जीवन कौशल प्रदान करेगा।

## चौहान के आश्वासन पर आपदा प्रभावितों का धरना स्थगित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट/उत्तरकाशी।** तहसील बड़कोट के स्याना चट्टी में तीन गांवों के आपदा पीड़ितों द्वारा बीते 16 जनवरी से चल रहे क्रमिक अनशन भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के आश्वासन पर समाप्त हो गया है।

सोमवार भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान और उपजिलाधिकारी बड़कोट बृजेश तिवारी धरना स्थल स्याना चट्टी पहुंच कर पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान आपदा प्रभावित परिवारों ने अपनी विभिन्न मांगों और कठिनाइयों से अवगत कराया । श्री चौहान ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए धरना स्थल से जिलाधिकारी उत्तरकाशी प्रशांत आर्य से दूर भाष पर संपर्क किया जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया । धरने पर बैठे पीड़ितों ने आश्वासन पर धरने को स्थगित कर दिया ।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, उपजिलाधिकारी बड़कोट बृजेश तिवारी जयपाल रावत,संदीप राणा ,चित्रमोहन राणा , कुलदीप रावत ,जयदेव राणा, शोबन सिंह, महावीर पंवार, कुंसाल प्रधान, त्रिखेली प्रधान,कुपडा़ प्रधान ,विपिन आदि लोग मौजूद रहे है।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष मानसून सीजन में स्याना चट्टी में झील बनी थी जिसके चलते स्थानीय तीन गांवों के लोग प्रभावित हुए थे।

## 30 दिनों से कूड़े को लेकर धरना जारी

**नगर पालिकाध्यक्ष के आश्वासन के बाद माने प्रदर्शनकारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** नगरपालिका के उत्तरकाशी के तांबाखानी में कूड़े के निस्तारण को लेकर बीते 30 दिनों से चल रहा आंदोलन अचानक गरमा यूकेडी जिला अध्यक्ष संतोष सेमवाल ने मां गंगा को बचाने के लिए जल समाधि लेने का पहुंच गए थे। घटना के बाद पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और आनन-फानन में मणिकर्णिका गंगा घाट पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया।

घटना के बाद नगरपालिका अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने प्रदर्शन कारी संतोष सेमवाल समेत अन्य आंदोलनकारियों को 30 दिनों के भीतर कूड़े के निस्तारण का आश्वासन दिया। जिसके बाद प्रदर्शन ने गंगा जल समाधि छोडी

उल्लेखनीय उत्तरकाशी के तांबाखानी सुरंग के मुहाने पर लगे कूडे के ढ़ेर को उठाने के लिए पिछले 30 दिनों से सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ सिंह रावत के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। उधर कूड़े के निस्तारण को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ सिंह रावत के साथ आज भी अनिश्चितकालीन धरने का 30 वें दिन भी जारी रहा। अभी तक नगर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से ठोस निर्णय नहीं आ पाया है। अगर प्रशासन ऐसे मूकदर्शक बना रहा तो हम जल्द ही उग्र आंदोलन करेंगे।

धरने पर सागर भंडारी, शाश्वत भंडारी, संतोष सेमवाल, वरिष्ठ यूकेडी नेता विष्णु पाल सिंह रावत, अजय पंवार, आशीष सौन्दाल आदि मौजूद रहे।

## कस्तूरबा गांधी दिवस पर सम्मान के लिए प्रतिभाओं की तलाश शुरू

**22 को लंबगांव में होगी महत्वपूर्ण बैठक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र में समाज सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रतापनगर नागरिक सम्मान मंच ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में आगामी 22 जनवरी को लंबगांव में मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। मंच के अध्यक्ष धूम सिंह रांगड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 22 फरवरी को कस्तूरबा गांधी दिवस के पावन अवसर पर नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष आयोजित होने वाले समारोह को भव्य और गरिमामयी बनाने के उद्देश्य से 22 जनवरी की बैठक में विस्तृत चर्चा की जाएगी। धूम सिंह रांगड़ ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा इस वर्ष सम्मानित होने वाले पात्र व्यक्तियों का चयन और चिन्हांकन करना है।

इसके अतिरिक्त, संस्था के वार्षिक आय-व्यय के लेखा-जोखा पर विचार-विमर्श करने के साथ ही आगामी कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा भी तय की जाएगी।

उन्होंने मंच के सभी पट्टी संयोजकों और पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं, ताकि सामूहिक निर्णय से कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

# निराश्रित गोवंशों को मिला सुरक्षित आश्रय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिला प्रशासन एवं नगर पंचायत अगस्त्यमुनि के संयुक्त प्रयासों से निर्मित गौधाम (गौ सेवा भवन) का विधिवत लोकार्पण सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अगस्त्यमुनि राजेन्द्र प्रसाद गोस्वामी एवं जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन ने संयुक्त रूप से किया। यह पहल क्षेत्र में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

खेल मैदान अगस्त्यमुनि के समीप निर्मित निराश्रित गौवंश शाला का लोकार्पण विधिदृविधान से पूजादृअर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर गौ पूजन कर गौ माता को भोग अर्पित किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि जिला प्रशासन, नगर पंचायत, व्यापार मंडल एवं आम नागरिकों के सामूहिक सहयोग से ही इस गौशाला का निर्माण संभव हो सका है। उन्होंने बताया कि यह अगस्त्यमुनि क्षेत्र की पहली गौशाला है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में, विशेषकर शहरी



क्षेत्रों में निराश्रित गोवंशों की समस्या के समाधान हेतु गौशालाओं के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में प्राकृतिक चारे की कमी के कारण निराश्रित गोवंशों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस गौशाला के निर्माण से नगर क्षेत्र के निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध हो सका है। उन्होंने जानकारी दी कि अगस्त्यमुनि नगर क्षेत्र में एक अन्य गौशाला के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसका निर्माण जिला खनन निधि से प्रस्तावित है। वर्तमान गौशाला की क्षमता 53 गोवंशों की है, जबकि तिलवाड़ादृसुमाड़ी क्षेत्र में भी गौशाला निर्माण के प्रस्ताव हैं, जिससे भविष्य में लगभग 190 गोवंशों के संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गोस्वामी ने जिलाधिकारी सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापार मंडल एवं आम नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निरंतर जनसहयोग से ही इस गौ सेवा भवन का निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों से रोटी व अन्य भोजन सामग्री लाकर गौ माता की सेवा में योगदान दें।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत, उपजिलाधिकारी उखीमठ अनिल शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत, किसान नेता भोपाल चौधरी, व्यापार संघ अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह नेगी, पूर्व अध्यक्ष प्रधान संगठन विजयपाल राणा, मंदाकिनी शरद उत्सव समिति अध्यक्ष हर्षवर्धन बेंजवाल, जिला अध्यक्ष गौ रक्षा विभाग रो. हित डिमरी, दीपक नौटियाल, अंकित राणा, कमल भट्ट, संदीप कोठारी सहित बड़ी संख्या गौ भक्त मौजूद थे।

# ऊखीमठ पहुंची चोपता फलासी की भगवती चण्डिका

**ओंकारेश्वर मन्दिर में शिव-शक्ति का मिलन, भक्तों ने की पुष्प वर्षा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** तल्लानागपुर के ग्रामीणो की कुल देवी व चोपता फलासी मे जगत कल्याण के लिए तपस्यारत भगवती चण्डिका की 25 वर्षो बाद आयोजित दिवारा यात्रा के भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओकारेश्वर मन्दिर पहुंचने पर मन्दिर समिति के विद्वान आचार्यो, अधिकारियो, कर्मचारियो व ग्रामीणो ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जबकि पठाली गांव मे महिलाओ व ग्रामीणो



ने दिवारा यात्रा को भावुक क्षणो के साथ विदा किया।

भगवती चण्डिका की दिवारा यात्रा के ओकारेश्वर मन्दिर ऊखीमठ आगमन पर भगवान केदारनाथ व भगवान मदमहेश्वर के 25 वर्षो बाद ऐतिहासिक मिलन के हजारो श्रद्धालु साक्षी बने। 25 वर्षो बाद दिवारा यात्रा के ऊखीमठ आगमन से क्षेत्र मे भक्ति व आस्था का अनूठा संगम बना हुआ है। भगवती चण्डिका इन दिनो उत्तर दिवारा के तहत विभिन्न गांवो का भ्रमण कर ग्रामीणो की कुशलक्षेम पूछकर आशीर्वाद दे रही है। मंगलवार को भगवती चण्डिका की दिवारा यात्रा ओकारेश्वर मन्दिर से विदा होकर विभिन्न यात्रा पडाघ्वो पर श्रद्धालुओ को आशीर्वाद देते हुए रात्रि प्रवास के लिए भीरी पहुंचनेगी। भगवती चण्डिका के दिवारा यात्रा के ऊखीमठ आगमन पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, नगर पंचायत अध्यक्ष कुब्जा धर्म्वाण व बीकेटीसी ने दिवारा यात्रा मे साथ चलने वाले श्रद्धालुओ के लिए विशेष व्यवस्था की गई। लगभग 6 माह तक भगवती चण्डिका चारो दिशाओ का भ्रमण करेगी तथा चारो दिशाओ के भ्रमण के बाद घर दिवारा के तहत भगवती चण्डिका विभिन्न गांवो का भ्रमण करेगी व विशाल यज्ञ के साथ 25 वर्षो बाद आयोजित दिवारा यात्रा का समापन होगा। सोमवार को पठाली गांव मे विद्वान आचार्यो आचार्य जगदम्बा बेजवाल, त्रिलोचन भट्ट, दिनेश बेजवाल, मनीष बेजवाल ने ब्रह्म बेला पर पंचाग पूजन के तहत अनेक पूजाये संपंन कर भगवान केदारनाथ, मदमहेश्वर, ओकारेश्वर महादेव, भोलेश्वर महादेव व भगवती चण्डिका सहित 33 कोटि देवी-देवताओ का आवाहन कर आरती उतारी गई। ठीक 10 बजे भगवती चण्डिका की दिवारा यात्रा ने पठाली गांव का नगर भ्रमण कर ग्रामीणो की कुशलक्षेम पूछकर आशीर्वाद दिया।

ओकारेश्वर मन्दिर पहुंचने पर ग्रामीणो ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। दिवारा यात्रा समिति अध्यक्ष मानवेंद्र बर्त्वाल ने बताया कि भगवती चण्डिका उत्तर दिवारा के तहत ऊखीमठ क्षेत्र का भ्रमण कर रही है। आगामी दिनो मे दिवारा भीरी, चन्द्रापुरी, अगस्तमुनि क्षेत्रो का भ्रमण करेगी तथा इस दौरान अनेक धार्मिक, आध्यात्मिक, पौराणिक परम्पराओ का निर्वहन किया जायेगा। इस मौके पर राज्य मंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट, वरिष्ठ पुजारी शिव शंकर लिंग, बागेश लिंग, कनिष्ठ प्रमुख प्रदीप त्रिवेदी, प्रधानाचार्य वीपी किमोठी, बीकेटीसी सदस्य विनीत पोस्ती, राज्य महिला आयोग सदस्य दर्शनी पंवार, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख प्रबल सिंह नेगी, प्रबन्धक कल्याण सिंह नेगी, उपाध्यक्ष दलवीर राणा, कोषाध्यक्ष यशवन्त सिंह नेगी, सचिव पूर्ण सिंह खत्री, व्यापार संघ अध्यक्ष राजीव भटट, दीपक कुवर सभासद सरला रावत, सते सिंह नेगी, प्रधान मनवर नेगी, रमेश नौटियाल, नवदीप नेगी, पूर्व क्षेपंस ऊषा भट्ट, यशपाल रावत, नीरज नेगी, सुनील राणा, धीर सिंह नेगी, प्रदीप बर्त्वाल, मुकेश मेवाल, मनीष मेवाल, दीपक पंवार, सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर .......

### झुलसी महिला की पूर्व सैनिकों ने की मदद

**कोटद्वार।** तीन दिन पूर्व निंबूचौड़ में खाना बनाते समय आग की चपेट में आने से झुलसी महिला को पूर्व सैनिक संघर्ष समिति कोटद्वार के सदस्यों ने आर्थिक मदद दी है ।समिति ने अन्य संगठनों से भी महिला की मदद के लिए आगे आने की अपील की है । समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि भाबर क्षेत्र के अंतर्गत निंबूचौड़ में घर में खाना बताते समय संगीता देवी झुलस गई थी।

गंभीर हालत में स्वजनों ने उसे राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके कारण महिला के स्वजनों को दवा व अन्य स्वास्थ्य सेवा लेने में परेशानी हो रही थी। बताया कि समिति ने महिला को 15 हजार पांच सौ रुपये की आर्थिक मदद दी है। साथ ही यदि महिला व उनके स्वजनों को आगे भी मदद की आवश्यकता पड़ी तो समिति उनके साथ खड़ी रहेगी। वहीं, समिति के सदस्यों ने बेस अस्पताल में चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की भी जानकारी ली। कहा कि बेस अस्पताल में प्रत्येक मरीज को बेहतर सुविधा मिलें इसके लिए शासन-प्रशासन को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। इस मौके पर मेहरबान सिंह, देवेंद्र बिष्ट, अंसुया प्रसाद सेमवाल, अंसुया प्रसाद गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### देहरादून में 75वें आउटलेट का किया उद्घाटन

**देहरादून।** पिज्जा और बर्गर ब्रांड रोमिनस पिज्जा एंड बर्गर ने देहरादून के जाखन, राजपुर रोड पर अपने 75वें आउटलेट के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही ब्रांड अब 9 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 31 से अधिक शहरों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है।

"मेड इन इंडिया, मेड बाय इंडियंस, मेड फॉर एवरी इंडियन" की सोच के साथ स्थापित रोमिनस, आज भारत के सबसे तेजी से बढ़ते स्वदेशी क्यूएसआर ब्रांड्स में शामिल है। ब्रांड अपने 100 प्रतिशत हैंड-टॉस्ड डो से बने ताजा पिज्जा और बर्गर के लिए जाना जाता है, जो गुणवत्ता और किफायत का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। देहरादून आउटलेट के उद्घाटन अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष फूड टेस्टिंग, इंटरएक्टिव गति. विधियाँ और सीमित समय के ऑफर आयोजित किए गए, जिन्हें शहरवा. सियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। इस अवसर पर ब्रांड के प्रवक्ता ने कहा कि, "75वें से अधिक आउटलेट तक पहुँचना हमारे लिए केवल विस्तार नहीं, बल्कि एक स्वदेशी फूड मूवमेंट को मजबूत करने की दिशा में कदम है। देहरादून हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम यहाँ अपनी सेवाएँ शुरू करके बेहद उत्साहित हैं।"

### दर्ज 40 शिकायतों में से सभी का मौके पर निस्तारण

**रुद्रप्रयाग।** जिला अधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी की अध्यक्षता में राइंका जवाड़ी में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने 40 शिकायतें दर्ज की, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना है, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को संवे. दनशीलता और जिम्मेदारी के साथ शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों ने अपने-अपने सूचना एवं सेवा स्टॉल लगाए।

इन स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, लाभकारी कार्यक्रमों एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों ने योजनाओं से संबंधित जानकारी लेकर उन्हें अपनाने में रुचि भी दिखाई। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**श्रीनगर।** डालमिया धर्मशाला में सोमवार को राजकीय शिक्षक संघ ने शिक्षक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नवनिर्वाचित गढ़वाल मंडल, जनपदों एवं ब्लॉकों की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आगामी राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अधिवेशन में महामंत्री पद को लेकर चर्चा की गई। जिसमें गढ़वाल मंडल के पूर्व मंडल मंत्री शिव सिंह नेगी ने अपने सांगठनिक अनुभवों को साझा करते हुए पूर्व जिला मंत्री रूद्रप्रयाग रहें कुलदीप सिंह कंडारी को महामंत्री पद के लिए सबसे उपयुक्त प्रत्याशी बताते हुए उनके नाम का प्रस्ताव रखा। सदन में रखे प्रस्ताव पर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं चार जनपदों के शिक्षकों द्वारा ध्वनिमत से समर्थन किया गया। इस अवसर पर जनपद शिक्षक संघ के टिहरी जिलाध्यक्ष दिलवर सिंह रावत, पौड़ी जिलाध्यक्ष भवान सिंह नेगी, रूद्रप्रयाग जिलाध्यक्ष आलोक रौथाण, पूर्व संरक्षक मनोज काला ने कुलदीप सिंह कंडारी के विगत वर्षों में किए गए कार्यों को सदन में रखा। राजकीय शिक्षक संघ के गढ़वाल मंडल के अध्यक्ष जयदीप सिंह रावत ने कहा शिक्षकों ने मुझ पर भरोसा किया है उसपर वह खरा उतर कर कार्य करेंगे। कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए वह प्रयासरत रहेगे। मौके पर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष खिर्सू, अब्बल सिंह पुंडीर, ओमप्रकाश बडोनी, राजेश सेमवाल, पंकज भट्ट , महेंद्र सिंह कठैत, जसपाल सिंह गुसांई, रणवीर सिंह पंवार सहित आदि मौजूद थे।

### सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर में लगाई जायेगी थ्रीडी लाइटें

**श्रीनगर।** उत्तराखंड की रक्षक मानी जाने वाली सिद्धपीठ धारी देवी के मंदिर को अब रात्रि के समय और भी भव्य और अलौकिक रूप देने को लेकर पर्यटन विभाग ने एक पहल कि है। पर्यटन विभाग ने मंदिर परिसर में अत्याधुनिक थ्री-डी फसाड लाइटिंग लगाने कि योजना बनाई है। इसको लेकर पर्यटन विभाग पौड़ी ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से भी वार्ता कर ली है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मंदिर के आध्यात्मिक वातावरण को संवारने के साथ-साथ रात्रि पर्यटन को बढ़ावा देना और पर्यटकों को आकर्षित करना है।

जिला पर्यटन अधिकारी केएस नेगी ने बताया कि अलकनंदा नदी के बीचों-बीच स्थित धारी देवी मंदिर अपनी धार्मिक मान्यताओं के लिए विश्व प्रसिद्ध है। बताया कि पर्यटन विभाग की इस नई पहल के तहत, मंदिर परिसर में विशेष थ्री-डी लाइटें लगाई जाएंगी, जो विभिन्न रंगों और आकृतियों के माध्यम से मंदिर के पौराणिक महत्व को प्रदर्शित करेंगी। यह लाइटिंग सिस्टम न केवल मंदिर की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि दूर से ही श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा। कहा कि इससे श्रीनगर और आसपास के क्षेत्रों में रुकने वाले पर्यटकों और रात्री में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए धारी देवी मंदिर का यह नया स्वरूप एक प्रमुख आकर्षण होगा। इससे स्थानीय व्यापार और होमस्टे संचालकों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है।बताया कि इस पहल को जिलाधिकारी गढ़वाल स्वाती एस भदौरिया के सम्मुख भी रखा गया है। साथ ही मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने भी इसकि सरहाना की है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के ओर से पैसा मिलते ही योजना पर कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

## प्राधिकरण के पीले पंजे का अवैध प्लॉटिंग पर करारा प्रहार जारी

# एमडीडीए ने 27 बीघा में फैली अवैध प्लॉटिंग की ध्वस्त

■ घमंडपुर, रानीपोखरी व थानों में क्षेत्र में की गई कार्रवाई, बिना स्वीकृत ले-आउट, बिना भूमि उपयोग परिवर्तन तथा बिना प्राधिकरण की अनुमति के अवैध रूप से की जा रही थी भू-खण्डों की बिक्री



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की और से सोमवार को प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अनियोजित विकास एवं अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सख्त कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारियों के निर्देशों के क्रम में पूर्णतः वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए संपन्न कराई गई। जांच में पाया गया कि बिना स्वीकृत ले-आउट, बिना भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) तथा बिना प्राधिकरण की अनुमति के कृषि एवं अन्य श्रेणी की भूमि पर अवैध रूप से प्लॉटिंग कर भू-खण्डों की बिक्री की जा रही थी।

प्राधिकरण ने ऐसे मामलों का संज्ञान लेते हुए पूर्व में संबंधित स्थलों का निरीक्षण किया तथा नियमानुसार संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई, ताकि अनधिकृत कॉलोनियों के विकास पर प्रभावी रोक लगाई जा सके और क्षेत्र में सुनियोजित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

प्राधिकरण की टीम द्वारा घमंडपुर, रानीपोखरी, देहरादून क्षेत्र में दिनेश सजवाण, अवतार सिंह एवं राजेन्द्र सिंह कैंतुरा द्वारा लगभग 15 से 20 बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। मौके पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के आंतरिक सड़कों का निर्माण, भू-खण्डों का सीमांकन तथा कॉलोनी विकसित करने की तैयारी की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से निर्मित सड़कों, पिलरों, सीमांकन एवं अन्य अस्थायी संरचनाओं को ध्वस्त किया गया।

इसी क्रम में थानों, देहरादून क्षेत्र में सोनिका नेगी एवं विशाल द्वारा लगभग 07 बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के प्लॉट काटे जा रहे थे तथा आम जनता को भू-खण्डों की बिक्री की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी थी। प्राधिकरण द्वारा मौके पर मौजूद सभी अवैध ढांचों एवं प्लॉटिंग से संबंधित निर्माण को ध्वस्त किया गया। उक्त कार्रवाई सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता स्वाति, संबंधित सुप. रवाइजर तथा पर्याप्त पुलिस बल की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: बंशीधर तिवारी

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग एवं अनधिकृत कॉलोनियों का विकास किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत ले-आउट, भूमि उपयोग परिवर्तन एवं प्राधिकरण की अनुमति के की जा रही प्लॉटिंग न केवल नियोजन नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम नागरिकों के हितों के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण समय-समय पर जनता से अपील करता रहा है कि किसी भी भू-खण्ड या संपत्ति को खरीदने से पूर्व उसकी वैधता की जांच अवश्य करें। नियमों की अनदेखी कर अवैध प्लॉटिंग करने वालों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण के साथ-साथ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। अनियोजित विकास के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### अवैध प्लॉटिंग के मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी : बर्निया

प्राधिकरण के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि आज की गई कार्रवाई पूरी तरह वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए की गई है। संबंधित स्थलों पर पूर्व में निरीक्षण कर नोटिस जारी किए गए थे, इसके उपरांत नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध प्लॉटिंग के मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी। मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण आम नागरिकों से अपील करता है कि किसी भी भूमि अथवा भू-खण्ड में निवेश करने से पूर्व प्राधिकरण से उसकी वैधता की पुष्टि अवश्य करें। प्राधिकरण द्वारा अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में सुनियोजित, सुरक्षित एवं सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## तुष्टिकरण के फार्मूले को आगे बढ़ा रहे कांग्रेस अध्यक्ष: चौहान

■ कांग्रेस अध्यक्ष का धार्मिक मामले में हस्तक्षेप संबंधी कथन पूरी तरह से हास्यास्पद बताया



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष हरिद्वार कुंभ मे हर की पैड़ी पर गैर हिंदुओं के रोक के मुद्दे को हवा देकर कांग्रेस के तुष्टिकरण के फार्मूले को आगे बढ़ा रहे है और यह घातक कदम है।

कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष का धार्मिक मामले मे हस्तक्षेप संबंधी कथन पूरी तरह से हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का रोक के बोर्ड लगाने वालों की जवाबदेही और जिम्मेदारी के बारे मे भाजपा से सवाल पूरी तरह से अतार्किक और अव्यवहारिक है।

चौहान ने कहा कि भाजपा सनातन संस्कृति के सरंक्षण के लिए किसी भ्रम मे नही है और उसकी सोच स्पष्ट है। वोट बैंक की खातिर वह तुष्टिकरण से समझौता नही कर सकती है। उन्होंने कहा कि जनता ने बहुसंख्यकों के हितों पर कुठाराघात कर तुष्टिकरण करने वाले कांग्रेस नेताओं को तमाम तरह से पाश्चाताप करने के बाद भी माफ नही किया है।उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि कांग्रेस बोर्ड पर लगे संदेश के बारे मे जनता से पूछे तो उसे सही जवाब मिलेगा। कांग्रेस प्रदेश मे लव जिहाद, लैंड जिहाद और थूक जिहाद को लेकर कार्यवाही पर भाजपा को घेरती रही है और अपना अल्पसंख्यक प्रेम जताती रही है। भाजपा ऐसी कोशिश का पुरजोर विरोध करेगी और सनातन के सरंक्षण की दिशा मे लगातार आगे बढ़ेगी।

## दिव्यांग को दाखिला न देने पर स्कूल प्रबंधक तलब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन के दौरान 158 जन-शिकायतों की सुनवाई की। डीएम ने शिक्षा का अधिकार के तहत विधवा की दिव्यांग बेटी को दाखिला न देने पर शालिनी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक को तलब करते हुए शिक्षा अधिकारियों से तत्काल श्एक्शन टेकन रिपोर्टश मांगी है। डीएम ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए कैंसर पीड़ित सुमन और मोनिका की बेटियों की पढ़ाई श्प्रोजेक्ट नंदा-सुनंदाश से कराने के निर्देश दिए।

वहीं, आर्थिक तंगी झेल रहे पैरालिसिस पीड़ित वीरेंद्र धीमान और बुजुर्ग विधवा मीना आनंद को रायफल क्लब फंड से मदद देने की प्रक्रिया शुरू की। करंट की चपेट में आने से दोनों पैर गंवा चुके सूर्य



प्रकाश के बैंक ऋण निस्तारण हेतु अधिकारियों को बैंक से समन्वय के निर्देश दिए गए।चकतूनवाला में प्रॉपर्टी डीलर द्वारा सरकारी रास्ता व सीवर लाइन बंद करने की शिकायत पर डीएम ने नगर आयुक्त को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि निस्तारण की सूचना शिकायतकर्ता को लिखित में दी जाए और लाप. रवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।इस मौके पर एडीएम कृष्ण कुमार मिश्रा, एसडीएम अपूर्वा सिंह, कुमकुम जोशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मंत्राएम सर्जिकल रोबोट यात्रा पहुंची उत्तराखंड

**देहरादून ।** भारत की पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली विकसित करने वाली अग्रणी कंपनी एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल आईएनसी (एसएसआईआई) ने अपनी ऐतिहासिक राष्ट्रीय यात्रा को आगे बढ़ाते हुए एसएसआईआई मंत्राएम सर्जिकल रोबोट यात्रा को महंत इंद्रेश अस्पताल मेडिकल कॉलेज, देहरादून में सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया। यह रोडशो का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा। अत्याधुनिक स्वास्थ्य तकनीकों को सभी तक पहुंचाने के अपने मिशन के तहत, एसएसआईआई मंत्राएम यूनिट ने 50 से अधिक डॉक्टरों, सर्जनों और चिकित्सा पेशेवरों को रोबोटिक सर्जरी के नवीनतम नवाचारों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया।

## पार्टी की सार्वभौमिकता को प्रदर्शित करता है नये अध्यक्ष का चुनाव: महाराज



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून/नई दिल्ली।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने नई दिल्ल्ली स्थित भाजपा मुख्य्यालय में पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत पार्टी के राष्ट्रीय अध्य्यक्ष के चुनाव के लिए हुई नामांकन की प्रक्रिया में प्रतिभाग किया।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को नई दिल्ल्ली स्थित भाजपा मुख्य्यालय में पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्य्यक्ष के चुनाव के लिए हुई नामांकन प्रक्रिया में प्रतिभाग करते हुए कहा कि पार्टी के नये अध्यक्ष को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में युवा चेहरे को कमान सौंपने पर जबरदस्त उत्साह है। आदि कैलाश जालिगक. ांग से भी लोग भाजपा मुख्यालय पर थे।देशभर से मिले विश्वास और समर्थन के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु केवल एक नाम नितिन नबीन का प्रस्तावित हुआ है जो कि पार्टी की सार्वभौमिकता को प्रदर्शित करता है। यह इस बात का भी प्रमाण है कि पार्टी जिस संकल्प को लेकर चलती है उसको पूरा करती है। यह आम कार्यकर्ता के लिए एक संदेश भी कि यदि हम पार्टी के लिए काम करेंगे तो पार्टी उन्हें भी आगे बढ़ायेगी।

**एक नजर .......**

## युवती से सरेराह अश्लीलता करने वाला मजन गिरफ्तार

**देहरादून।** महिला सुरक्षा को लेकर संवेदनशील दून पुलिस ने सड़क पर युवती का पीछा कर अश्लील हरकतें करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला कोतवाली डालनवाला क्षेत्र का है, जहाँ पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल की। 18 जनवरी को एक युवती ने डालनवाला कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 जनवरी की रात जब वह ओल्ड डालनवाला रोड से गुजर रही थी, तब एक अज्ञात युवक ने उसका पीछा किया और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।एसएसपी देहरादून के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान की गई और रविवार को पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी करनजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय संतोष सिंह, निवासी ओल्ड डालनवाला करनपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जानकारी जुटा रही है।

फोटो खबर

## पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ आईजी से मिला उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा



**देहरादून।** उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा महानगर देहरादून के प्रतिनिधिमंडल ने महानगर अध्यक्ष रामकुमार शंखधर के नेतृत्व में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) गढ़वाल राजीव स्वरूप से मुलाकात की। आईजी के न मिलने पर दूरभाष पर हुई वार्ता में रायपुर प्रभारी अनिल डोभाल ने कहा कि राज्य की मित्र पुलिस की छवि धूमिल हो रही है और विभाग सत्ता के दबाव में तानाशाही कर रहा है।महानगर अध्यक्ष कैप्टन पूरन सिंह रावत ने अगस्त्यमुनि प्रकरण में धार्मिक महानुभावों पर दर्ज रिपोर्ट को राजनीति से प्रेरित बताते हुए उसे खारिज करने और संबंधित क्षेत्राधिकारी को हटाने की मांग की। महासचिव विपिन नेगी व संजीव शर्मा ने इसे धार्मिक अधिकारों के खिलाफ साजिश बताया। धर्मपुर प्रभारी सतीश मनोरी ने सरकार की नीतियों को कुशासन करार दिया, वहीं मसूरी अध्यक्ष राजेंद्र सूद ने कार्रवाई न होने पर पुलिस विभाग का पुतला दहन करने की चेतावनी दी। इस दौरान नवीन कपरवान, प्रीतम प्यारे, गोविंद सिंह नेगी व सूरज आदि मौजूद रहे।

## जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार बना जनसेवा का सशक्त माध्यम

**मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में 3.22 लाख से अधिक नागरिकों को मिला सीधा लाभ**
**उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों में आयोजित शिविरों के माध्यम से शिकायत निस्तारण, सेवा वितरण और योजनाओं का अभूतपूर्व क्रियान्वयन**





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और त्वरित जनसेवा का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के सभी 13 जनपदों में लगातार जनस. वा शिविरों का आयोजन कर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके द्वार पर सुनिश्चित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत 19 जनवरी तक प्रदेशभर में कुल 395 शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 3 लाख 22 हजार 585 से अधिक नागरिकों ने प्रतिभाग किया। इन शिविरों के माध्यम से कुल 32 हजार 746 शिकायत एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 22 हजार 173 मामलों का त्वरित निस्तारण किया जा चुका है। यह आंकड़े राज्य सरकार की संवे. दनशीलता, प्रशासनिक तत्परता और जनसमस्याओं के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। शिविरों के दौरान विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों तथा अन्य शासकीय सेवाओं के लिए कुल 43 हजार 418 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से 1 लाख 75 हजार 258 नागरिकों को सीधे लाभान्वित किया गया। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उस सोच को साकार करती है, जिसमें शासन को जनता के निकट लाकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिक लक्ष्य है। जनपदवार आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो अल्मोड़ा, देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, नैनीताल और पिथौरागढ़ जैसे जनपदों में बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी दर्ज की गई। अकेले देहरादून जनपद में 41,889 नागरिकों ने शिविरों में सहभागिता की, जबकि हरिद्वार में 64,686 लोगों ने इस पहल का लाभ उठाया। उधम सिंह नगर में 24,421 तथा अल्मोड़ा में 24,771 नागरिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

### सीएम धामी बोले- कार्यक्रम जनता के साथ सरकार के विश्वास का सेतु

मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया है कि ह्जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के साथ सरकार के विश्वास का सेतु है। इस पहल ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुंचती है, तो न केवल समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि शासन के प्रति जनविश्वास भी सुदृढ़ होता है। राज्य सरकार का यह अभियान उत्तराखंड में सुशासन की एक नई कार्यसंस्कृति को स्थापित कर रहा है, जिसमें संवाद, समाधान और सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा और उत्तराखंड को जनकल्याण के क्षेत्र में एक आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करेगा।

## नंदा गौरा व महिला स्वरोजगार योजना का पैसा फरवरी में मिलेगा : रेखा

■ पात्र अभ्यर्थियों की लिस्ट फाइनल, 10 दिन में होगी तैयारियां पूरी, विभागीय मंत्री ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पहली बार शुरू की गई एकल महिला स्वरोजगार योजना और नंदा गौरा योजना के लाभार्थियों को पैसा फरवरी के पहले सप्ताह में मिल जाएगा। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के बाद यह बात कही।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि नंदा गौरा योजना के तहत अब तक 11 जनपदों के लाभार्थियों की अंतिम सूची तैयार कर ली गई है। इनमें 34852 इंटरमीडिएट पास करने वाली छात्राएं और 6021 जन्म लेने वाली बालिकाएं चिन्हित की गई है। इन सभी को धनराशि वित. रित करने के लिए फरवरी प्रथम सप्ताह में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने शेष दो जनपदों के लाभार्थियों की सूची भी जल्द से जल्द फाइनल करने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत अब तक 504 पात्र महिलाओं की सूची फाइनल कर दी गई है इन्हें भी फरवरी पहले सप्ताह में धनराशि वितरित कर दी जाएगी। इस योजना के तहत इनके अतिरिक्त अभी दो जनपदों की कुल 331 पात्र अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप देने की औपचारिकता बाकी है जिसे जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि आंगनबाड़ी कल्याण कोष के माध्यम से सेवा निवृत होते समय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 1 अप्रैल से 100000 की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस राशि को अगले वित्तीय वर्ष में और बढ़ाए जाने की तैयारी की जा रही है।

बैठक में विभागीय सचिव चंद्रेश कुमार, निदेशक बंसीलाल राणा, उपनिदेशक विक्रम सिंह, मोहित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### वृद्ध महिलाओं की सलाह से बनाएं उनके लिए योजना

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश की वृद्ध महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक, चिकित्सीय और भावनात्मक संबल देने के उद्देश्य से एक नई योजना तैयार की जा रही है। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना का स्वरूप कैसा होगा यह तय करने के लिए गांव-गांव जाकर वृद्ध महिलाओं का सर्वे किया जाए। जरूरतमंदों की रायशुमारी के बाद ही योजना का अंतिम स्वरूप तैयार किया जाएगा।

## किसान आत्महत्या: सख्त कार्रवाई की मांग

**काशीपुर।** भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने आज प्रेसवार्ता कर किसान सुखवंत आत्महत्या प्रकरण में घोषित सीबीआई एवं एसआईटी जांच में तेजी लाकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। साथ ही कहा है कि जमीनी मामलों में सरकार प्रमुखता से कानून बनाये ताकि भविष्य में कोई किसान या आम व्यक्ति आत्महत्या जैसा कदम न उठा सके। ग्राम पैगा निवासी मृतक किसान सुखवंत सिंह के घर पहुंचे जीतू ने मृतक किसान के भाई परविंदर सिंह से बातचीत के बाद उक्त उद्गार व्यक्त किये। जीतू ने कहा कि यदि सरकार ने जमीनी मामलों में कोताही बरती तो भारतीय किसान यूनियन सरकार के मंत्रियों, नेताओं व अधिकारियों के आवास के बाहर हल्ला बोल के लिए विवश होंगे। इस दौरान मृतक किसान के भाई परविंदर सिंह ने सरकार एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कार्यशैली पर विश्वास व्यक्त किया।

## आस्क ट्रस्ट ने यमुना कॉलोनी में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

■ 100 से अधिक लोगों ने कराई जांच, ग्राफिक एरा अस्पताल के सहयोग से दी गईं चिकित्सा सेवाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अरदास समाज कल्याण (आस्क) ट्रस्ट द्वारा नए साल के अवसर पर शुरू किए गए 'स्वस्थ वर्ष 2026' अभियान के तहत रविवार को यमुना कॉलोनी क्षेत्र में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शि. विर का आयोजन किया गया। भुवनेश्वर शिव मंदिर के निकट आयोजित इस शिविर में ग्राफिक एरा अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 100 से अधिक स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया।शिविर को सफल बनाने में स्थानीय निवासी नितेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। साथ ही आस्क यूथ विंग से अंशुल रावत और राहुल डोभाल ने अपनी टीम के साथ व्यवस्थाएं संभालीं। शिविर में आए मरीजों के लिए निःशुल्क परामर्श के साथ-साथ बुनियादी स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध रही।

### समाज के हर वर्ग को मिलेगी सुविधा:कौर

सामाजिक कार्यकर्ता कमलप्रीत कौर ने इस मौके पर कहा कि आने वाले समय में शहर के अन्य क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में भी इसी तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जोर दिया कि ट्रस्ट का लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करे संबंधित अधिकारी : डीएम

## जनसुनवाई में 81 समस्याएं हुई दर्ज, मौके पर 36 समस्याओं का किया निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जनपदवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित ८१ शिकायते/समस्याएं दर्ज कराई गई जिसमें से ३६ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया शेष समस्याओं को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में राजस्व, भूमि,विवाद,विद्युत,राशन अतिक्रमण ,पेयजल आदि से संबंधित समस्या दर्ज कराई गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में शिकायतकर्ता जयपालसिंह पुत्र ईसम सिंह ने रुड़की के वार्ड नंबर २३ के ज्ञान विहार कॉलोनी एवं पंचायती बस्ती में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है,जिस कारण क्षेत्र में बीमारी फैलने का खतरा है, कूड़ा उठवाने एव साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। समस्त ग्रामवासी रावली महदूद बहादराबाद की ग्राम पंचायत रावली महदूद में डॉ भीम राव अंबेडकर भवन बना हुआ है,जो कुछ वर्ष पहले भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था,जिसके कारण भवन की भूमि पर भू माफियाओं ने कब्जा कर लिया है,जिसको कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। शिकायतकर्ता मदन निवासी ग्राम औरंगाबाद ने उत्तराखंड पेयजल संस्थान को काफी टाइम पहले पेयजल लाइन का नया कनेक्शन के लिए अप्लाई किया था,लेकिन अभी पेयजल लाइन का कनेक्शन नहीं हुआ है,जिस कारण उन्हें बहुत दिक्कत हो रही है तथा उन्होंने पेयजल का नया कनेक्शन शीघ्र करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थी तिलकराम पुत्र मंगतराम ने मोहल्ला तेलियान ज्वालापुर में स्टेट बैंक के सामने वाली गली वक्फ बोर्ड की पार्किंग से होते हुए बॉबी चिकन की दुकान तक सीसी रोड बन रही है,लेकिन सड़क के दोनों नलियों पर अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है,सड़क और नालियों को कब्जा मुक्त कर्मराने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।सर्वेश कुमार पुत्र सियाराम निवासी अन्नेकी कलां की कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर २९ मौजा पुरनपुर शाल्हपुर परगना रुड़की में है,उक्त भूमि की पैमाईश पुलिस बल की मौजूदगी में करवाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।जाहिद पुत्र साबर अली निवासी ग्राम इक्कड़ खुर्द हरिद्वार की भूमि चक्र ३५० जो स्थित ग्राम भगतनपुर आबिदपुर उर्फ इक्कड़ परगना ज्वालापुर को भूमिदार सहखातेदार मालिक चला आता है,प्रार्थी की भूमि मौके पर राजस्व अभिलेखों अनुसार काफी कम है,तथा पड़ोस के लोगों द्वारा प्रार्थी की भूमि की मेड को तोड़कर अपनी भूमि में मिला लिया है,उक्त भूमि की पैमाईश कराने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही है उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही एवं शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए, शिथिलता बरती जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक करवाई सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि जिन शिकायतों पर स्थलीय निरीक्षण किया जाना है संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का समाधान करना सुनाश्चित करे। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि कोई भी शिकायतकर्ता व्यक्ति अपनी शिकायत को दुबारा जन सुनवाई में लेकर न पहुंचे,यदि कोई व्यक्ति अपनी शिकायत को लेकर दुबारा जन सुनवाई में आता है तथा शिकायत संबंधित अधिकारी द्वारा निस्तारित की जा सकती थी एवं समय पर शिकायत का निस्तारण नहीं किया गया तो ऐसे अधिकारियों की विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज समस्याओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सीएम हेल्प लाइन में जो भी शिकायते दर्ज की जा रही है,उनको सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ निरंकरण करना सुनिश्चित करे,उन्होंने निर्देश दिए है कि ३६ दिन से अधिक जो भी शिकायते लंबित है उनका निराकरण तत्परता से करना सुनिश्चित करे। जिसमें एल १ पर ५२९ शिकायतें तथा एल २ पर ८७ शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित है,जिन्हें शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ,अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, मुख्य चिकित्साधिकारी आर के सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई ओमजी गुप्ता, सहायक परियोजना निर्देशक नलिनीत घिल्डियाल,मुख्य शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी, प्रोजेक्ट मैनेजर पेयजल निगम (गंगा)मीनाक्षी मित्तल,जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह,जिला अर्थ संख्या आधिकारी नलिनी ध्यानी,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, नोडल स्वजल चंद्रकांत मणि त्रिपाठी, परियोजना निर्देशक उरेडा वाई एस बिष्ट, सहित जिला स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादी मौजूद रहे।

# रीडिंग गड़बड़ी में जेई प्रीतम सिंह सस्पेंड, मीटर रीडर पर भी कार्यवाही

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

शाह टाइम्स संवाददाता

> प्रकरण में शामिल किसी भी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा, विभाग को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> – **शेखर चंद त्रिपाठी,** चीफ इंजीनियर ऊर्जा विभाग हरिद्वार।

**हरिद्वार।** रीडिंग गड़बड़ी में बड़ी कार्रवाई करते हुए चीफ इंजीनियर शेखर चंद्र त्रिपाठी के निर्देश पर बहादराबाद उपखंड में तैनात जेई प्रीतम सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। कार्रवाई से ऊर्जा विभाग में हड़कंप मच गया। वहीं, मीटर रीडर के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही चीफ इंजीनियर शेखर चंद त्रिपाठी के सख्त निर्देश पर प्रकरण में शामिल सभी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ज्वालापुर विद्युत वितरण खंड अंतर्गत उपखण्ड बहादराबाद स्थित खेलड़ी गांव में एक उपभोक्ता के मीटर में रीडिंग ब्लॉक कर विभाग को लाखों का नुकसान पहुंचाने के मामले में चीफ इंजीनियर शेखर चंद त्रिपाठी के निर्देश पर सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर द्वारा जेई प्रीतम सिंह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही प्रकरण में शामिल मीटर रीडर के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। चीफ इंजीनियर शेखर चंद त्रिपाठी की इस कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मच गया। वहीं, सूत्रों के अनुसार जेई पूर्व में भी कई प्रकरण एवं जांचों को लेकर चर्चाओं में रहे है।

# प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने की नशे पर प्रतिबंध लगाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की विभिन्न इकाईयों के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने मेला क्षेत्र एवं जनपद में बढ़ते स्मैक, अफीम, शराब, नशीली दवाओं, इंजेक्शन, गांजा आदि सूखे नशे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए शहर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि देवभूमि को 2025 में नशा मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ड्रग फ्री उत्तराखंड अभियान चलाया था। 2025 समाप्त हो चुका है। इसलिए अब नशे को लेकर समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तीर्थ नगरी की मान मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए नशा, अंडा, मांस, मदिरा आदि रोकने के लिए अलग पुलिस बल की व्यवस्था को लागू किया जाए। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, नशे से पीड़ित परिवार और युवा शक्ति को सम्मिलित कर एक कमेटी का गठन किया जाए। तीर्थ नगरी में अवैध रूप से रह रहे गैर हिंदुओं का सत्यापन किया जाए। ड्रग्स कंट्रोल रिकॉर्डिंग इनफॉरमेशन टोल फ्री स्टेट हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था को भी जारी किया जाए। साथ ही मेडिकल स्टोर से मिलने वाली दवाई डा.के पर्चे पर ही मिले इस नियम को भी कड़ाई से लागू किया जाए। प्रवीण शर्मा ने कहा कि वैध अवैध पार्किंग स्थलों पर जांच की जानी चाहिए। बाहर से आकर झुग्गी झोपड़ी एवं अवैध रूप से फड़ लगाने वालों का सत्यापन भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्णय से ही सफलता मिल सकती है। तहसील अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। कई परिवार नशे की वजह से बर्बाद हो चुके हैं। युवा पीढ़ी को बचाने के लिए सबको प्रयास करने चाहिए। देवभूमि के प्रवेश द्वार पर नशा पूरी तरह से प्रतिबंध्ति होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। जागरूकता से ही नशे को समाप्त किया जा सकता है। प्रदेश सचिव मयंक मूर्ति भट्ट एवं जाह्नवी व्यापार मंडल की अध्यक्ष निशा गुप्ता ने कहा कि भिखारी की वेशभूषा में कुछ लोग नशे का समान बेचते हैं। उन्हे चिन्हित कर करवाई होनी चाहिए। जाहन्वी मार्केट के आसपास कुछ युवक स्मैक, इंजेक्शन जैसे नशे करते हैं। जिससे युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। तीर्थ की मान मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए नशे को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। देवभूमि ड्रग्स फ्री अभियान सभी की सहभागिता से ही सफल हो सकता है। इस दौरान योगेश भारद्वाज, विमल सक्सेना, आदेश मारवाड़ी, दीपक शर्मा, मनीष चौहान, मयंक मूर्ति भट्ट आदि मौजूद रहे।




# निगम ने सड़कों व घाटों से हटाया अवैध कब्जा, पॉलीथिन की जब्त

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जिलाधिकारी और नगर आयुक्त के निर्देश पर सोमवार को नगर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों और घाटों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

नगर आयुक्त नन्दन कुमार ने बताया कि सहायक नगर आयुक्त ऋषभ उनियान के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने सुबह से ही शहर के व्यस्त इलाकों और घाटों पर मोर्चा संभाला। अभियान के तहत रोडीबेलवाला क्षेत्र, सुभाष घाट, मालवीय घाट, नाई घाट, शिव घाट और बिरला घाट पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा हाथी पुल एवं तिरछा पुल के आसपास से भी अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह साफ किया गया। अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ टीम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ भी चेकिंग की। बाजार में पॉलीथिन बेच रहे लोगों के चालान काटे गए और मौके से लगभग 15 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त की गई। नगर निगम की इस सख्ती से व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। कब्जा हटाने के बाद नगर निगम ने उन सभी रास्तों और घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को आवाजाही में कोई परेशानी न हो। टीम ने अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी कि यदि दोबारा कब्जा किया गया, तो सामान जब्त करने के साथ भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि शहर को व्यवस्थित रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट, दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर पुलिस ने सेक्टर-4 पीठ बाजार में बीएचईएल के सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट और हंगामा करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। यह विवाद बाजार में ठेली लगाने की बात को लेकर शुरू हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-4 पीठ बाजार में झगड़ा हो रहा है। मौके पर पहुँची पुलिस ने देखा कि अयान और सुल्तान नाम के दो युवक सिक्योरिटी गार्ड सौरभ ओझा के साथ उलझ रहे थे और गाली-गलौज कर रहे थे। पुलिस टीम ने दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे शांत होने के बजाय और ज्यादा हंगामा करने लगे।सार्वजनिक स्थान पर शांति भंग करने और मारपीट पर उतारू होने के कारण पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी अयान (11 वर्ष) और सुल्तान (27 वर्ष) ज्वालापुर के मोहल्ला पांवधोई के रहने वाले हैं।पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस टीम में हे.कां. जितेंद्र चौधरी, कां. प्रेम सिंह शामिल रहे।

# ग्राहक को खबर तक नहीं, बैंक ने जारी कर दिया 10 लाख का लोन, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पंजाब नेशनल बैंक की ज्वालापुर शाखा में धोखाधड़ी का एक गंभीर मामला सामने आया है। बैंक के कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने एक ग्राहक के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर उसके नाम पर 10 लाख रुपये का लोन निकाल लिया। जब पीड़ित को इसकी भनक लगी और उसने शिकायत की, तो आनन-फानन में लोन का पैसा जमा कर खाता बंद कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार लाल मंदिर कॉलोनी, ज्वालापुर निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने बैंक में लोन के लिए आवेदन किया था। बैंक ने उनसे जरूरी कागजात तो जमा करा लिए, लेकिन लोन पास हुआ या नहीं, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। अमित को लगा कि उनका लोन रिजेक्ट हो गया है।

अमित के पास हाल ही में बैंक से एक कॉल आया, जिसमें उनसे 10 लाख रुपये के लोन के बारे में पूछा गया। जांच करने पर पता चला कि 'हरिश इंटरप्राइजेज' नाम की फर्म के खाते से उनके नाम पर लोन चल रहा है। पीड़ित ने तुरंत इसकी शिकायत बैंक में दर्ज कराई। आरोप है कि जैसे ही अमित ने शिकायत की, उसके दो दिन बाद बैंक कर्मचारियों ने खुद ही खाते में 10 लाख रुपये डालकर उसे बंद कर दिया। पीड़ित जब वर्तमान शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार से मिले, तो उन्होंने कहा कि अब लोन बंद हो चुका है और इसमें कोई कुछ नहीं कर सकता। पीड़ित अमित कुमार ने अब कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर देकर दोषी बैंक कर्मचारियों और साजिश में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी संतोषानंद देव 'आध्यात्म विभूषण' सम्मान से अलंकृत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अवधूत मंडल आश्रम, बाबा हीरादास हनुमान मंदिर, सिंहद्वार, ज्वालापुर, हरिद्वार के पीठाधीश्वर महंत महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी संतोषानंद देव महाराज को काशी विद्वत परिषद की ओर से 'आध्यात्म विभूषण' सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें समाज सेवा, आध्यात्मिक चेतना के प्रसार एवं धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय एवं निरंतर योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

महंत महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी संतोषानंद देव ने अपने आध्यात्मिक मार्गदर्शन एवं सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों तथा मानवीय चेतना को सुदृढ़ करने का सतत प्रयास किया है। उनके नेतृत्व में श्री अवधूत मंडल आश्रम द्वारा धार्मिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से जनकल्याण हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। काशी विद्वत परिषद की ओर से संतोषानंद के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन त्याग, तपस्या एवं सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ संतोषानंद देव को आध्यात्म विभूषण से अलंकृत होने पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविन्द्र पुरी, योगगुरु बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, जयराम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, हरियाणा सासंद एवं पूर्व चौयरमैन नगरपालिका हरिद्वार सतपाल ब्रह्मचारी, महंत ऋषिश्वरानंद, भारत युवा साधु समाज के अध्यक्ष स्वामी शिवानंद, बड़ा अखाड़ा उदासीन कारोबारी महंत गोविंद दास, स्वामी श्याम दास, स्वामी रामदास, बाबा बालकदास, रामानुज कोट के पीठाधीश्वर महंत डॉ मोदनारायणाचार्य, आश्रम परिवार से साध्वी नेहा आनंद देव, स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य, ब्रह्मानंद ब्रह्मचारी, स्वामी गणेशनाथ महाराज सहित अन्य संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं ने महाराज श्री को इस सम्मान हेतु हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं।



# पैरामेडिकल एकेडमी के डायरेक्टर पर धोखाधड़ी का आरोप, छात्रों ने दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित स्थित जीडी गोयंका हेल्थकेयर एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने एकेडमी की डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है। छात्रों का कहना है कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और शिकायत करने पर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है।पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार छात्रों ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि उन्होंने साल 2023 में इस एकेडमी में अलग-अलग कोर्स में एडमिशन लिया था। उस समय उनसे 1.30 लाख रुपये की फीस तय की गई थी और चार सेमेस्टर में पढ़ाई पूरी कराने का वादा किया गया था। छात्रों का आरोप है कि पूरी फीस जमा करने के बाद भी न तो उनकी पढ़ाई पूरी कराई गई और न ही समय पर परीक्षाएं ली गईं।

छात्रों के अनुसार, जब उन्होंने इस संबंध में एकेडमी की डायरेक्टर रुपल वत्स से बात की, तो उन्हें सिर्फ झूठा आश्वासन मिला। पिछले 8-9 महीनों से छात्र अपनी शिक्षा के लिए परेशान हैं। इस मामले को लेकर छात्रों ने दिल्ली और गुड़गांव स्थित हेड ऑफिस के अधिकारियों (सीईओ मोहित मेहरा, डायरेक्टर मीर उजमा और मैनेजर मनीष) के साथ मीटिंग भी की, लेकिन वहां से भी कोई ठोस समाधान नहीं निकला।पीड़ित छात्र सौरभ कुमार और अन्य साथियों का कहना है कि जब उन्होंने डायरेक्टर रुपल वत्स पर दबाव बनाया, तो उन्होंने छात्रों को डराया-धमकाया। आरोप है कि डायरेक्टर ने कहा कि यदि कहीं शिकायत की, तो वह उन पर झूठा केस दर्ज करा देंगी या आत्महत्या कर उसका जिम्मेदार छात्रों को ठहरा देंगी। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि छात्रों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# तुलसी मानस मंदिर परिसर में दी गयी ब्रह्मलीन स्वामी अर्जुन पुरी को समाधि

## संत समाज के प्रेरणास्रोत थे ब्रह्मलीन स्वामी अर्जुन पुरी : कैलाशानंद गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित तुलसी मानस मंदिर के परमाध्यक्ष एवं जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर ब्रह्मलीन स्वामी अर्जुनपुरी को सोमवार को मंदिर परिसर में समाधि दी गयी। इस दौरान सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष और श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। समाधि से पूर्व ब्रह्मलीन अर्जुनपुरी की अंतिम यात्रा निकाली गयी। स्वामी अर्जुनपुरी का रविवार को निधन हो गया था।

ब्रह्मलीन स्वामी अर्जुन पुरी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि परमार्थ के लिए जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन स्वामी अर्जुन पुरी महाराज संत समाज के प्रेरणास्रोत थे। सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए मानव कल्याण में योगदान करना चाहिए। अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी ने कहा कि संत केवल देह त्याग करते हैं। उनके विचार सदैव समाज का मार्गदर्शन करते हैं। सनातन के प्रचार प्रसार और मानव कल्याण में ब्रह्मलीन स्वामी अर्जुन पुरी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। जयराम पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी अर्जुन पुरी का जीवन निर्मल जल के समान था। उनका निधन संत समाज के लिए बड़ा आधात है। जिसे कभी पूरा नहीं किया जाएगा। श्रीमहंत प्रेम गिरी, श्रीमहंत नारायण गिरी, स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी अर्जुन पुरी संत समाज और भक्तों की स्मृतियों में सदैव जीवंत रहेंगे। सभी को उनके विचारों का अनुसरण करते हुए परमार्थ के लिए कार्य करना चाहिए। श्रीमहंत रामरतन गिरी ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी अर्जुन पुरी त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे। महंत जसविन्दर सिंह, महंत विष्णुदास, स्वामी रामेश्वरानंद हरिवल्लभ दास शास्त्री, महंत महेश पुरी, स्वामी शिवानंद भारती, स्वामी सरस्वती, स्वामी ललितानंद गिरी, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, स्वामी अनंतानंद, स्वामी ऋषिश्वरानंद, बाबा हठयोगी, महंत प्रताप पुरी, महंत गोविंददास, स्वामी शिवानन्द भारती, स्वामी ऋषि रामकृष्ण, महंत कौशलपुरी, स्वामी शिवम महंत, स्वामी निर्मल दास, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत राघवेंद्र दास, स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी, भक्त दुर्गादास सहित बड़ी संख्या में संत महापुरूष और श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।



# 460 करोड़ से होगा हरिद्वार रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, कुंभ के लिए भी विशेष रणनीति तैयार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** तीर्थ नगरी हरिद्वार के रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने के लिए 460 करोड़ रुपये की पुनर्विकास योजना पर काम शुरू होगा। मुरादाबाद मंडल की रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव ने सोमवार को हरिद्वार स्टेशन का निरीक्षण कर इस महत्वाकांक्षी परियोजना और आगामी कुंभ मेले की तैयारियों की समीक्षा की। डीआरएम ने बताया कि 460 करोड़ रुपये की यह एक दीर्घकालिक परियोजना है, जिसे पूरा होने में वक्त लगेगा। इसके तहत न केवल स्टेशन भवन को भव्य रूप दिया जाएगा, बल्कि रेलवे यार्ड का भी पूरी तरह नवीनीकरण होगा। यात्रियों को आधुनिक प्रतीक्षालय, डिजिटल साइनेज, बेहतर कनेक्टिविटी, लिफ्ट और फुटओवर ब्रिज जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

वर्ष 2027 में होने वाले कुंभ मेले को लेकर रेलवे ने अभी से खाका खींचना शुरू कर दिया है। डीआरएम ने कहा कि कुंभ के दौरान ज्वालापुर और मोतीचूर स्टेशन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए वहां ट्रेनों के ठहराव (स्टॉपेज) का प्रस्ताव तैयार किया गया है। राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ तालमेल बिठाकर यात्रियों के ठहराव और सुरक्षा की खास व्यवस्था की जाएगी। ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए काली मंदिर सुरंग के पास पहाड़ी पर 50 मीटर लंबी और 3 मीटर ऊंची आरसीसी दीवार बनाई जा रही है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि इस दीवार के बनने से बारिश के दौरान ट्रैक पर आने वाले मलबे की समस्या खत्म हो जाएगी। राजाजी नेशनल पार्क क्षेत्र होने के कारण पार्क अधिकारियों से भी समन्वय किया जा रहा है।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
शाह टाइम्स हरिद्वार
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# वार्ड सेग्रिगेशन लीग से बदलेगी शहर की तस्वीर

## डीएम नितिका खंडेलवाल ने कचरा अलग करने पर शुरू की अनोखी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देवभूमि को स्वच्छ और सुंदर बनाने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए टिहरी जिला प्रशासन और स्थानीय निकाय पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। इसी क्रम में रविवार को तहसील नरेंद्रनगर के अंतर्गत मुनि की रेती स्थित जानकी सेतु के समीप गंगा आरती घाट पर एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

नगर पालिका परिषद मुनि की रेती की अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण और जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के नेतृत्व में चले इस अभियान में गंगा तट की स्वच्छता पर विशेष फोकस किया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर



घाट परिसर में फैले कूड़े-कचरे को एकत्रित कर उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया। साथ ही, घाट के आसपास उग आई अनावश्यक झाड़ियों का कटान कर क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष ने कचरा प्रबंधन को लेकर एक अभिनव पहल की शुरुआत की। उन्होंने "वार्ड सेग्रिगेशन लीग" नामक एक विशेष अभियान का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य शहर के प्रत्येक घर से निकलने वाले कचरे का सही प्रबंधन करना है। इस लीग के तहत नगर क्षेत्र के सभी वार्डों के बीच गीले और सूखे कचरे के पृथकीकरण (सेग्रिगेशन) को लेकर एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में स्वच्छता के मानकों पर खरा उतरने वाले और कचरा प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्डों को जिलाधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इस प्रतिस्पर्धात्मक पहल से आम जनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और जनसहभागिता सुनिश्चित होगी।

स्वच्छता अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें रचनात्मकता और पुनर्चक्रण (रिसाइकिलिंग) का भी अनूठा संगम देखने को मिला। सफाई के उपरांत श्री पूर्णानंद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए घाट के आसपास पड़े पत्थरों को रंगों से सजाकर स्थल का सौंदर्यीकरण किया। विद्यार्थियों ने सफाई के दौरान मिले पुराने दीपकों को फेंकने के बजाय उन्हें साफ कर पुनः उपयोग में लाया और घाट की सजावट में शामिल किया। यह प्रयास "रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल" की अवधारणा को साकार करने वाला सिद्ध हुआ।

दिनभर चले कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर पालिका सभागार मुनि की रेती में खेल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। यहां आयोजित कराटे प्रतियोगिता में देहरादून, टिहरी और पौड़ी जनपदों के नन्हे खिलाड़ियों ने अपने जौहर दिखाए। प्रदर्शन के आधार पर बच्चों को ग्रीन, येलो और ब्राउन बेल्ट प्रदान कर प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान सभासद विनोद खंडूरी, बृजेश गिरी, स्वाति पोखरियाल, लक्ष्मण भंडारी, एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिल्डियाल, अधिशासी अधिकारी अंकिता जोशी और सफाई निरीक्षक कमल चौहान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# शंकरचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुई बदसलूकी पर रोष

■ **दोषी पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को निलंबित करने की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रयागराज में संगम तट पर मौनी अमावस्या पर शंकरचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा की गयी बदसलूकी एवं उनके शिष्यों के साथ की गयी मारपीट पर उत्तराखंड के संत समाज में भारी आक्रोश है। श्रीनगर कमलेश्वर मंदिर के महंत आशुतोष पुरी ने इस मामले में कड़ी नाराजगी जताई गयी है। कहा कि हमेशा की भांति इस बार भी मौनी अमावस्या पर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अपने शिष्यों के साथ स्नान करने जा रहे थे, उन्हें पुलिस बल से स्नान करने से रोका गया और उनके तथा मौजूद शिष्यों के साथ बदसलूकी की गयी जो बिल. कुल अक्षम्य अपराध है। कहा कि शकराचार्य का अपमान सम्पूर्ण सनातन धर्म का अपमान है। कहा कि इस घटना से योगी सरकार की छवि खराब हुई है। जिसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। वहीँ ज्योतिर्मठ स्वर्ण सम्मान प्राप्त देवप्रयाग के समाजसेवी गणेश भट्ट ने कहा कि एक तरफ योगी सरकार हिन्दुओं के संरक्षण की बात करती है तो दूसरी ओर सनातन धर्म के अग्रज शंकराचार्य का अपमान करती है।

कहा कि यहाँ तक भाजपा के नेता इस घटना पर खेद प्रकट करने के बजाय शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का दावा करके सम्पुर्ण सनातनियों का अपमान करने पर जुटे हुए हैं। कहा कि शीघ्र ही घटना के लिए दोषी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को निलंबित ना किया गया तो उत्तराखंड का सम्पूर्ण संत समाज आन्दोलन को बाध्य होगा।

# 'नंदा की बड़ी जात' के नाम से जानी जाएगी यात्रा

■ **484 गांवों की महा पंचायत में सर्वसम्मति से लिया निर्णय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** उत्तराखंड की आराध्य देवी मां नंदा से जुड़ी सबसे बड़ी हिमालयी लोक आस्था की यात्रा को लेकर चला आ रहा असमंजस सोमवार को समाप्त हो गया। नंदानगर में आयोजित 484 गांवों की महा पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्ष 2026 में यात्रा हर हाल में आयोजित की जाएगी। साथ ही यह भी तय किया गया कि अब यह यात्रा 'नंदा राजजात' नहीं, बल्कि 'नंदा की बड़ी जात' (ठुलि जात) के नाम से जानी जाएगी। स्पष्ट किया गया कि यात्रा का आयोजन समयानुसार अगस्त-सितंबर माह में ही किया जाएगा।

**पहली बार गठित होगी 'बड़ी जात समिति':** यात्रा के सुचारु, पारदर्शी और जनसहभागिता आधारित संचालन के लिए इतिहास में पहली बार 'बड़ी जात समिति' के गठन का निर्णय लिया गया। समिति में क्षेत्र के 484 गांवों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि तथा मंदिर समितियों के सदस्य शामिल होंगे। समिति का उद्देश्य यात्रा की संपूर्ण व्यवस्था को स्थानीय समाज के माध्यम से संचालित करना बताया गया।

**कुरुड़ मंदिर से होगी यात्रा की शुरुआत:** महापंचायत में सिद्धपीठ कुरुड़ मंदिर समिति की मांग को स्वीकार करते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि वर्ष 2026 की नंदा की बड़ी जात की आधिकारिक शुरुआत कुरुड़ मंदिर से ही होगी।

# सरकार आपके द्वार: सोरना में लगा बहुउद्देशीय शिविर

■ **क्षेत्रवासियों ने योजनाओं व सेवाओं का लिया लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत सोरना क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बहुद्देशीय शिविर में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने प्रतिभाग कर शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर आयोजित बहुद्देशीय शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा मौके पर ही आमजन की समस्याओं को सुना गया तथा कई मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने सहभागिता कर सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा ऐसे शिविरों के माध्यम से शासन-प्रशासन को सीधे जनता से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। यह पहल सरकार की संवेदनशील एवं जनोन्मुखी कार्यशैली को दर्शाती है। शिविर में बाल विकास विभाग के माध्यम से 5 महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट तथा 10 लाभार्थियों को किशोरी किट वितरित की गई।



विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, लेकिन कई बार जानकारी के अभाव में लोग लाभ से वंचित रह जाते हैं। न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित इन शिविरों से योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंच रहा है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने कहा कि प्रशासन का मकसद प्रत्येक नागरिक तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना एवं उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। शिविर के दौरान चांदपुर खुर्द निवासियों द्वारा खाता खतौनी में गड़बड़ी की शिकायत पर तहसीलदार को जांच के आदेश दिए गए। शिविर के दौरान राज्य मंत्री श्याम अग्रवाल, विक. ासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, अपर सचिव अभिषेक रोहिल्ला, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, एसडीएम विनोद कुमार, तहसीलदार विवेक राजौरी, वीडीओ शक्ति प्रसाद भट्ट, विक. ासनगर ब्लॉक प्रमुख नारायण ठाकुर, ज्येष्ठ प्रमुख गुलफाम अली, जिला मंत्री ग्रामीण प्रमोद सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### पांच वर्षों से नहीं बन पाया राइका निजमुला का मुख्य भवन

**चमोली।** दशोली ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज निजमुला में ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा विद्यालय भवन का निर्माण का कार्य कछुआ चाल से किया जा रहा है।जिसको ग्रामीणों को रोष व्याप्त है.विभाग द्वारा धीमी गति से कार्य करने के चलते विद्यालय में अध्यनरत 200 से अधिक छात्र - छात्राओं का पठन-पाठन सहित अन्य शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। विद्यालय भवन निर्माण में हो रही देरी से विद्यालय प्रबंधन को आगामी उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावक संघ ने जिलाधिकारी चमोली को ज्ञापन सौंप कर भवन निर्माण में तेजी लाने की मांग की। साथ ही जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

मंगलवार को राजकीय इंटर कालेज निजमुला के अभिभावकों ने स्कूल के मुख्य भवन निर्माण का कार्य कछुआ चाल से होने पर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, पीटीए अध्यक्ष बृज लाल ने कहा भवन निर्माण में हो रही देरी से छात्रों का पठन-पाठन कार्य हो रहा प्रभावित। जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी सीएमसी के अध्यक्ष भीम सिंह ने कहा ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा पांच वर्षों से विद्यालय भवन का निर्माण चल रहा है जो अभी तक पूरा नहीं हो पाया है, ज्ञापनदाताओं में पीटीए अध्यक्ष पूर्व प्रधान ब्यारा बृज लाल,सीएमसी अध्यक्ष भीम सिंह, भरत सिंह,सबर सिंह,आदि लोग मौजूद थे।

### दो माह बाद राशन लेने पहुंचे उपभोक्ताओं की लगी भीड़

**सहिया।** जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर में पिछले दो माह से राशन नहीं मिलने से बीपीएल व अंतोदय उपभोक्ताओं को खुले बाजार से महंगे दामों पर राशन खरीदना पड रहा था। जौनसार बावर के गोदामों में चावल उपलब्ध नहीं होने के कारण दिसंबर माह में राशन वितरण नहीं हो पाया था। वहीं



जनवरी का आधा माह बीत जाने के बाद राशन गोदामों पर इस सप्ताह राशन पहुंचने से जौनसार बावर के के सातो गोदामों से सभी राशन विक्रेताओं ने राशन उठाना शुरू दिया है। राशन विक्रेताओं ने दिसम्बर 2025 व जनवरी 2026 का दो माह का राशन कार्ड धारकों को डिजिटल प्रणाली द्वारा वितरण करना शुरू कर दिया है। जिससे गरीब तबके के परिवारों को इसका लाभ मिला।

### बोहरा नर्सिंग होम में हुई जटिल सर्जरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग का प्रतिष्ठित बोहरा नर्सिंग होम लगातार चिकित्सा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जनपद के प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ. आनंद बोहरा एवं उनकी अनुभवी टीम ने एक बार फिर जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देकर चिकित्सा जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

जानकारी के अनुसार, एक बालिका लंबे समय से गंभीर पेट दर्द से पीड़ित थी। उसका उपचार देश की राजधानी दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा था, लेकिन स्वास्थ्य में कोई अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा था। लगातार परेशानी के चलते परिजनों ने अंततः बालिका को रुद्रप्रयाग स्थित बोहरा नर्सिंग होम में दिखाने का निर्णय लिया।



आज बालिका को दिल्ली से रुद्रप्रयाग लाया गया, जहां डॉ. आनंद बो. हरा द्वारा जांच के उपरांत सर्जरी का निर्णय लिया गया। सफल ऑपरेशन के दौरान बालिका के पेट से करीब 19 किलोग्राम वजनी ट्यूमर को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया। ट्यूमर को आगे की जांच के लिए बायोप्सी हेतु प्रयोगशाला भेज दिया गया है। डॉ. बोहरा ने बताया कि समय रहते सही उपचार मिलने से मरीज की स्थिति में अब तेजी से सुधार हो रहा है और वह चिकित्सकीय निगरानी में है। इस जटिल सर्जरी में रोहित, जितेंद्र, भरत सहित नर्सिंग स्टाफ और तकनीकी टीम की अहम भूमिका रही। डॉ बोहरा अब तक पचास हजार से अधिक सफल ऑपरेशन कर चुके हैं। इस सफलता के साथ एक बार फिर यह सिद्ध हो गया है कि रुद्रप्रयाग जैसे पर्वतीय जनपद में भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले मरीजों को भी लाभ मिल रहा है।

# राजीकीय मेडिकल कालेजों को मिले 64 फार्मासिस्ट

■ **राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने घोषित किया परीक्षा परिणाम**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न मेडिकल कालेजों में फार्मासिस्ट (भेषज) के रिक्त 73 पदों का अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित कर कुल 64 योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया है। जबकि 8 पदों पर चयन परिणाम हाईकोर्ट के आदेश पर रोक दिया गया है।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को



बधाई व शुभकामनाएं दी। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मेडिकल कालेजों व सम्बद्ध चिकित्सालयों में फार्मासिस्ट (भेषज) के रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया गया था। जिसके क्रम में विभाग द्वारा राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को फार्मासिस्ट के रिक्त 73 पदों को भरने का अधियाचन भेजा। चयन बोर्ड ने उक्त अधियाचन के क्रम में फार्मासिस्ट के पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरने के लिये 19 अक्टूबर 2024 को भर्ती विज्ञापन जारी किया। बोर्ड को प्राप्त अभ्यर्थियों के आवेदनों का चरणवार अभिलेख सत्यापन किया गया। इसके उपरांत चयन बोर्ड ने वर्षवार मैरिट के आधार पर 73 रिक्त पदों के सापेक्ष 64 योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है।

विभागीय मंत्री डॉ रावत ने नव चयनित फार्मासिस्ट को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि फार्मासिस्ट की तैनाती से मेडिकल कालेजों में दवा प्रबंधन एवं वितरण में पारदर्शिता आयेगी साथ ही मरीजों को चिकित्सालय में दवाएं सुलभता से मिल सकेगी।

# गुलदार ने घोड़े को बनाया शिकार

■ **मलोग व आसपास के गाँवों में डर का माहौल बना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** क्षेत्र में गुलदार लगातार पालतू जानवरों को अपना शिकार बना रहा है, बीते दिनों 9 जनवरी को सहिया क्षेत्र में गुलदार ने एक गाय को अपना शिकार बनाकर मार डाला था। वहीं रविवार शाम को गुलदार ने मलोग निवासी हंसराम के घोड़े को अपना शिकार बनाया। जिससे क्षेत्र एंव आसपास के गाँवों में डर का माहौल बना हुआ है।

हंसराम ने बताया कि घोड़ा छानी के समीप ही था अचानक गुलदार घोड़े पर झपट गया। ग्रामीणों के आने



तक गुलदार घोड़े को मार चुका था। जिसकी सूचना ऊभरेऊ गाँव निवासी सुरेंद्र सिंह चौहान द्वारा वन विभाग को दी गई।

सोमवार को वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की अधिकारी अर्चना शर्मा ने बताया कि मलोग गाँव समीप एक घोड़े को गुलदार द्वारा मारे जाने की सूचना मिली जिसके बाद हम लोग मौके पर पहुंचे। इसकी रिपोर्ट बनाकर रेंज कार्यालय भेजी जाएगी।

# पार्वती का तप और स्यमंतक मणि की कथा से भावविभोर हुए श्रद्धालु

■ **बोंगा में कलश यात्रा संग श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिला मुख्यालय के निकट बोंगा गांव में पांच गांवों एवं ध्याणियों ने देव डोलियों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।

कथा वक्ता भागवत भूषण आचार्य पं0 महामाया प्रसाद शास्त्री ने कथा में माता सती के देह त्याग और पार्वती के जन्म का प्रसंग सुनाया गया। श्रोताओं ने पार्वती जी और उनकी माता मैना रानी के बीच हुए संवाद को सुना। भगवान शिव के लिए पार्वती द्वारा किए गए तप का वर्णन भी किया गया।

व्यास जी ने रामचरित मानस की चौपाई के माध्यम से तप का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि विष्णु, शंकर और ब्रह्मा जी अपने-अपने कार्यों को तप के बल से ही करते हैं। शेषनाथ भी तप के बल से ही पृथ्वी को धारण करते हैं।

कथा में स्यमंतक मणि की कथा का वर्णन किया गया। द्वापर युग के व्यासों के नाम बताए गए। लक्ष्मी द्वारा भगवान विष्णु को दिए गए शाप और उनके हयग्रीव अवतार की कथा ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

कथा के अंत में रेवती नक्षत्र के पतन और पुनर्स्थापना की कथा सुनाई गई।

# पुरबिया बस्ती व केसर बाग आंगनबाड़ी में क्रैच पालन केंद्र का शुभारंभ

■ **सभासद धर्मेंद्र ठाकुर एवं सभासद अंकित जोशी ने किया उद्घाटन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पुरबिया बस्ती फर्स्ट एवं केसर बाग आंगनबाड़ी केंद्र में क्रैच पालन केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सभासद धर्मेंद्र ठाकुर एवं सभासद अंकित जोशी द्वारा किया गया।

यह केंद्र भारत सरकार की पालन योजना के अंतर्गत प्रारंभ किए गए हैं।

योजना के तहत 6 माह से 6 वर्ष तक के ऐसे बच्चों को सुविधा प्रदान की जाएगी, जिनके माता-पिता कामकाजी हैं तथा कार्य के दौरान घर पर बच्चों की देखभाल करने वाला कोई उपलब्ध नहीं होता। ऐसे में माता-पिता अपने बच्चों को क्रैच



पालन केंद्र में सुरक्षित रूप से छोड़कर अपने कार्यस्थल जा सकते हैं। फ्रेश आंगनबाड़ी केंद्र के अंतर्गत अम्ब्रेला मिशन शक्ति योजना के तहत एक ही छत के नीचे बच्चों को पोषणयुक्त एवं समग्र बाल देखभाल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण, पूरक पोषण आहार, स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण, खेलकूद तथा प्रारंभिक शिक्षा की व्यवस्था शामिल है।

केंद्र में बच्चों के सोने व आराम करने की सामग्री, खेल सामग्री, भोजन पकाने एवं बच्चों को खिलाने की समुचित सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य सेविका किरण वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुचि डोगरा, संध्या नेगी, सुनीता नेगी, जयेंद्री मनचंदा तथा आंगनबाड़ी सहायिकाएं ममता उनियाल, अंजू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लंबगांव के छात्रों ने श्रमदान से संवारा कंडियालगांव

■ **सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एनएसएस शिविर का समापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राजकीय इंटर कॉलेज लंबगांव द्वारा कंडियालगांव में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का रविवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। शि. विर के दौरान छात्र-छात्राओं ने न केवल समाज सेवा का पाठ पढ़ा, बल्कि अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का भी लोहा मनवाया। समापन समारोह में उत्कृष्ट कार्य और शानदार प्रस्तुतियां देने वाले स्वयंसेवकों को विद्यालय प्रशासन द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विगत सात दिनों तक चले इस शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने "सेवा परमो धर्म:" के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए कंडियालगांव में व्यापक सफाई अभियान चलाया। छात्रों ने गांव के सार्वजनिक संपर्क मार्गों की मरम्मत और सफाई की, साथ ही पहाड़ की जीवनरेखा माने जाने वाले प्राकृतिक जल स्रोतों (नौले, धारे और पनियारों) को भी साफ-सुथरा बनाया। गांव के आसपास बढ़ी हुई अनियंत्रित झाड़ियों का कटान कर स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। शिविर के समापन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, भोजपुरी और हिंदी गीतों पर एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया। लोक संस्कृति की झलक और देशभक्ति के तरानों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य आशीष कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य केवल सात दिन की सेवा नहीं, बल्कि जीवन भर के लिए अनुशासित रहना है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस प्रभारी विमला देवी, कुंवर सिंह पंवार, कीर्ति सिंह पंवार, धनपाल पंवार, सुंदर लाल, नीरज कुमार, रानी कुमारी, स्वाति और विकास मिश्रा सहित विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जौनसार बावर जनजातीय कल्याण समिति का 'पौष त्यौहार' हर्षोल्लास के साथ संपन्न

■ **रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुनियों ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार बावर जनजातीय कल्याण समिति, दिल्ली की ओर से ग्रीन औरा नम्बरदार फार्म हाउस, वैशाली में आयोजित वार्षिक महोत्सव 'पौष त्यौहार' अत्यंत हर्षोल्लास, सांस्कृतिक गरिमा और व्यापक जनसहभागिता के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति के अनेक गणमान्य सदस्य, आमंत्रित अतिथि, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

महोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप दीप



प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जौनसार बावर की समृद्ध लोकसंस्कृति को दर्शाती रंगा. रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लोकनृत्य एवं संगीत ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'पुश त्यौहार' के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं एवं सामाजिक एकता का सशक्त प्रदर्शन देखने को मिला। महोत्सव के दौरान महिलाओं के लिए आयोजित म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जौनसार बावर के पारंपरिक मिलेट व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई। मशीयाडा भात, शशाणी, पीठे तथा कणका के सिडकू जैसे पारंपरिक व्यंजन उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों के लिए परोसे गए। इन व्यंजनों को गीता सिंह रावत (पत्नी रतन सिंह रावत), बिरमा शर्मा (पत्नी मायाराम शर्मा), निर्मला रावत (पत्नी चमन सिंह रावत) एवं सरोज चौहान (पत्नी किशन सिंह चौहान) द्वारा प्रेमपूर्वक तैयार किया गया, जिनकी सभी ने सराहना की।

महोत्सव के अवसर पर जनवरी से दिसंबर 2025 के मध्य समिति से सेवानिवृत्त हुए सदस्यों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष विद्यादत्त जोशी, रमेश चंद जोशी एवं नरदेव वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त समिति के सदस्यों के उन बच्चों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावी विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए प्रोफिशिएंसी अवार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में समिति के चेयरमैन रतन सिंह रावत, अध्यक्ष मायाराम शर्मा, सचिव सुल्तान सिंह चौहान सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद रहे। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि सामूहिक सहयोग से ही वार्षिक महोत्सव 'पुश त्यौहार' को सफल बनाया जा सका।

# फाइनेंस कंपनी के सीईओ और निदेशकों पर धोखाधड़ी का केस

- पीड़ितों ने पुलिस में की शिकायत
- निवेश की राशि दोगुना होने का दिया झांसा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर की एक फाइनेंस कंपनी के सीईओ और दो निदेशकों पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। यह मामला जीएसएफएक्स ग्लोबल लिमिटेड फाइनेंस कंपनी से जुड़ा है, जो लंबे समय से शहर के डहरिया क्षेत्र में संचालित हो रही थी। कंपनी के सीईओ विमल रावत, निदेशक रुबी रावत और अनूप कंडारी के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। बता दें कि कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत की छापेमारी के बाद यह फर्जीवाड़ा सामने आया। जानकारी के अनुसार मुखानी निवासी पीड़ित पार्थ पाराशर ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि कंपनी के सीईओ और निदेशकों ने उन्हें निवेश के नाम पर ठगा। पार्थ ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें एक योजना के तहत 25-30 महीनों में निवेश की गई राशि दोगुनी होने का झांसा दिया। आरोपियों ने दावा किया था कि उनकी कंपनी निवेश की गई राशि को मार्केट ट्रेडिंग में लगाकर उसे दोगुना कर देगी। इसके बाद पीड़ित ने दो किस्तों में 10 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित को आरोपियों ने एक एग्रीमेंट भी दिया, जिसमें यह लिखा था कि कंपनी प्रति माह 8 प्रतिशत ब्याज देगी। शुरुआत में कंपनी ने विश्वास दिलाने के लिए 1.90 लाख रुपये वापस किए, लेकिन बाकी रकम की कोई वापसी नहीं की। जब पीड़ित ने तकादा किया, तो आरोपियों ने अपने फोन बंद कर दिए। इससे पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। इधर कोतवाली प्रभारी विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सीईओ, उनकी पत्नी और एक निदेशक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# काठगोदाम डिपो की जयपुर-आगरा सेवा में ब्रेक

- यात्रियों को हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम की काठगोदाम डिपो की जयपुर और आगरा सेवा में इन दिनों गंभीर समस्याएँ आ रही हैं। दोनों सेवाओं में बसों के खराब होने और स्पेयर पार्ट्स की कमी के कारण, ये बसें प्रतिदिन नहीं चल रही हैं। दोनों मार्गों पर केवल एक दिन की सेवा उपलब्ध हो रही है, जबकि दूसरे दिन बसें खड़ी रहती हैं। काठगोदाम डिपो की जयपुर और आगरा मार्ग की बसों की हालत काफी खराब हो चुकी है। जयपुर सेवा में इंजन खराब होने के कारण बस खड़ी है, जबकि आगरा सेवा के फ्रंट शीशे टूटने से यह सेवा 10 दिन से बंद पड़ी है। इन समस्याओं के अलावा, कई अन्य बसों के



छोटे-छोटे स्पेयर पार्ट्स की कमी के कारण भी वे मार्ग में नहीं जा पा रही हैं। उत्तराँचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट और शाखा मंत्री शशिकांत गौतम ने निगम प्रबंधन से तत्काल सुधार की मांग की है। उनका कहना है कि काठगोदाम डिपो की जयपुर और आगरा सेवा पिछले कई वर्षों से प्रतिदिन चलती रही हैं, लेकिन अब यह सेवा बहुत प्रभावित हो चुकी है। यात्रियों को बस उपलब्ध न होने के कारण गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# 'जन-जन के द्वार' पहुंची 'जन-जन की सरकार'

- भीमताल में बहुउद्देशीय शिविर
- जनता की सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकासखंड भीमताल की न्याय पंचायत पिनरौ के अंतर्गत ओपन थियेटर पिनरौ में 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' बहुउद्देशीय शिविर का सोमवार को आयोजन किया गया। इस शिविर में नोडल अधिकारी और अपर जिला. धिकारी विवेक राय ने क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना और उन्हें समाधान देने का प्रयास किया। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा



स्थानीय लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया, जिनमें ग्राम्य विकास/पंचायती राज, पेयजल/जल जीवन मिशन, लोक निर्माण विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, लघु सिंचाई, उडेरा, खाद्य आपूर्ति और उद्यान विभाग शामिल थे। इस दौरान विशेष ध्यान इस बात पर दिया गया कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। शिविर में लगाए गए विभागीय स्टॉलों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, और मौके पर ही पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कुल मिलाकर 67 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस शिविर में कुल 408 नागरिकों ने लाभ उठाया। शिविर के दौरान ब्लॉक प्रमुख भीमताल डा. हरीश बिष्ट, ज्येष्ठ उप प्रमुख उमेश पलडिया, जिला पंचायत सदस्य खीमानन्द शर्मा, खंड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र की जनता मौजूद रही।

## पत्रकारिता छात्रों के लिए हुआ ऑनलाइन परामर्श सत्र

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा द्वारा एमएजेएमसी कार्यक्रम के तीनों सेमेस्टर के शिक्षार्थियों के लिए एक विशेष ऑनलाइन परामर्श सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में कुल 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परामर्श सत्र के दौरान विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम की संरचना, विषयवस्तु, अध्ययन पद्धति और ऑनलाइन असाइनमेंट्स की सम्पादन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस सत्र में पत्रका. रिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा के निदेशक प्रो. राकेश चन्द्र रयाल ने विद्यार्थियों के सवालों का उत्तर देते हुए शैक्षिक गतिविधियों को सुचारु रूप से पूरा करने में मदद की। विद्यार्थियों ने इस सत्र को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें पाठ्यक्रम की गहरी समझ प्राप्त करने में मदद मिली। प्रो. रयाल ने सत्र के समापन पर बताया कि विभाग भविष्य में भी इस तरह के अकाद. मिक और मार्गदर्शनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा।

# सेवा भारती ने लगाए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

- चिकित्सकीय परामर्श के साथ दवाएं भी बांटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती विभाग हल्द्वानी द्वारा 60 से अधिक एनएमओ और डॉक्टर्स की टीम के साथ मिलकर हल्द्वानी नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बस्तियों में 10 अलग-अलग स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों को न केवल चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया, बल्कि उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इन शिविरों में बीपी, शुगर, सामान्य रोगों की जांच के साथ-साथ आंखों



की जांच भी की गई, और आंखों के ऑपरेशन की मुफ्त सुविधा भी दी गई। इसके अलावा जरूरतमंदों को मुफ्त चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। इस पहल का लाभ नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोग, विशेषकर महिलाएं, पुरुष, और बच्चे, ने उठाया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र सेवा प्रमुख धनीराम ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का पालन करते हुए समाज सेवा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि हमें समाज सेवा के माध्यम से नर से नारायण बनने की ओर अग्रसर होना चाहिए। शिविर में जिला संघचालक डा. नीलंबर भट्ट, सेवा भारती के प्रदेश सह मंत्री यशपाल सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष हल्द्वानी आनंद सिंह भाकुनी, जिला मंत्री ऐडवोकेट सुदर्शन राणा, सेवा भारती के विभिन्न कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 125 लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दूरस्थ गांव बसानी में सेवा भारती की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के 125 से अधिक लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। बसानी के सरमाउंट पब्लिक स्कूल में आयोजित चिकित्सा शिविर में बसानी क्षेत्र के विभिन्न रोगों से पीड़ित लगभग 125 से अधिक संख्या में लोगों ने अपनी जांच व उपचार कराया। साथ ही सभी रोगियों को दवाएं भी उपलब्ध करायी गई। शिविर में क्षेत्र के वरिष्ठ फिजिशियन डा. नीलांबर भट्ट ने रोगियों को उपचार के साथ ही सही दिनचर्या व खानपान के बारे में भी




बताया। जबकि वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा.आरपीएस नेगी ने शिविर में आए सभी बच्चों की जांच की व उन्हें मौसमी बीमारी से बचाव के उपाय बताए। सर्जन अनुभव आर्य व डा. ऊषा भट्ट ने रोगियों की अनेक समस्याओं का मौके पर निदान किया। शिविर में स्कूल के प्रबंधक डा. राजेन्द्र सिंह क्वीरा, प्रधानाचार्य वनिता क्वीरा, यशपाल सिंह बिष्ट, हरीश जोशी, एनएस सुयाल, श्रेया पंत, पूर्व प्रधान विमला तडागी, दान सिंह तड़ागी, दिव्या कुशवाहा, भूबी सिंह आदि मौजूद रहे।

## 31 दिनों का एसी-रेफ्जिरेटर रिपेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी हीरा कुंवर स्कूल कुंवरपुर में 18 से 50 वर्ष के युवाओं व युवतियों के लिए 31 दिनों की एसी, रेफ्जिरेटर रिपेयर का प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। पूरे जिले के लिए 35 सीटें निर्धारित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की 75 प्रतिशत सीटें (25 सीटें) ग्रामीण क्षेत्र के बीपीएल परिवार के सदस्यों, एनआरएलएम के समूह, एसएचजी के परिवार के सदस्यों तथा मनरेगा परिवार के सदस्यों के लिए आरक्षित है। यह आवासीय प्रशिक्षण पूर्णतया निशुल्क है, जिसमे भोजन, यूनिफार्म व प्रशिक्षण सामग्री भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

# बिना लाइसेंस मीट और मछली बेचने पर प्रतिबंध लगाने की मांग

- नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एकता जन सेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल और राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर व प्रदेश मीडिया प्रभारी रोहित दिवाकर ने संयुक्त रूप से हल्द्वानी क्षेत्र में बिना लाइसेंस और अनुमति के मीट एवं मछली की दुक. ानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर नगर आयुक्त परितोष वर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह आरोप लगाया गया कि हल्द्वानी के विभिन्न क्षेत्रों जैसे छड़ायल, ऊंचापुल, कठघरिया, शनिबाजार, बरेली रोड,



आदि पर मीट और मछली के फड़ अवैध रूप से लगे हुए हैं, जिनमें मीट और मछली को बिना किसी लाइसेंस के बेचा जा रहा है। आरोप है कि इन व्यापारियों द्वारा मीट और मछली को लंबे समय तक ताजगी बनाए रखने के लिए केमिकल दवाइयों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि ऐसे अवैध व्यापारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## पैदल मार्ग दुरुस्त करने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामगढ़ ब्लाक में देव्द्वार से सिनौली प्यूड़ा जिला पंचायत पैदाल मार्ग को चार पहिया मोटर मार्ग बनाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश चन्द्र जीतू ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आनंद सिंह दरम्वाल को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश चन्द्र जीतू ने कहा कि रामगढ़ ब्लॉक में देवद्वार से सिनौली-प्यूड़ा के लिए जिला पंचायत का काफी पुराना पैदल मार्ग है।

इस पैदल मार्ग में कई गांव जुड़े हुए है। गांव में किसी का स्वास्थ्य अगर खराब होता है तो उसे सड़क तक लाने में ग्रामीणों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए इस पैदल मार्ग को चार पहिया मोटर मार्ग किया जाए। चार पहिया मोटर मार्ग होने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा, एवं दैनिक जीवन में हो रही परेशानियों से निजात मिल सकेगी।

## दाखिल खारिज में आ रही तकनीकी समस्या

**हल्द्वानी।** तहसील हल्द्वानी अंतर्गत दाखिल खारिज की कार्यवाही लगातार जारी है। तहसीलदार कुलदीप पाण्डे ने बताया कि दाखिल खारिज के आदेश के बाद प्रविष्टियां आर-6 पंजिका में दर्ज की जा रही है और प्रक्रिया पूरी तरह नियमानुसार संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि दाखिल खारिज के उपरांत डाटा भू-लेख पोर्टल पर दर्ज कर खतौनी में ऑनलाइन प्रदर्शित किया जाता है, लेकिन नए पोर्टल के लांच होने के कारण वर्तमान में खतौनी का डाटा ऑनलाइन दिखाई नहीं दे रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए शासन को पत्र भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि तकनीकी विशेषज्ञों से वार्ता के दौरान जानक. ारी मिली है कि जल्द ही डाटा को ऑनलाइन फैच कर खतौनी में प्रदर्शित कर दिया जाएगा।

**विधान सभा सचिवालय, उत्तराखण्ड**
(व्यवस्था अनुभाग)

संख्या : 527/वि0स0/35/व्यव0/2025-26 देहरादून, दिनांकः 19 जनवरी, 2026

**ई-निविदा सूचना**

विधान सभा सचिवालय स्थित जलपान गृह के संचालन हेतु प्रतिष्ठित योग्य फर्मों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 04 फरवरी, 2026 (सांय 05:00 बजे) तक है।

विस्तृत विवरण एवं अन्य जानकारी हेतु वैबसाईट https://www.uktenders.gov.in पर जायें।

(हरीश कुमार), अनु सचिव

## Public Notice

TAKE NOTICE THAT Mrs. Ruby Daniel W/O Mr. Sarvesh Daniel residing at 46 4 chakhuwala block 3 indra calony Dehradun have agreed to purchase the property more particularly described in the schedule mentioned hereunder written (hereinafter referred to as 'the saidproperty") from Mr. Ashwani Kumar S/o Sh. Om Prakash ("Seller") and to mortgage to my/our client IDFC FIRST Bank Limited Address as 69, Rajpur Road Dehradun Uttarakhand the said property, free from all charges or encumbrances. All PERSONS claiming any share, interest or right in the said property or any part thereof by way of sale, transfer, assignment, mortgage, charge, lease, license, lien, tenancy, trust, gift, easement, possession, inheritance or otherwise however are hereby required to make the same known to the undersigned in writing, within (7) Seven days from the date of publication of this notice, with all supporting documents, failing which mortgage over the said property shall be created without reference to all claims if any, and the same shall be deemed to waived/ and or abandoned and will not be binding on my/our clients.

**THE SCHDEDULE ABOVE REFERRED TO**

(Detail description of the property) All that property bearing Municipal No. 209, New Municipal No. 301/306 Block First, Chakhuwala, Distt. Dehradun measuring 50 Sq.mtrs., having covered area 81.56 Sq.mtrs. as follows, East: Private Passage Sh. Moti Lal Thapa, side measuring 9 ft. West: House of Mittal, side measuring 24.2 ft North: Property of Moti Lal Thapa, side measuring 35.4 ft South: 16 ft. wide Road, side measuring 28.2 Ft.

Adv-Mr. Shammi Tandon
Add: 981/654, Satya Vihar, Ballupur Road-1, Vijay Park, Dehradun.
Mob. No. 9897006975

# चरस समेत एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुक्तेश्वर से हल्द्वानी चरस बेचने को ला रहे एक चरस तस्कर को टीपीनगर पुलिस ने मंडी बाईपास के पास से गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 750 ग्राम चरस बरामद की।

तस्कर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। जानक. ारी के अनुसार बीते रविवार की रात टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार मय टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे तभी उन्हें मुखबिर की सटीक सूचना मिली की एक युवक मुक्तेश्वर से भारी मात्रा में चरस लेकर हल्द्वानी बेचने के लिए आ रहा है। सटीक सूचना पर टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने मंडी बाईपास के पास चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। चैकिंग के दौरान एक बाइक संख्या यूके06एबी-2486 आती दिखाई दी। टीम ने बाइक सवार को दूर से रूकने का इशारा किया लेकिन बाइक सवार ने बाइक की गति तेज कर दी। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए बाइक सवार युवक को दबोच लिया। उसके पास रखे बैग की तलाशी ली तो उसमे से 750 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए चरस तस्कर ने अपना नाम गोपाल सिंह पुत्र स्व. किशन सिंह निवासी ग्राम सुनकिया भटेलिया, थाना मुक्तेश्वर बताया। पकड़े गए तस्कर ने बताया कि वह गांव से चरस इकठ्ठा करता है और जब चरस ज्यादा मात्रा हो जाती है तो उसे हल्द्वानी सहित कई जगहों पर मंहगे दामों में बेचकर अधिक मुनाफा कमाता है।



**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **लोकेश कुमार** व उसकी पत्नी **ज्योति** मेरे कहने सुनने में नहीं हैं इसलिए मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्य कार्यो के वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सुरेश कुमार पुत्र रामचंद्र**
निवासी: मकान नंबर 71/1 मलकपुर प्रेमकुंज रुड़की हरिद्वार।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कुटुम्ब विहार, ग्रा0 व पो0 सिनौला, मसूरी, देहरादून-248003
फोन नं. : 0135-2736032 e-mail: jalnigam.mussoorie@yahoo.com

पत्रांक-60/135/01 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांकः- 13.01.2026

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो के लिये सम्मुख अंकित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 29.01.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन (अथवा अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में) अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस कार्यालय मे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य (रु0 में) | निविदा विक्रय की अन्तिम तिथि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थेवा मालदेवता एवं सेरकी पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन बिछाने का कार्य। | 16000.00 | 03 माह | 1000.00 + GST@18% | 28.01.2026 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी |
| 2 | मसूरी पेयजल योजना के अन्तर्गत इन्टेक वैल स्थल पर सुरक्षात्मक कार्य। | 9000.00 | 02 माह | 500.00 + GST@18% | 28.01.2026 | |
| 3 | मसूरी पेयजल योजना के अन्तर्गत विनसेंट हिल क्षेत्र में 300mm dia MSERW पाईप बिछाने का कार्य। | 8000.00 | 01 माह | 500.00 + GST@18% | 28.01.2026 | |

नोटः- शर्तें कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी चमोली**

संख्या-475-76/ निविदा /ल० नि० / रा०यो० / 2025-26/ गोपेश्वर दिनांक 15 जनवरी 2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागान्तर्गत जनपद चमोली की विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में आवासीय एवं अनावासीय भवनों में छोटे लघु निर्माण / मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्यो की अधिप्राप्ति हेतु चिकित्सा स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग, देहरादून में भवन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार/ फर्मों से वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिस हेतु अन्य विभाग का पंजीकरण मान्य नही होगा। निविदायें दिनांक 30.01.2026 को अपराहन 02:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दो लिफाफा प्रणाली (Two Bid System) के अनुसार शीलबन्द आमत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाओं / उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र / कार्यो का विवरण एंव उनकी शर्ते कार्यालय में लगे सूचना पट पर देखी जा सकती है। निवदा विक्रय दिनांक 17.01.2026 से 30.01.2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा प्रपत्र के निर्धारित शुल्क मुख्य चिकित्सा अधिकारी चमोली के नाम देय डिमान्ड ड्राफ्ट जो एस0बी0आई मुख्य शाखा गोपेश्वर में देय हो जमा करने एंव जी०एस०टी० की धनराशि जमा करने पर प्राप्त किये जा सकते है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
चमोली।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
UJVNL
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

RO No. 45 **ई-निविदा शुद्धि पत्र** Dated : 19/01/2026

अपरिहार्य कारणो से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-द्वितीय) यूजेवीएन लिमिटेड, गुप्तकाशी, रूद्रप्रयाग द्वारा आमन्त्रित निविदा सं0 07/अअ (जानपद-द्वितीय/गुप्तकाशी/2025-26 की तिथि में परिवर्तन किया जाता है :-

बेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता तिथि : 20.01.2026 को 17:00 बजे से

निविदा की अन्य समस्त शर्ते यथावत रहेंगी। अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in देखें।

अधिशासी अभियन्ता (जानपद-द्वितीय)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय- अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, डोईवाला
E-mail Id-eedoiwalaupcl11@gmail.com

**निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधोलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**E-Tender No.:41/EDD(D)/2025-26-** For Hiring 01 No. of Diesel/Petrol vehicle along with driver and Diesel/Petrol for EDD Doiwala for One year.
**E-Tender No.:42/EDD(D)/2025-26-** For Hiring 01 No. of Diesel Jeep along with driver and Diesel for EDSD Doiwala for One year.
**E-Tender No.:43/EDD(D)/2025-26-** For Hiring 01 No. of Diesel Jeep along with driver and Diesel for EDSD Jollygrant for One year.
**E-Tender No.:44/EDD(D)/2025-26-** For Hiring 01 No. of Diesel Jeep along with driver and Diesel for EDSD Laltappar for One year.

अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखे एवं ई-निविदा के सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिए कृपया फोन नं0 8899890000 पर सम्पर्क करें।

"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"

पत्रॉंकः 235/वि०वि०ख०(डोईवाला)/उपाकालि/ दिनांकः 19/01/2026 अधिशासी अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं0 1800-419-0405

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, डोईवाला
Email Id-eedoiwalaupcl11@gmail.com

पत्रांक : 234/ (EDD(D)/ दिनांक 19/01/2026

**निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिये "ए" श्रेणी के लाईसेन्स धारक, जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, ई०एस०आई० के अन्तर्गत पंजिकृत, आयकर / पैन कार्ड धारक निविदाकर्ताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग मे निविदा धरोहर धनराशि, नियम एवं शर्तें, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत "ए" क्लास लाईसेंन्स की प्रतिलिपि, जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, ई०एस०आई० पंजीकरण, पैनकार्ड की प्रतिलिपि एवं समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जोकि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह तक वैध हो) निम्नलिखित तिथियों के अनुसार उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित तिथि तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनराशि के निविदा भाग-2 नही खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने/अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते है। विस्तृत नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित हैं।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा प्रपत्र जमा करने व खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 45/EDD (D)/ 2025-26 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, जौलीग्रान्ट से पोषित 11 के०वी० आदर्श नगर फीडर को विभक्त कर नये फीडर का निर्माण कार्य। | ₹500.00+ जी०एस०टी० | ₹18,100.00 | 05.02.2026 (12:00 बजे तक) | 06.02.2026 14:00 बजे, (15:00 बजे निविदा खोली जायेगी) |

किसी भी विद्युत समस्या के लिये सम्पर्क करें टोल फ्री नं0 18004190405 | राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, डोईवाला।

# इंडोनेशिया मास्टर्स में सिंधु करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

● ओलंपिक पदक विजेता पीसी सिंधु पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में पहले ही राउंड में हारी थी





**जकार्ता, वार्ता।** पिछले सप्ताह पहले राउंड में बाहर होने के बाद, पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करते हुए वापसी करने की कोशिश करेंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में पहले ही राउंड में हारने के बाद इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। पीवी सिंधु इस महीने की शुरुआत में सीजन के पहले मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं और पहले राउंड में जापान की कम रैंक वाली मनामी सुइजू का सामना करेंगी। महिला एकल मुख्य ड्रॉ में सिंधु के साथ मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा भी होंगी। चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन युफेई भी महिला एकल ड्रॉ का हिस्सा हैं और वह पहले राउंड में उन्नति हुड्डा का सामना करेंगी। दुनिया के 14वें नंबर के भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में क्वार्टर-फाइनल तक पहुंचने के अपने अच्छे प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। पूर्व वर्ल्ड नंबर वन किदांबी श्रीकांत भी अपने साथी खिलाड़ी एचएस प्रणय, तरुण मन्नेपल्ली और आयुष शेट्टी के साथ पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। युगल जोड़ी हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन पुरुष मुख्य ड्रॉ में एकमात्र भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जबकि ध्रुव कपिला/तनीषा क्रैस्टो और रोहन कपूर/रुथविका शिवानी गड्डे मिश्रित युगल में हैं। इस बीच, रश्मि गणेश और सानिया सिकंदर-इंडोनेशिया में महिला युगल में भारत की एकमात्र जोड़ी क्वालिफिकेशन राउंड में अपना अभियान शुरू करेंगी।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में म्बोको


● विक्टोरिया म्बोको ने मेलबर्न पार्क में पहले दौर के मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई किशोर एमर्सन जोन्स को 6-4, 6-1 से दी मात

**मेलबर्न, वार्ता।** विक्टोरिया म्बोको ने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को सीधे सेटों में जीत के साथ दूसरे राउंड में जगह बनाई। यहां खेले 17वीं सीड कनाडाई खिलाड़ी ने मेलबर्न पार्क में पहले राउंड के मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई किशोर एमर्सन जोन्स को 6-4, 6-1 से हराया। घरेलू खिलाड़ी को मिले जबरदस्त सपोर्ट के बावजूद, म्बोको ने शांत और दमदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पहला सेट काफी कड़ा था, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती चरणों में अपनी सर्विस बचाए रखी। 4-4 के स्कोर पर, म्बोको ने अपनी रणनीति बदली, अपने पावरफुल फोरहैंड और बेसलाइन से जडादा निरंतरता दिखाते हुए जोन्स की सर्विस तोड़ी और सेट 6-4 से जीत लिया।



म्बोको ने एक घंटे और 12 मिनट मैच को समाप्त कर दिया, जो उनकी उम्र से कहीं जडादा परिपक्वता दिखाता है। म्बोको अगले राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी कैटी मैकनैली से भिड़ेगी।

# युआन यू को हराकर इगा स्वियाटेक दूसरे दौर में



**मेलबर्न, वार्ता।** पोलैंड की महिला टेनिस स्टार इगा स्वियाटेक ने सोमवार को चीन की युआन यू को एकल मुकाबले में हराकरऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। यहां खेले गए पहले राउंड में, चीन की युआन ने वर्ल्ड नंबर दो स्वियाटेक को कड़ी टक्कर दी, पहले सेट में टाईब्रेक तक ले गईं और दो घंटे के मैच में कुल नौ गेम जीते। इस शानदार प्रयास के बावजूद, छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियाटेक ने फिर भी 7-6 (5), 6-3 से जीत हासिल की। इगा स्वियाटेक दूसरे राउंड में चेक गणराज्य की मैरी बोज्कोवा से भिड़ेगी।

# कोग्निवेरा पोलो कप: जयपुर में दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी का अनावरण

● इससे पहले यह गौरव चेन्नई के 'कोलांका कप' 6 फीट के नाम था

**जयपुर/नई दिल्ली, वार्ता।** गुलाबी नगरी जयपुर में कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस ने राजस्थान पोलो क्लब के सहयोग से 'कोग्निवेरा पोलो कप 2026' की लगभग सात फीट ऊंची ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया है। यह दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी है। अब तक दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी होने का गौरव चेन्नई के 'कोलांका कप' (6 फीट) के नाम था, लेकिन कोग्निवेरा पोलो कप की सात फीट ऊंची ट्रॉफी ने अब एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। इस भव्य ट्रॉफी का अनावरण जी स्टूडियो (सीता. पुरा) में सोनू निगम के 'दीवाना तेरा' टूर के दौरान जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह की गरिमामई उपस्थिति में किया गया। यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट 26 जनवरी से शुरु होगा, इसका फाइनल मुक. ाबला एक फरवरी को खेला जाएगा। 8-गोल वाले इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश और दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ी और शानदार पोलो घोड़े अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले जयपुर के विभिन्न प्रतिष्ठित पोलो मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ कमलेश शर्मा ने कहा कि पोलो अनुशासन और टीम वर्क का खेल है, जो हमारे संस्थान के मूल्यों से मेल खाता है। दुनिया की सबसे ऊंची ट्रॉफी बनाना हमारा एक सोचा-समझा निर्णय था, ताकि हम इस खेल की गरिमा को एक नया सम्मान दे सकें।

# भारत की सीरीज हार के बावजूद गावस्कर ने कोहली-राणा की तारीफ की

**कहा: विराट कोहली की मानसिकता उन्हें कई समकालीन खिलाड़ियों से अलग बनाती है**



**इंदौर, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली के बैटिंग टेम्परमेंट की तारीफ करते हुए कहा है कि स्टार बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक खेलने के बजाय स्थिति के अनुसार अपने खेल को बदलने की क्षमता रखते हैं। इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे के बाद जियोस्टार पर बातचीत में गावस्कर ने कहा कि कोहली की मानसिकता उन्हें कई समकालीन खिलाड़ियों से अलग बनाती है। गावस्कर ने कहा कि उनके बारे में खास बात यह है कि वह किसी इमेज से बंधे नहीं हैं। बहुत से बल्लेबाज और गें. दबाज इस बात से बंधे होते हैं कि उन्हें कैसे देखा जाता है और उन्हें लगता है कि उन्हें उस इमेज पर खरा उतरना होगा। विराट ऐसे नहीं हैं। वह अपने काम पर ध्यान देते हैं और वह काम रन बनाना है। गावस्कर ने कहा कि वह इस बात की उम्मीदों से बंधे नहीं हैं कि उन्हें कैसे खेलना चाहिए। वह स्थिति के अनुसार खेलते हैं। यही टेम्परमेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि दबाव में भी हार न मानने का कोहली का रवैया उनका एक खास गुण है जो कि उन्हें अन्य से भिन्न बनाता है। कोहली पर यह टिप्पणी सीरीज के निर्णायक मैच में 108 गेंदों पर 124 रन की उनकी शानदार पारी के बाद आई है। न्यूजीलैंड ने यह मैच 41 रन से जीतकर ऐतिहा. सिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत ली जो कि 37 साल के इंतजार के बाद भारतीय धरती पर यह उनकी पहली सीरीज जीत थी। उन्होंने कहा कि आखिर तक भी वह कोशिश कर रहे थे। शायद दस्ताने थोड़े पसीने से गीले हो गए, ग्रिप थोड़ी ढीली हो गई, और इसीलिए बल्ले का मुंह घूम गया। उन्होंने युवा क्रिकेटरों के लिए कोहली के इस रवैए को एक सबक के तौर पर भी बताया, और उनसे कहा कि वे पहले से बनी उम्मीदों के बजाय मैच की स्थितियों पर ध्यान दें। गावस्कर ने ऑलराउंडर राणा की निचले क्रम की बल्लेबाजी की भी तारीफ की और लक्ष्य का पीछा करने के अहम चरण में उनकी भूमिका की स्पष्टता की सराहना की। राणा ने 43 गेंदों पर 52 रन की जवाबी हमलावर पारी खेली व कोहली के साथ 99 रन की साझेदारी की, जिससे कुछ समय के लिए भारत की उम्मीदें फिर से जगीं। गावस्कर ने कहा कि उन्होंने बिल्कुल वैसे ही बल्लेबाजी की जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज को करनी चाहिए।

# मांसपेशियों में खिंचाव के चलते फेलिक्स ऑगर ऑस्ट्रेलिया ओपन से रिटायर



**मेलबर्न, वार्ता।** सातवीं सीड फेलिक्स ऑगर-एलियासिम सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में अपने पहले राउंड के मैच के दौरान मांसपेशियों में खिचाव के कारण रिटायर हो गए। मैच के दौरान जब कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिम ने रिटायर होने का फैसला किया वह पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे थे।

25 साल के ऑगर-एलियासिम पिछले साल के यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे और 2026 के मेजर सीजन की शुरुआत भी उसी फ़ॉर्म में करना चाहते थे। लेकिन बाएं पैर में तकलीफ के कारण उन्होंने तीसरे सेट के आखिर में मेडिकल टाइम आउट लिया और चौथे सेट की शुरुआत से पहले फिर से इलाज करवाया। चौथे सेट में दो अंक खेलने के बाद, ऑगर-एलियासिम रिटायर हो गए। ऑगर-एलियासिम ने कहा कि मैं ठीक हूं, लेकिन तीसरे सेट की शुरुआत में ही मुझे क्रैम्प आने लगे। इस लेवल पर मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया था। मैंने एक सेट तक प्रयास किया लेकिन हां, आज यह मुमकिन नहीं था। बोर्गेस ने ऑगर-एलियासिम के बारे में कहा कि मुझे उनके लिए बुरा लग रहा है। मैं जानता हूं कि शारीरिक रूप से संघर्ष करना कैसा लगता है और यह टेनिस का हिस्सा है। मुझे उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएंगे और अपने सबसे अच्छे लेवल पर वापस आएंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सृष्टि ने आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 का खिताब जीता

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी सृष्टि किरण ने मेक्सिको के हुआमांटला में हुए आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 टूर्नामेंट में गर्ल्स सिंगल्स का खिताब जीता। मेक्सिको के हुआमांटला में 12 से 18 जनवरी तक चली इस चैंपियनशिप में बेंगलुरु की 13 साल की लड़की सृष्टि ने घरेलू पसंदीदा तमारा हरमन (मेक्सिको) को 6-4, 6-4 से हराकर आईटीएफ खिताबों की शानदार हैट्रिक पूरी की। इससे पहले ड्रॉ में, उन्होंने सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए लगातार 10 गेम जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की और 2-4 से पीछे होने के बाद 16 साल की घरेलू पसंदीदा मिरांडा सोफिया एस्कैमिला (मेक्सिको) को 6-4, 6-0 से हराया।

### ट्रॉयल्स के पहले दिन मानिनी व ऐश्वर्य 50मी राइफल प्रोन में शीर्ष पर विराजमान

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान की मानिनी कौशिक ने सोमवार को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में और वर्ल्ड चैंपियनशिप रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्पर्धा के सिलेक्शन ट्रायल वन में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों के वर्ग में शीर्ष में जगह बनाई। यहां डा. करणी सिंह शूटिंग रेंज में राइफल/पिस्टल नेशनल सिलेक्शन ट्रॉयल्स एक और दो (ग्रुप ए) के पहले दिन मानिनी कौशिक ने महिलाओं के 50 मीटर राइफल प्रोन टी1 में कुल 625-0 अंकों के साथ शीर्ष पर रही। उन्होंने 104-7, 104-2, 102-3, 104-6, 104-2, और 105 के साथ शांत और संतुलित सीरीज-दर-सीरीज प्रदर्शन के आधार पर हासिल किया। कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन 622.6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि केरल की विदार्सा के विनोद 622.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

# अंडर-19 विश्वकप: आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका के 267/5

**विंडहोक, वार्ता।** कप्तान विमथ दिनसारा (95) और चमिका हेनातिगाला (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप के 13वें मुकाबले में आयरलैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 267 रनों का स्कोर बनाया है। यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 59 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। दिमंथा महाविथान (नौ), विरान चामुदिथा (छह) और दुलनिथ सिगेरा (22) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कविजा गमागे ने कप्तान विमथ दिनसारा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। 33वें ओवर में कविजा गमागे (49) रन आउट हुये। छठें नंबर पर बल्लेबाजी करने आये चमिका हेनातिगाला ने विमथ दिनसारा के साथ पांचवें विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी की। इसी दौरान 46वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रहे विमथ दिनसारा को ओलिवर रिले ने अपना शिकार बना लिया। विमथ दिनसारा ने 102 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 95 रनों की पारी खेली। श्रीलंका की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 267 रनों का स्कोर खड़ा किया। चमिका हेनातिगाला 51 रन बनाकर नाबाद रहे। आयरलैंड के लिए ओलिवर रिले ने दो विकेट लिए। रूबेन विल्सन, ल्यूक मरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अंडर-18 विश्वकप: पाकिस्तान ने स्कॉटलैंड को 187 पर किया ढ़ेर

**हरारे, वार्ता।** अली रजा (चार विकेट) और मोमिन कमर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप के 12वें मैच में स्कॉटलैंड को 48.1 ओवर में 187 के स्कोर पर ढेर कर दिया। यहां पाकिस्तान की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 12 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। थियो रॉबिन्सन (चार) और मैक्स चैपलिन (दो) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे स्कॉटलैंड की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाये। थॉमस नाइट ने सर्वाधिक 37 रनों की पारी खेली। फिनले जोन्स (33), ओली जोन्स (30), मनु सारस्वत (25) और रोरी ग्रांट (21) रन बनाकर आउट हुये। स्कॉटलैंड के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 49वें ओवर की पहली गेंद पर अब्दुल सुभान ने जेक वुडहाउस (दो) को आउटकर स्कॉटलैंड की पारी का 187 के स्कोर पर अंत कर दिया। पाकिस्तान की ओर से अली रजा (चार विकेट) और मोमिन कमर (तीन विकेट) लिए।

# जेसन का शतक, द. अफ्रीका 397/5

**विंडहोक, वार्ता।** जेसन रोल्स (नाबाद 125) और कप्तान मुहम्मद बुलबु. लिया (103) की शतकीय पारियों और दोनों बल्लेबाजों के बीच हुई 201 रनों की विशाल साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफीका ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप के 11वें मुकाबले में तंजानिया के खिलाफ पांच विकेट पर 397 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आज यहां तंजा. निया की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफीका के लिए जोरिच वान शाल्कविक और अदनान लागाडियन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े।

आठवें ओवर में अल्फ्रेड डैनियल ने जोरिच वान शाल्कविक 34 गेंदों में (47) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 4वें ओवर में अदनान लागाडियन 32 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जेसन रोल्स और कप्तान मुहम्मद बुल. बुलिया ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 201रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक पूरे किये। 43वें ओवर में सिम्बा म्बाकी ने मुहम्मद बुलबुलिया को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। मुहम्मद बुलबुलिया ने 108 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 108 रन बनाये। पॉल जेम्स 18 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुये। दक्षिण अफीका ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 397 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जेसन रोल्स ने 101 गेंदों में 10 चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद125 रनों की पारी खेली। तंजानिया की ओर से सिम्बा म्बाकी ने दो विकेट लिए।

# पाक टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित

● पाक के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैचों के लिए टीम की अगुवाई मिशेल मार्श करेंगे

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारी के मद्देनजर 29 जनवरी से लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैचों के लिए अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल मार्श की अगुवाई वाली टीम की घोषणा की है। इस सीरीज के सभी मैच गद्दाफी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह सीरीज ऐसे समय में हो रही है

जब ऑस्ट्रेलिया का घरेलू सीजन अपने चरम पर है, बिग बैश लीग (बीबीएल) के फाइनल चल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल मार्श को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। टीम में ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस सीनियर खिलाड़ियों में शामिल हैं, ए सभी




ऑस्ट्रेलिया की इंग्लैंड के खिलाफ हालिया एशेज सीरीज में खेले थे। इस दौरे में कई बड़े खिलाड़ियों नाथन एलिस, टिम डेविड, जॉश हेजलवुड, ग्लेन मैक्सवेल और पैट कमिंस को नहीं चुना गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वर्कलोड मैनेज करने और ग्लोबल टूर्नामेंट से पहले अतिरिक्त रिकवरी का समय देने का फैसला किया है। कमिंस, हेजलवुड और डेविड सभी चोट के बाद पूरी तरह से फिट होने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी गैरमौजूदगी में, कई खिलाड़ियों को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है, जिनमें सीन एबॉट, महली बियर्डमैन, बेन ड्वारशुइस, जैक एडवर्ड्स, मिच ओवेन, जोश फिलिप और मैट रेनशॉ शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया के चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह सीरीज राष्ट्रीय टीम में चयन के करीब खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद होगी। बेली ने कहा कि यह सीरीज उन खिलाड़ियों के लिए एक शानदार मौका है जो चयन के कगार पर हैं और कुछ युवा खिलाड़ी जिन्हें हम बेहतर मानते हैं, उन्हें पाकिस्तान में विश्व कप ग्रुप के साथ कीमती अनुभव मिलेगा। इस सीरीज के तीनों मैच 29 जनवरी, 31 जनवरी और एक फरवरी को होंगे। ऑस्ट्रेलिया टी-20 टीम:- मिच मार्श (कप्तान), एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली, कूपर, बेन, जैक एडवर्ड्स, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, इंग्लिस, मैथ्यू कुहनमैन, मिच, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैट शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा।

# डी मिनौर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे



**एलेक्स डी मिनौर ने मैंकेजी मैकडॉनल्ड को हराया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई टेनिस स्टार एलेक्स डी मिनौर ने सोमवार को अमेरिका के मैकेंजी मैकडॉनल्ड को हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर को, अपने नौवें ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैकेंजी मैकडॉनल्ड के खिलाफ 6-2, 6-2, 6-3 से जीत हासिल करने में सिर्फ एक घंटा और 42 मिनट लगे। अपनी स्पीड और कंसिस्टेंसी के लिए जाने जाने वाले डी मिनौर ने पूरे मैच में अपनी खास एफिशिएंसी बनाए रखी। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा, उन्होंने मैकडॉनल्ड की बिना वजह की 30 गलतियों का फायदा उठाया और 32 विनर्स के साथ मैच खत्म किया।

## बीएसएम पीजी कॉलेज में नशे के दुष्प्रभाव पर

# एंटी ड्रग सेल समिति का जन जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सोमवार बीएसएम (पीजी) कॉलेज रुड़की में एंटी ड्रग सेल समिति के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 'नशे के दुष्प्रभाव 'विषय पर एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के डॉक्टर संदीप पोसवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और उन्हें बताया कि नशा समुदायों पर गहरा प्रभाव डालता है एवं सामाजिक ताने-बाने को बिगड़ाता है। अपराध बढ़ाता है, शराब और नशीली दवावो का दुरुपयोग छात्रों के जीवन में पहले से मौजूद अवसाद चिंता या आघात के साथ सहज रूप से जुड़ जाता है। छात्र अकेले या शैक्षिक बोझ से बचने के लिए मादक द्रव्यों का सेवन करते हैं, जिससे आगे चलकर गंभीर मानसिक समस्याएं विकार



विकसित होने का खतरा रहता है। अत: इससे बचने के लिए आप सभी स्वस्थ जीवनशैली, नियंत्रित व्यायाम, संतुलित आहार, पानी, पर्याप्त नींद और उन परिस्थितियों एवं आदतों से बचे जो आपको धूम्रपान के लिए प्रेरित कर सकती है। प्राचार्य प्रोफेसर गौतम वीर ने छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि एक स्वस्थ व संस्कारवान युवा अच्छे समाज व देश का निर्माता होता है। नशा समाज के लिए भयंकर बीमारी है इसलिए युवाओं को इससे कोसों दूर रहना चाहिए। नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से हानि पहुंचाता है। नशा मुक्ति के लिए जागरूकता फैलाना ,परिवार और दोस्तों का सहयोग और युवाओं को सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है। एंटी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डॉक्टर अलका तोमर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि युवाओं को खेलो, कला और अन्य सामाजिक गतिविधियों में शामिल करके नशे से दूर रखा जा सकता है। एक नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हम सबको एकजुट होकर काम करना होगा और नशा मुक्ति के प्रयासों में सहयोग करना होगा। इस अवसर पर डॉक्टर सुरजीत सिंह,डॉक्टर सीमा गुप्ता, डॉक्टर रीमा सिन्हा ,डॉक्टर राजेश पालीवाल, डॉक्टर इंदु अरोड़ा, डॉक्टर श्रीखा जैन आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस मौके पर आसिफ अहमद, काजल, मानसी, आरती ,सौरभ, हिमानी आदि छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

# कलियर से डेढ़ साल की मासूम बच्ची का अपहरण

**❖पड़ोसी किराएदार पर आरोप, मुकदमा दर्ज, पुलिस तलाश में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के चार मीनार कॉलोनी में घर के अंदर से डेढ़ साल की मासूम बच्ची के चोरी होने का मामला सामने आया है।पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुरादाबाद निवासी एक व्यक्ति पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी हैं।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की देर शाम उसकी बच्ची घर पर थी, तभी अचानक वह लापता हो गई। काफी देर तक दिखाई न देने पर परिजनों ने घर और आसपास के क्षेत्र में खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नही चल पाया। महिला ने पास में किराए पर रहने वाले अपने पड़ोसी पर बच्ची के चोरी करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि मुरादाबाद निवासी एक व्यक्ति घटना के समय घर के आसपास घूमता हुआ देखा गया था उसे शक है कि उसने ही उसकी बच्ची को चोरी किया है। कलियर थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर असलम निवासी मुरादाबाद के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी है।

# अवैध कच्ची शराब के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावि अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 18 जनवरी 2026 को मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रजनीश पुत्र सुरेश निवासी अकोढा कला बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल मनोज मिनान कांस्टेबल अनुप पोखरियाल शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# 6.25 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 6, 25 ग्राम अवैध स्मेंक बरामद हुई है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद को नशा मुक्त करने नशा स्मेंक चरस गांजा अवैध शराब आदि तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 18 जनवरी 2026 को चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 6, 25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम प्रवीण पुत्र रमेश निवासी बुक्कनपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला हेड कांस्टेबल शूरवीर तोमर पंचम प्रकाश कांस्टेबल आशीष पांडे शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित



मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## नगर निगम सभागार में अंतरराष्ट्रीय मुशायरा कवि सम्मेलन का आयोजन

# मेरे बेटों हसीनों से जरा तुम दूर ही रहना, यह अंग्रेजी दवाएं हैं रिऐक्शन हो भी सकता है।।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शिक्षा नगरी में देर रात नगर निगम हॉल में अंतरराष्ट्रीय मुशायरे/ कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन युवा समाजसेवी जमाल खान एवं हाफिज मुमताज अहमद ने फीता काटकर वह शमा रोशन कर मुशायरे का आगाज किया।

इस इस मुशरे का संचालन राष्ट्रीय शायर साहिल माधोपुरी ने किया। शायर साहिल माधोपुरी ने नौजवानों के लिए जिंदादिली शायरी पढ़कर सभी का दिल जीता। वहीं चंडीगढ़ से आए शायर राजबीर राज ने कौमी एकता की मसाल रोशन की तथा उनके साथ में प्रधान मोहम्मद तहसीन ने भी शमा रोशन की सहारनपुर से आए राष्ट्रीय शायरा इकरानूर ने अपने कलाम से हॉल में बैठी जनता का अपनी शायरी से दिल जीता। और खूबवाहवाही लूटी वहीं अन्तरराष्ट्रीय शायर हास्यकवि सिकंदर हयात गड़बड़ ने पढा किसी का हुस्न आखिर जां का दुश्मन हो भी सकता है। तुम्हारे जेल जाने का यह कारण हो भी सकता है। मेरे बेटों हसीनों से जरा तुम दूर ही रहना, यह अंग्रेजी दवायें हैं, रिऐक्शन हो भी सकता है। ने भी अपनी शायरी से सभी को हंसते हंसते लोट पोट किया। हाफिज मुमताज ने मुशायरा टीम के आयोजक रहमत अली और पत्रकार रियाज कुरैशी का दिल से आभार जताया। वहीं देहरादून से आए अकील अहमद ने भी सभी का आभार जताते हुए सफल आयोजन की मुबारकबाद दी। वहीं शिक्षा नगरी के जिम्मेदार लोगों ने मिलकर रूड़की प्रेस



क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक कुमार मिश्रा का शॉल उड़ाकर मेमंटो देकर स्वागत किया। वहीं मुशायरा टीम द्वारा नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार रियाज कुरैशी को भी सम्मानित किया गया । कार्यक्रम मे उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी आदिल फरीदी व उनके साथ आए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ खुर्शीद अहमद , ई. मुबशशीर अहमद को शाल व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुजफ्फर, मंगलौर, सहारनपुर बिजनौर ,धामपुर मुरादाबाद, दिल्ली के शायरों ने मुशायरे अपने कलाम से जनता का मन मोह लिया

# पुलिस ने दो वारंटीयो को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त वारंट आदेशिकाओ को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 19 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम नरेंद्र पुत्र कंटू निवासी कुआं खेड़ा ओमपाल पुत्र कंटू निवासी उपरोक्त बताएं उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला हेड कांस्टेबल मनोज मीनान कांस्टेबल अनूप पोखरियाल शामिल रहे पकड़े गए दोनों वारंटी को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए दोनों वारंटी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## रेलवे ने नंबर 139 पर शुरू की एसएमएस सेवा

**लक्सर।** रेलयात्रा के दौरान यात्रियों की शिकायत व समस्याओं के निस्तारण और अन्य जानकारी के लिए रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉलिंग के साथ एसएमएस सुविधा भी उपलब्ध कराई है। यात्री अब 139 नबंर पर मैसेज भेजकर अपनी शिकायत और समस्या दर्ज करा सकेंगे। इतना ही नहीं एसएमएस के माध्यम से पीएनआर, ट्रेन की जानकारी और पार्सल सेवा से जुड़ी जानकारी भी आसानी से मिल सकेगी। रेलवे से जुड़ी विभिन्न जानकारी, शिकायत और समस्याएं आदि के लिए रेलवे ने 139 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। अभी तक कॉल के माध्यम समस्याएं दर्ज कराई जाती थीं लेकिन अब इस नंबर पर एसएमएस की सुविधा भी उपलब्ध है।

# सीमेंट स्टोर के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** दो युवकों ने शनिवार की मध्य रात्रि एक सीमेंट स्टोर के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया। समय रहते जानकारी मिलने पर दुकान स्वामी और उनके परिजन मौके पर पहुंचे। हालांकि दोनों मौके से फरार हो गए। इससे पूर्व चोरों ने पास ही के राजकीय विद्यालय में भी चोरी का प्रयास किया। वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

लक्सर कोतवाली क्षेत्र के लक्सर - ढाढेकी मार्ग पर ढाढेकी गांव निवासी शिवम की सीमेंट-सरिये की दुकान है। शनिवार की शाम को वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब एक बजे दो नकाबपोश युवक दुकान के शटर के ताले तोड़कर के भीतर घुके व गल्ले का ताला तोड़कर नकदी चुराने का प्रयास किया। दुकान के पास से गुजर रहे राहगीरों ने शिवम को इसकी जानकारी दी। शिवम और उनके परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन इससे पूर्व दोनों युवक मौके से भाग निकले। दुकान स्वामी की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास संदिग्धों की तलाश का प्रयास किया। इसी दौरान निकट स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के ताले भी टूटे मिले व सिलिंडर और बर्तन आदि सामान विद्यालय के पिछले हिस्से से बरामद हुआ। घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि चोरी के प्रयास का मामला संज्ञान में आया है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। सीसीटीवी की मदद से संदिग्धों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# मिल कर्मियों का धरना रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** शुगर मिल कर्मियों ने वेतन की मांग के लिए मिल परिसर में 21 वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। इकबालपुर शुगर मिल के कर्मचारियों ने 29 दिसंबर से मिल परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू किया था।

रविवार को कर्मचारी नेता नाजिम अली ने कहा कि मिल कर्मचारियों का 16 माह का रुका वेतन मिल प्रबंधन को तत्काल देना चाहिए। मिल प्रबंधन जब तक बकाया वेतन नहीं देगा, कर्मचारियों की हड़ताल व धरना प्रदर्शन इसी तरह जारी रहेगा। इस मौके पर परीक्षित कुमार, शिवकुमार, रविंद्र, जगत सिंह, नाजिम, महकार सिंह, प्रदीप शर्मा, जयपाल सिंह, विनोद व सुनील पाटिल आदि मौजूद रहे।

# कश्मीर में तैनात महिला जवान के खाते से निकाले नौ लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर क्षेत्र में साइबर ठगों ने कश्मीर में तैनात महिला जवान के बैंक खाते से नौ लाख रुपये उड़ा दिए। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झबीरण जट्ट निवासी आशु कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बहन भारतीय सीमा सुरक्षा बल में जवान है और वर्तमान में कश्मीर में तैनात है। पीड़िता का बैंक खाता मंगलौर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में है। शिकायतकर्ता के अनुसार अचानक उनकी बहन के खाते से पैसे कटने का मैसेज आया। जब तक कुछ समझ पाते ठगों ने कुल नौ लाख रुपये की राशि खाते से उड़ा ली। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच साइबर सेल को सौंप दी गई है और ट्रांजेक्शन डिटेल्स के आधार पर ठगों को ट्रैक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सौंदर्यीकरण व मरम्मत कार्य कराने पर हुआ मंथन

**रुड़की।** शिव मंदिर समिति की मासिक बैठक तहसील शिव मंदिर कार्यालय में आयोजित की गई। रविवार को बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष व पूर्व तहसीलदार सतबीर सिंह राणा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी शिवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर में विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही मंदिर प्रांगण एवं मंदिर परिसर में साफ-सफाई, टूट-फूट की मरम्मत और सौंदर्य कार्य कराए जाएंगे। इस दौरान मंदिर कार्यों में सहयोग करने वाले सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर अनिल कुमार, मंगेश त्यागी, नवीन कुमार जैन, ज्ञान सिंह, विजयपाल, चित्रकुमार, विनोद, राजेश त्यागी, बिजेंद्र कश्यप, अरविंद कुमार, ओमप्रकाश काननूंगों आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के दि. 27.04.2018 को सिविल अस्पताल रूडकी से जारी जन्म प्रमाण पत्र सं. बी-2018:5-90402-000738 में प्रार्थी नाम WASEEM अंकित है जबकि सही नाम WASIM है, प्रार्थी के पुत्र का नाम SHADEK दर्ज है जो गलत है। सही नाम SHADIK WASIM है। भविष्य में मेरे पुत्र को SHADIK WASIM व प्रार्थी को WASIM के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा-लिखा व दर्ज किया जाए।

वसीम पुत्र महबूब नि. ग्राम सालियर साल्हापुर, सालियर साल्हापुर, सालियर, जिला हरिद्वार।

**सार्वजनिक सूचना**

विषय : ग्राम अन्नेकी हेतमपुर, हरिद्वार स्थित "हॉलिडे होम्स" परियोजना में स्थित यूनिट संख्या U-02/G04 के आवंटन के स्थानांतरण के संबंध में, स्वर्गीय श्री योगेन्द्र कुमार बत्रा के निधन के पश्चात।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय श्री योगेन्द्र कुमार बत्रा पुत्र श्री राम वधाया बत्रा, निवासी मकान सं. 255, बत्रा निवास, पूर्वी अंबर तालाब, जिला हरिद्वार, रूड़की, उत्तराखंड-247667, जो उपर्युक्त यूनिट के अभिलेखानुसार आवंटी/ सह-आवंटी थे, का निधन दिनांक 05.05.2013 को हो गया था।

यह कि श्रीमती स्वर्ण बत्रा, पत्नी स्वर्गीय श्री योगेन्द्र कुमार बत्रा, निवासी मकान संख्या 255, बत्रा निवास, ईस्ट एंबर तालाब, जिला हरिद्वार, रूड़की, उत्तराखंड- 247667, स्वर्गीय श्री योगेन्द्र कुमार बत्रा की कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त यूनिट का आवंटन अपने पक्ष में स्थानांतरित कराए जाने हेतु आवेदन करने की इच्छुक हैं। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त यूनिट के आवंटन के प्रस्तावित स्थानांतरण पर कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर अपने आपत्ति-पत्र एवं संबंधित दस्तावेजों सहित लिखित रूप में हीरो रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड, 264, ओखला फेज-III नई दिल्ली- 110058 के पते पर प्रस्तुत कर सकता/सकती है। निर्धारित अवधि के भीतर यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त यूनिट का आवंटन नियमानुसार स्थानांतरित कर दिया जाएगा तथा इसके पश्चात किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**हस्ताक्षरित**
**श्रीमती स्वर्ण बत्रा व श्री यश बत्रा ( कानूनी उत्तराधिकारी )**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ANISA से बदल कर ANEESA कर लिया हं भविष्य में मुझे ANEESA के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जाए।

ANEESA w/o RIZWAN, Address-Dhandera, PO, Dhandhera, DIST, Haridwar, Uttarakhand-247666

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम HAFIZ MOHAMMAD INAM से बदल कर MOHD INAM कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD INAM के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जाए।

MOHD INAM s/o RAFIQ AHMAD Address-374/1, BANDA ROAD MAHIGRAN ROORKEE Roorkee, PO, Roorkee], DIST, Haridwar, Uttarakhand-247667

# जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर व बट मारकर घायल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा सोमवार को थाने में तहरीर देकर गांव के ही दूसरे व्यक्ति पर तमंचे से फायर कर जानलेवा हमला करना तथा तमंचे की बट मार कर दांत तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मानकपुर आदमपुर निवासी सुककड़ सिंह द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि सोमवार सुबह वह अपने घेर में पशुओं को चारा डालने गया था ।उसी समय पड़ोस में ही रहने वाला एक व्यक्ति वहां पर आया तथा आते ही उसे गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। गाली देने से मना करने पर उक्त द्वारा तमंचे की बट मार कर उसका एक दांत तोड़ दिया तथा बाद में जान से मारने की नीयत से उसने उस पर तमंचे से फायर झौक दिया जिससे वह बाल बाल बच गया। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो लोगों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 18 जनवरी 2026 को सरेआम लड झगड़कर शांति प्रभावित करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम रजवंत पुत्र स्वर्गीय अनंगपाल निवासी हबीबपुर कुड़ी उम्र 22 वर्ष ईशान पुत्र इसरार निवासी हबीबपुर कुड़ी रायसी उम्र 19 वर्ष बताएं उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत हेड कांस्टेबल सुरजीत सिंह कांस्टेबल राजेंद्र बिष्ट शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सर्दीयों में बढ़ रहे विंटर डायरिया के मामले

**❖डाक्टर्स दे रहे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सर्द मौसम में विंटर डायरिया के मामले सामने आ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रोजाना विंटर डायरिया के चार-पांच मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चों की संख्या अधिक बताई जा रही है। चिकित्सक की ओर से बच्चों के अभिभावकों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। शीतलहर और कड़ाके की ठंड में सर्दी, खांसी और जुकाम के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इसके साथ ही अस्पताल में विंटर डायरिया के मरीज भी सामने आ रहे हैं। लक्सर सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सैयद रफी अहमद ने बताया कि, सर्दियों में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इससे पेट से संबंधित समस्याएं बढ़ जाती हैं, विंटर डायरिया भी इन्हीं में एक है। इसमें सर्दी, जुकाम के साथ ही दस्त और उल्टी अधिक होने से शरीर में पानी की कमी भी हो सकती है। बच्चे आसानी से इसकी चपेट में आ सकते हैं। विंटर डायरिया से बचने के लिए सर्दी से बचाव और खानपान में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# घंटों बंद रही बिजली, लोग परेशान

**रुड़की।** उर्जा निगम की ओर से कराए जा रहे सुधारात्मक कार्य के चलते रविवार को शहर के कई हिस्सों में सात घंटे बिजली आपूर्ति बंद रही। सोमवार यानी आज भी शहर के कई हिस्सों में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए ऊर्जा निगम खुली तार की जगह कवर कंडक्टर वायर डाल रहा है। साथ ही बिजली घर के लोड बढ़ाने, पैनल, फीडर व उपकरणों की मरम्मत किए जाने के चलते बिजलीघरों को बंद रखा गया। इसके चलते शहर और देहात के कई हिस्सों में रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। इस कारण करीब एक लाख की आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम 5 बजे के बाद आपूर्ति शुरू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। अधिशासी अभियंता (नगरीय) अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि रविवार को सोलानीपुरम, खंजरपुर, केंद्रीय विद्यालय रोड, अरोड़ा कॉलोनी, प्रेम कुंज, मीरा मार्केट, धनौरी के मानूबास, हद्दीपुर, मसाई, कोटा, हजाराग्रंट, औरंगाबाद, गढ़मीरपुर, दौलतपुर, मुलदासपुरा और नगर निगम आदि जगहों से संबंधित बिजलीघरों को रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रखा गया था। इस बीच लाइनमैन स्टाफ ने विद्युत तंत्र के सुधारात्मक कार्य किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 20 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यूरोप से टकराव

किसी ने नहीं सोचा होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कड़े फैसले से अमेरिका और यूरोप के बीच इस तरह की खटास पैदा होगी, जिस तरह की देखने में आ रही है। सारा विवाद ग्रीनलैंड को लेकर है। ट्रम्प ग्रीनलैंड को हर कीमत पर हासिल करना चाहते हैं। वहीं यूरोपीय देश इस कोशिश का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प ने इससे चिढ़कर आठ देशों पर 10 फीसदी टैरिफ भी लगा दिया है जो एक फरवरी से लागू होगा। जैसीकि आदत है टैरिफ की यह घोषणा करते समय ट्रम्प यह कहने से नहीं चूकते कि अगर उन्हें ग्रीनलैंड को नहीं दिया जाता, तो यह टैरिफ एक जून से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया जाएगा। लगता है कि यूरोपी संघ ने भी अब ट्रम्प को उन्हीं की भाषा में जवाब देने का मन बना लिया है और उसने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ लंबे समय से चल रहा ट्रांस अटलांटिक व्यापार समझौते को रोक दिया है। यूरोपी संघ की तरफ से अब अमेरिका को ट्रेंड एक्शन पर कड़ा जवाब देने की बात कही जा रही है। रिन्यू यूरोप की व्यापार समन्वयक कैरिन कार्ल्सब्रो ने कहा भी है कि अगर दबाव और जबरदस्ती जारी रहती है तो हम जवाबी टैरिफ या बाजूका जैसे कड़े उपायों के इस्तेमाल से इन्कार नहीं कर सकते। यूरोप-अमेरिकी संबंध बेहद घनिष्ठ रहे हैं। हर संकट के समय में यह एक-दूसरे को सहयोग देते रहे हैं और अमेरिका पूरी तरह इन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करता रहा है, लेकिन लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सिर पर अब पूरी तरह सनक सवार है और वह परंपरागत संबंधों से ऊपर उठकर काम करना चाहते हैं। ऐसा करते हुए वह दोस्त व दुश्मन में कोई फर्क करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। निसंदेह इस तरह का आचरण दबंगतापूर्ण ही कहा जाएगा और यह कहीं से भी अमेरिका जैसे सुपर पॉवर देश के राष्ट्रपति की मर्यादा के विपरीत ही कहा जाएगा। ग्रीनलैंड के विषय में जो उनका तर्क है वह भी बेहद अजीब है। उनका कहना है कि अगर वह ग्रीनलैंड को हासिल नहीं करते, तो चीन व रूस वहां अपना दखल बढ़ा लेंगे जो अमेरिका के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि ऐसा होने पर उसकी सुरक्षा प्रभावित होती है। यूरोप कंट्री जिनमें ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मन, डेनमार्क जैसे देश शामिल हैं। पूरी तरह डोनाल्ड ट्रम्प की इस विस्तारवादी नीति का पुरजोर विरोध कर रहे हैं और इस मामले में अमेरिका को नसीहत दे रहे हैं कि वह लक्ष्मण सीमा न लांघे। अमेरिकी राष्ट्रपति का जैसा अब तक रुख रहा है, उससे नहीं लगता कि उन पर इस तरह की नसीहतों का कोई असर होगा। बात यूरोपीय देशों तक ही नहीं हम देख चुके हैं कि किस तरह व उन सब देशों के साथ क्रूर व्यवहार कर रहा है, जो रूस या ईरान से संबंध रखते हैं। उसमें हमारा देश भारत भी शामिल है। भारत पर उसने 50 प्रतिशत टैरिफ इसी खुन्नस में लगाया है कि भारत रूस से तेल ले रहा था। इस तरह की दादागिरी का खुलकर विरोध होना ही चाहिए।

## चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना



आरएसएस और भाजपा चाहते हैं कि जनता सवाल न करें और चुप रहें, ताकि यह कुछ बिजनेसमैन के हाथों देश को बेच सकें, हम ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे, कांग्रेस ही संविधान को बचा सकती है, कांग्रेस ने संविधान में बदलाव करके पंचायत, जिला और राज्य स्तर पर शासन को मजबूत किया, संविधान बचाने का मतलब है सत्ता और फैसलों का अधिकार लोगों तक पहुंचाना, आरएसएस व भाजपा सत्ता को अपने पास ही रखना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस सत्ता को निचले स्तर तक पहुंचाने में भरोसा रखती है और गांव- कस्बों में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहती है, कोई भी देश अगर चुप रहता है, तो वो महान नहीं हो सकता। चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना छुपी होती है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# प्रोसेस्ड फूड से अभी कर लें तौबा

सोडा, कैंडी और फ्रोजन फूड जैसे अति-संसाधित खाद्य पदार्थ हमारी लालसा को तो संतुष्ट कर सकते हैं, लेकिन अनुसंधान से पता चल रहा है कि यह हृदय और मस्तिष्क के लिए हानिकारक हो सकते हैं। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध सारांश में इन खाद्य पदार्थों की अधिक खपत का हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, सांस की दिक्कत, चिंता, अवसाद और संज्ञानात्मक क्षति के जोखिमों से सीधा सम्बंध बताया गया है। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक ऐसे खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन अवसाद और चिंता के जोखिम में क्रमश: 44 और 48 प्रतिशत की वृद्धि करता है। अध्ययन यह भी बताते हैं कि कुल कैलोरी उपभोग में से इन खाद्य पदार्थों का कुछ हिस्सा ही जोखिम को बढ़ा देता है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में 5 लाख लोगों पर किए गए एक अध्ययन में अति-संसाधित खाद्य उपभोग में केवल 10 प्रतिशत वृद्धि से मनोभ्रंश के जोखिम में 25 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। वैसे अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसे खाद्य पदार्थों और स्वास्थ्य के बीच कार्य-कारण सम्बंध क्या है। यह तो सब जानते हैं उच्च मात्रा में नमक, चीनी और संतृप्त वसा लेने के कारण जीर्ण शोथ, उच्च रक्तचाप और टाइप-2 मधुमेह होने की संभावना होती है, लेकिन अधिकतर लोग इस बात से अनभिज्ञ हैं कि ए परिस्थितियां मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। कृत्रिम मिठास और मोनोसोडियम ग्लूटामेट जैसे पदार्थ मस्तिष्क द्वारा कतिपय रसायनों (जैसे डोपामाइन, सीरोटोनिन, नॉरएपिनेफ्रीन) के उत्पादन और विमोचन को बाधित कर सकते हैं, जिससे मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। अति-संसाधित खाद्य पदार्थ की लत भी लग सकती है जिसे कंपनियां भोजन चुनाव सम्बंधी हमारे निर्णयों को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल करती हैं। नैसर्गिक तौर पर मिलने वाले फल या तो मीठे होते हैं (जैसे सेब) या वसा से भरपूर होते हैं (जैसे मूंगफली)। प्रकृति में सामान्यत: ऐसे खाद्य पदार्थ नहीं मिलेंगे जिनमें शकर, नमक और वसा तीनों हों। दूसरी ओर, अति-संसाधित खाद्य पदार्थों में चीनी और वसा दोनों एक साथ होते हैं, और ऊपर से नमक, कृत्रिम गंध और रंग-रोगन। ऐसे में, दिमाग बेकाबू हो जाता है। इन खाद्य पदार्थों की खपत कम करने और कम संसाधित विकल्पों को चुनने से बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य परिणाम हासिल हो सकते हैं। हम तीन तरह की चीजें खाते हैं-अ-संसाधित, संसाधित और अति-संसाधित। असंसाधित खाद्य पदार्थ यानी ताजा या फ्रिज में रखे फल-सब्जियां, आटा वगैरह। इनमें प्रायरू एक ही पोषक पदार्थ होता है। संसाधित पदार्थ वे कहलाते हैं जिन्हें असंसाधित खाद्य से सीधे प्राप्त किया जाता है - जैसे वनस्पति तेल, शकर वगैरह। इसके बाद आते हैं थोड़े संसाधित खाद्य पदार्थ जैसे मक्खन, प्रिजर्वेटिव रहित ब्रेड, अचार वगैरह। इनमें भी घटकों की सूची बहुत छोटी होती है। फिर आते हैं अति-संसाधित खाद्य, केक, ऊर्जादायक बार वगैरह, प्रिजर्वेटिव्स के साथ रखे गए तैयारशुदा भोजन वगैरह। इनमें अक्सर भरपूर वसा, शकर, नमक वगैरह होते हैं और ऊपर से तमाम खुशबुएं, रंग-रोगन वगैरह डाले जाते हैं। इनमें उपस्थित घटकों की फेहरिस्त काफी लंबी हो सकती है। अति-संसाधित खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। यह खाद्य पदार्थ कैलोरी से भरपूर होते हैं, जिससे मोटापा बढ़ता है। शरीर की वसा कोशिकाएं निष्क्रिय होकर शोथजनक अणु मुक्त करने लगती है जिनसे अवसाद, चिंता और मनोभ्रंश जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। कई शोध अध्ययनों से पता चला है कि संभावना रहती है कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा इन खाद्य पदार्थों का आदी हो जाएगा, जिससे उनकी खपत में और अधिक वृद्धि हो सकती है। इसके अतिरिक्त, अति-संसाधित खाद्य पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्ति फलों, सब्जियों और साबुत अनाज में पाए जाने वाले आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाएंगे जो मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इन आवश्यक तत्वों की कमी से अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं हो सकती हैं। यह देखा गया है कि गरीब लोग ऐसे खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन करते हैं। लुभावने विज्ञापनों और हर गली-नुक्कड़ पर मौजूद गुमठियों में आसानी से मिलने के कारण अति-संसाधित खाद्य पदार्थ लोगों को आकर्षित करते हैं, और खुद को रोक पाना काफी मुश्किल होता है।

**अति-संसाधित खाद्य पदार्थों से बचने के लिए, विशेषज्ञ कुछ सुझाव देते हैं-**

1. खुद को दोष देने की बजाय इस बात को जानें कि इन खाद्यों के आदी होने के लिए पूरा माहौल बनाया गया है।
2. भूख से प्रेरित लालसा से बचने के लिए नियमित समय पर भोजन करें।
3. अति-संसाधित खाद्य पदार्थों की जगह गिरियों और ताजे फलों जैसे विकल्प अपनाएं।
4. कम सोडियम और कम शर्करा वाले खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दें।
5. कुछ अति-संसाधित खाद्य पदार्थ अन्य अति-संसाधित खाद्य पदार्थ की तुलना में स्वास्थ्यवर्धक विकल्प हो सकते हैं, जैसे मैदे की बजाय आटे की ब्रेड।
6. बच्चों को खाद्य विपणन की तिकड़मों के बारे में शिक्षित करें। मुख्तसर सी बात है कि अति-संसाधित खाद्यों के प्रति सजग रहें और स्वयं को इनकी गिरफ्त से बचाएं।



**-स्रोतफीचर्स**

## जलवाष्प भी जलवायु पर डालती है प्रभाव

जब भी जलवायु परिवर्तन की बात होती है, चर्चाओं का केंद्र कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन होते हैं, लेकिन जलवाष्प भी एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है जो जलवायु पर गंभीर प्रभाव डालती है। जलवाष्प कई वर्षों तक समताप मंडल में बनी रहती है और धरातल की गर्मी को अवशोषित कर इसे वापस धारती पर फेंकती है। एक अध्ययन में पाया गया था कि 1990 के दशक में संभवत: समतापमंडलीय पानी में आई उछाल ने उस समय वैश्विक तापमान को 30 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था और साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक अधययन के अनुसार वैज्ञानिक इन दिनों जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जलवाष्प आधारित एक क्रांतिकारी रणनीति पर काम कर रहे हैं-समताप मंडल का निर्जलीकरण। समतापमंडल के निर्जलीकरण का सिद्धांत यह है कि नमी से भरी हवा को समतापमंडल में पहुंचने से पहले ही रोक लिया जाए और उसे कणों के आसपास बादलों का रूप दे दिया जाए। नेशनल ओशियनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के भौतिक विज्ञानी शुका वार्ज के नेतृत्व में इस रणनीति ने पारंपरिक जियोइंजीनियरिंग विधियों का एक विकल्प प्रदान किया है। इस तकनीक में प्रति सप्ताह केवल 2 किलोग्राम पदार्थ की आवश्यकता होती है, जो संसाधान-कुशल साबित होगा। इसके अलावा, बिस्मथ ट्रायआयोडाइड नामक इस पदार्थ के छिड़काव के लिए हवाई जहाज की जरूरत नहीं पड़ेगी, गुब्बारे या ड्रोन से इसका छिड़काव किया जा सकता है। इस तकनीक का उपयोग करने के लिए कुछ ऐसे विशिष्ट क्षेत्रें की पहचान की गई है जहां से ऊपर की ओर उठने वाली हवाओं की तेज धाराएं समताप मंडल तक पहुंचती हैं। जैसे पश्चिमी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का क्षेत्र अलबत्ता, इस तकनीक में कई चुनौतियां और जोखिम भी हैं। एक संभावना अनपेक्षित परिणाम हैय यदि सीडिंग कण के कारण बादल वांछित जगह पर न बनकर अन्यत्र कहीं एवं अलग तरह के बादल बन जाना जो गर्मी को परावर्तित करने की बजाय धरती से निकलने वाली गर्मी को सोखने लगें। ऐसे में इस तकनीक की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए गहन शोध आवश्यक है। बहरहाल, नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं के बीच अपरंपरागत रणनीतियों के लिए खुलापन बढ़ रहा है। ताप-रोधी बादलों की जांच जैसी पहल जलवायु सम्बंधी बदलती सोच की द्योतक है। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी भी चर्चाएं जारी है और अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। फिर भी यह स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए साहसिक और कल्पनाशील रणनीतियां आवश्यक हैं।

**ये रंजक कार्बन श्रंखलाओं से बने होते हैं। इन श्रंखलाओं के अंतिम छोर पर एक हल्का-सा रासायनिक बदलाव रंग को बदल देता है। यदि अंतिम छोर पर एल्डिहाइड समूह है, तो पंख लाल हो जाता है। यदि एल्डिहाइड की जगह कार्बोक्सिल समूह आ जाता है, तो पंख पीला हो जाता है। इस खोज से पता चलता है कि प्रकृति में अक्सर सरल अभिक्रियाओं के नाटकीय परिणाम होते हैं। इस शोध ने तोते में रंगों के विकास को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार जीन को भी उजागर किया है। यह जीन एक एंजाइम को कोड करता है जो एल्डिहाइड को कार्बोक्सिल समूह में परिवर्तित करके लाल रंजक को पीला कर देता है। इस जीन द्वारा उत्पादित एंजाइम की मात्रा निर्धारित करती है कि पंख कितना पीला होगा।**

# किसी रहस्य से कम नहीं तोतों का रंग

तोते अपने आकर्षक और सुंदर रंगों के लिए मशहूर हैं, जिनमें चटकीले लाल और पीले से लेकर आकर्षक हरे और नीले रंग भी शामिल हैं। वर्षों से, वैज्ञानिक इस बात पर हैरान हैं कि यह पक्षी, कई अन्य जानवरों के विपरीत, ऐसे चटकीले रंग कैसे बनाते हैं। साइंस में प्रकाशित हालिया शोध आखिरकार इन शानदार रंगों के पीछे अनोखे जैविक तंत्र पर प्रकाश डालता है।

दरअसल, अधिकांश पक्षियों में रंग उनके अपने शरीर में नहीं बनते बल्कि उनके खानपान के साथ आते हैं। जैसे फ्लेमिंगो झींगा खाकर गुलाबी हो जाते हैं, लेकिन तोतों में मामला अलग है। वे अपने बढ़ते हुए पंखों में एक एंजाइम की मदद से सिटाकोफल्विन समूह के रंजक बनाने के लिए विकसित हुए हैं। इनमें छिटपुट परिवर्तनों के माध्यम से विभिन्न रंग पैदा होते हैं। वैसे कुछ रंग दो रंगों के मेल से भी पैदा होते हैं जैसे हरा रंग नीले व पीले के मेल से। इसके अलावा कई रंग पंखों की सूक्ष्म बनावट से भी नजर आते हैं। जैसे नीला रंग इस पंख की सतह पर मौजूद सूक्ष्म रचनाओं और प्रकाश की अंतर्क्रिया से पैदा होता है। तोतों के विभिन्न रंगों को समझने में असली सफलता तब मिली जब वैज्ञानिकों ने रासायनिक स्तर पर सिटाकोफल्विन का विश्लेषण किया। ये रंजक कार्बन श्रंखलाओं से बने होते हैं। इन श्रंखलाओं के अंतिम छोर पर एक हल्का-सा रासायनिक बदलाव रंग को बदल देता है। यदि अंतिम छोर पर एल्डिहाइड समूह है, तो पंख लाल हो जाता है। यदि एल्डिहाइड की जगह कार्बोक्सिल समूह आ जाता है, तो पंख पीला हो जाता है। इस खोज से पता चलता है कि प्रकृति में अक्सर सरल अभिक्रियाओं के नाटकीय परिणाम होते हैं। इस शोध ने तोते में रंगों के विकास को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार जीन को भी उजागर किया है। यह जीन एक एंजाइम को कोड करता है जो एल्डिहाइड को कार्बोक्सिल समूह में परिवर्तित करके लाल रंजक को पीला कर देता है। इस जीन द्वारा उत्पादित एंजाइम की मात्रा निर्धारित करती है कि पंख कितना पीला होगा। रंग उत्पत्ति की इस क्रियाविधि से पता चलता है कि क्यों कुछ तोतों की प्रजातियां विकास के दौरान आसानी से लाल और पीले/हरे रंग में परिवर्तित हो जाती हैं। यह कई तरह के रंगों का उत्पादन करने का एक लचीला और कुशल तरीका है। पोर्टो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी और अध्ययन के सह-लेखक रॉबर्टो आर्बोरे, इसे वैकासिक नवाचार का एक अद्भुत मामला कहते हैं जो तोतों को साथी को आकर्षित करने और दूसरों के साथ संवाद करने के संकेतों पर नियंत्रण देता है। लेकिन अभी भी कई रहस्य बने हुए हैं। वैज्ञानिक अभी भी रंग उत्पादन में शामिल कोशिकाओं को निर्धारित करने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि ए विशेष रंग सबसे पहले क्यों विकसित हुए थे।



**-स्रोत फीचर्स**

# आतंकवाद के साए में मतदाता और राष्ट्रवाद की भावना


लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और स्वतंत्रता भी कमजोर पड़ने लगती है। आतंकवादी घटनाएं इसी प्रकार का वातावरण निर्मित करती हैं, जो प्रत्यक्ष क्षति के साथ-साथ मतदाताओं के मनोविज्ञान और चुनावी व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालती हैं। विषेश मलिक वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में शोधार्थी हैं और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की है। वे तीन बार यूजीसी-नेट उत्तीर्ण कर चुके हैं। अपने एक शोध-लेख में उन्होंने आतंकवाद के मनोवैज्ञानिक प्रभावों तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, विशेषकर मतदाता व्यवहार और चुनावी निर्णयों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया है। यह शोध कार्य डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु के मार्गदर्शन तथा डॉ. दिनेश छाबड़ा के परामर्श में किया जा रहा है। डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु दिल्ली विश्वविद्यालय के अरबिंदो कॉलेज के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक हैं, जबकि डॉ. दिनेश छाबड़ा दिल्ली विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

शोध निष्कर्ष संकेत करते हैं कि जिन क्षेत्रों में चुनाव के आसपास आतंकवादी घटनाएं घटित होती हैं, वहां मतदान में भागीदारी में स्पष्ट गिरावट देखी जाती है। भय, असुरक्षा और तनाव जैसी भावनात्मक स्थितियां मतदाताओं की सोच और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप तर्कसंगत और विवेकपूर्ण मतदान व्यवहार बाधित होता है। वर्ष 2009 से 2019 के बीच जम्मू-कश्मीर में हुए लोकसभा चुनावों के आंकड़े भी इसी प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हैं। जिन वर्षों में आतंकवादी घटनाओं की संख्या अधिक रही, उन्हीं वर्षों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम दर्ज किया गया। आतंकवादी घटनाओं के बाद मतदाताओं की प्राथमिकताएं भी बदलती दिखाई देती हैं। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक नीतियों जैसे विकासात्मक मुद्दों की तुलना में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषय अधिक प्रमुख हो जाते हैं। सार्वजनिक विमर्श में भी विकास के प्रश्न पीछे छूट जाते हैं और सुरक्षा-केंद्रित मुद्दे चर्चा के केंद्र में आ जाते हैं। इस प्रवृत्ति की पुष्टि वर्ष 2019 में प्रकाशित India Today के एक ओपिनियन पोल सर्वे से होती है। सर्वे के अनुसार, जनवरी 2019 में बेरोजगारी 28 प्रतिशत मतदाताओं के लिए सबसे बड़ी चिंता थी।

पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद यह आंकड़ा घटकर 21 प्रतिशत रह गया, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा 4 प्रतिशत से बढ़कर 26 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह बदलाव दर्शाता है कि आतंकवादी घटनाएं किस प्रकार मतदाताओं की भावनात्मक प्रतिक्रिया को प्रभावित कर नीति-आधारित विमर्श को सुरक्षा-केंद्रित दिशा में मोड़ देती हैं। पुलवामा आतंकवादी हमले से पहले और बाद में ओपिनियन पोल के रुझान (जनवरी-मार्च 2019) शोध में मीडिया की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। वर्ष 2000 के दशक से 2025 तक मीडिया के स्वरूप और प्रभाव क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। पहले जहां सूचना के स्रोत सीमित थे, वहीं आज प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल माध्यमों की संख्या और पहुंच में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। आतंकवादी घटनाओं से जुड़ी जानकारी मीडिया के माध्यम से अत्यंत तीव्र गति से पूरे देश में प्रसारित हो जाती है।



यह सूचना-प्रसार लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, किंतु इसकी अत्यधिक और निरंतर कवरेज कई बार भय और असुरक्षा के वातावरण को और गहरा कर देती है। अनेक अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि आतंकवादी घटनाओं से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोगों की संख्या सीमित होती है, परंतु उनकी व्यापक मीडिया प्रस्तुति समाज के बड़े हिस्से को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करती है। ऐसी परिस्थितियों में समाज के विभिन्न वर्गकृसामान्य नागरिकों से लेकर पुलिस और सशस्त्र बलों तक राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की भावना के साथ एकजुट दिखाई देते हैं। यह सामूहिक प्रतिक्रिया स्वतंत्रता आंदोलन के उस दौर की स्मृति को पुन: जाग्रत करती है, जब देशहित में विभिन्न विचारधाराओं के लोग एक साथ खड़े हुए थे। इसी संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह स्पष्ट रुख उल्लेखनीय है कि राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। एक कार्यक्रम में नई पीढ़ी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, आज की पीढ़ी के मन में देशभक्ति का जज्बा जगाना और उसके आधार पर वह पूरे जीवन देश के लिए कार्य करती रहे, ऐसी पीढ़ी का सृजन करने का यह एक बहुत बड़ा अवसर है।ह उन्होंने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आजादी के 75वें वर्ष से लेकर 100वें वर्ष तक के अगले 25 वर्ष भारत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे। राष्ट्र की अखंडता, लोकतांत्रिक चेतना और भावी पीढ़ी की भूमिका एक-दूसरे से जुड़ती दिखाई देती है। जब राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि हो जाती है और युवाओं में देश के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सु.ढ़ करने पर बल दिया जाता है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि लोकतंत्र भय नहीं, बल्कि विवेक और निर्भीकता पर आधारित रहे। आतंकवाद से उत्पन्न परिस्थितियों में भी यदि मतदाता स्वतंत्र और सजग निर्णय लेता है, तो वही राष्ट्र की एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और दीर्घकालिक विकास की आधारशिला को मजबूत करता है।





विशेष मलिक डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु



गुरुग्राम। कड़ाके की ठंड और कोहरे वाली सुबह के दौरान दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर जाम में फंसे वाहन।

# नोबेल नहीं मिला, अब शांति पर भरोसा नहीं: ट्रम्प

## ग्रीनलैंड पर कब्जे का विचार इसीलिए आया, नार्वे के पीएम को चिट्ठी लिखकर शिकायत की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें नोबेल न मिलने की शिकायत की गई है। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने चिट्ठी में लिखा है कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल से सम्मानित नहीं किया गया।

उन्होंने लिखा कि अब वह सिर्फ शांति के बारे में नहीं सोच रहे। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की उनकी कोशिश की एक वजह यह भी है कि उन्हें नोबेल शांति



पुरस्कार नहीं मिला। ट्रम्प के मुताबिक, नोबेल पुरस्कार न मिलना उनके फैसले को प्रभावित कर रहा है। जोनास गाहर ने स्थानीय अखबार आफ्टेनपोस्टेन को बताया कि उन्हें ट्रम्प का यह संदेश मिला है। उन्होंने कहा कि यह जवाब उस संदेश के बाद आया। जो उन्होंने और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने मिलकर ट्रम्प को भेजा था। यह संदेश यूरोपीय

**■ ट्रम्प हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं**

देशों पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने के फैसले के विरोध में भेजा गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अप्रैल 2025 में व्हाइट हाउस में नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने लेटर में कहा कि डेनमार्क ग्रीनलैंड की रक्षा रूस या चीन से नहीं कर सकता और वैसे भी उनके पास स्वामित्व का अधिकार क्यों है? इससे जुड़ा कोई लिखित दस्तावेज नहीं हैं। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले एक नाव वहां उतरी थी। उन्होंने कहा कि मैंने नाटो की स्थापना के बाद से किसी भी व्यक्ति की तुलना में नाटो के लिए ज्यादा काम किया है। जब तक ग्रीनलैंड पर हमारा पूरा कंट्रोल नहीं होगा, तब तक दुनिया सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया, तो रूस या चीन इसे ले लेंगे और वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे। ट्रम्प का कहना है कि नाटो को इस मामले में आगे आना चाहिए और अमेरिका को ग्रीनलैंड दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ग्रीनलैंड अमेरिका के हाथ में होने से नाटो और ज्यादा मजबूत और प्रभावी हो जाएगा। ट्रम्प हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीनलैंड तनाव, यूक्रेन के लिए खतरे का संकेत

**मैनचेस्टर।** ग्रीनलैंड के अधिग्रहण को लेकर अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच चल रहा तनाव यूक्रेन के लिए विनाशकारी प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। गार्जियन अखबार की सोमवार की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय नेता अब एक विकट स्थिति का सामना कर रहे हैं, क्योंकि यूक्रेन संघर्ष में अभी भी अमेरिका के समर्थन की जरूरत है, लेकिन इस तनाव के कारण स्थिति विकट होती नजर आ रही है। गार्जियन ने बताया कि जुलाई में, यूरोपीय संघ (ईयू) ने इस उम्मीद से अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे कि यह समझौता अमेरिका को संघर्ष में यूक्रेन का समर्थन जारी रखने के लिए मजबूर करेगा।

### पाकिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई।अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस के अनुसार ग्रीनविच मिड टाइम के मुताबिक सुबह छह बजकर 21 मिनट पर पाकिस्तान के बारिशाल से 50 किलोमीटर उत्तर और उत्तर-पश्चिम में 5.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### चीन की फैक्टरी में विस्फोट से दो की मौत, 84 घायल

**होह्हहॉट।** उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में एक फैक्टरी में विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई और 84 अन्य घायल हो गए। विस्फोट के बाद आठ लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह विस्फोट रविवार अपराह्न तीन बजे पश्चिमी बाओतौ शहर में बाओगांग यूनाइटेड स्टील के एक प्लेट प्लांट में हुआ।

### चिली में जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुई

**सैंटियागो।** चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक ने रविवार को कहा कि देश के दक्षिण-मध्य क्षेत्र में लगी भीषण आग से मरने वालों की संख्या 18 हो गई है और इसमें और वृद्धि होने की आशंका है। सैंटियागो से लगभग 500 किलोमीटर दक्षिण में स्थित बायोबियो क्षेत्र के कॉन्सेप्सियन में पत्रकारों से बात करते हुए बोरिक ने कहा कि आज हमारे पास 18 मौतों की पुष्टि हुई है, लेकिन दुर्भाग्य से हमें यकीन है कि यह आंकड़ा बढ़ेगा।

### चीन की विकास दर 2025 में लगभग पांच प्रतिशत रही

**बीजिंग।** चीन की विकास दर 2025 में लगभग पांच प्रतिशत रही और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 140.1879 ट्रिलियन युआन (लगभग 20.01 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से पता चला है कि 2025 में चीन का सकल घरेलू उत्पाद 140.1879 ट्रिलियन युआन (लगभग 20.01 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

# भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को सहायता न दे पोलैंड

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने पोलैंड से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि उसे भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं देनी चाहिए। डा. जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की के साथ सोमवार को यहां वार्ता के दौरान प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि पोलैंड इस क्षेत्र के लिए कोई अजनबी नहीं हैं और वह सीमा-पार आतंकवाद की लंबे समय से चली आ रही चुनौती से भली-भांति परिचित हैं।

उन्होंने कहा कि पोलैंड को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं करनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा स्वाभाविक रूप से शामिल होगी। विशेष रूप से अपने-अपने पड़ोस के संबंध में आकलनों का आदान-प्रदान उपयोगी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष और उसके प्रभावों पर भारत के विचार पहले भी स्पष्ट रूप से साझा कर चुके हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि चुनकर भारत को निशाना बनाना न केवल अनुचित बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। विदेश मंत्री ने कहा कि वह



**■ भारत और पोलैंड के बीच परंपरागत रूप से गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं**

आज एक बार फिर इस बात को दोहरा रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब दुनिया में काफी उथल-पुथल है। उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित हैं जिनकी अपनी-अपनी चुनौतियां और अवसर हैं इसे देखते हुए विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करना स्वाभाविक रूप से उपयोगी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध भी निरंतर प्रगति कर रहे हैं लेकिन इन पर निरंतर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। भारत और पोलैंड के बीच परंपरागत रूप से गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में ये संबंध उच्च-स्तरीय राजनीतिक आदान-प्रदान तथा सशक्त आर्थिक और लोगों के बीच संपर्कों से आगे बढ़कर मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2024 की पोलैंड यात्रा के दौरान संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किया गया। डा. जयशंकर ने कहा कि दोनों देश बातचीत के दौरान 2024 से 28 तक कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे जिसके माध्यम से हम अपनी रणनीतिक साझेदारी की पूरी क्षमता को साकार करना चाहते हैं। इसके अलावा व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा डिजिटल नवाचार में सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि पोलैंड मध्य यूरोप में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 7 अरब डॉलर है जिसमें पिछले एक दशक में लगभग 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### पोलैंड के उप प्रधानमंत्री सिकोर्स्की भारत-पोलैंड संबंधों को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की सोमवार को भारत-पोलैंड रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए राजधानी पहुंचे।

वह तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। सिकोर्स्की का स्वागत विदेश मंत्रालय की अपर सचिव पूजा कपूर ने किया। उनकी यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाना और भारत और पोलैंड के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाना है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिलने की संभावना है। इस मुलाकात में भारत-पोलैंड रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नई दिल्ली में आपका हार्दिक स्वागत है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की आज नई दिल्ली पहुंचे। नई दिल्ली में उनके कार्यक्रम भारत-पोलैंड रणनीतिक साझीदारी को आगे बढ़ाने पर केंद्रित हैं। राजधानी पहुंचने से पहले सिकोर्स्की 17 से 18 जनवरी को जयपुर गए थे।

### देश में अशांति बढ़ने पर रजा पहलवी ने ईरान लौटने का किया वादा

**तेहरान।** ईरान के अंतिम शाह के निर्वासित बेटे रजा पहलवी ने कहा है कि इस समय ईरान में 'कब्जे और आजादी' को लेकर लड़ाई चल रही है और वह देश के लोगों की भावनाओं को समझते हुए वापस लौटेंगे। पहलवी ने एक वीडियो संदेश में ईरानियों को संबोधित करते हुए आगे कहा ईरानी लोगों ने मुझे नेतृत्व करने के लिए बुलाया है। मैं ईरान लौटूंगा। गौरतलब है कि बाजार में देश की करेंसी रियाल की कीमत कम होने को लेकर 28 दिसम्बर 2025 को तेहरान में जो प्रदर्शन शुरू हुआ था, वह तेजी से पूरे देश में फैल गया और सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गया। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने शनिवार को स्वीकार किया कि अशांति में 'कई हजार' लोग मारे गए हैं और इसका जिम्मेदार अमेरिका और इजरायल हैं। सरकार ने प्रदर्शनकारियों की मुश्किलों को माना है।

# ग्रीनलैंड को ट्रम्प से बचाने ब्रिटेन ने एक सैनिक भेजा

**नुउक।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकियों के बीच यूरोप की 'सैन्य एकजुटता' अब मजाक का विषय बनती दिख रही है। ग्रीनलैंड की सुरक्षा के नाम पर ब्रिटेन ने सिर्फ 1 सैनिक भेजा है, जबकि सात यूरोपीय देशों के कुल मिलाकर करीब 40 सैनिक राजधानी नुउक पहुंचे हैं।

रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक डेनमार्क, नार्वे, फिनलैंड, स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स और ब्रिटेन जैसे नाटो देशों ने मिलकर आपरेशन आर्कटिक एंडयोरेंस नाम से जाइंट मिलिट्री आपरेशन शुरू किया है। ये सैनिक इसी में शामिल होने पहुंचे हैं। इस पूरे सैन्य अभ्यास पर सवाल उठाते हुए इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेत्तो ने इसे एक मजाक करार दिया है। डेनमार्क पहले से ग्रीनलैंड में करीब 200 सैनिक तैनात किए हुए है। इसके अलावा 14 सदस्यीय सीरियस डाग स्लेज पेट्रोल भी वहां

**■ सात यूरोपीय के देशों के 40 सैनिक ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक पहुंचे, इटली बोला: ये क्या मजाक है**

मौजूद है, जो आर्कटिक इलाकों में गश्त करते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि आने वाले दिनों में इन्हें जमीन, हवा और समुद्र के जरिए और मजबूत किया जाएगा। यह संख्या छोटी है, लेकिन यह राजनीतिक संदेश देने के लिए है कि नाटो एकजुट है। डेनमार्क की अगुवाई में चल रहा आपरेशन आर्कटिक एंडयोरेंस एक सैन्य अभ्यास है। इसका मकसद यह देखना है कि अगर भविष्य में ग्रीनलैंड में बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करने पड़े, तो उसकी तैयारी कैसी होगी। डेनमार्क के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस अभ्यास का फोकस आर्कटिक इलाके में सहयोगी देशों के बीच तालमेल और काम करने की क्षमता बढ़ाने पर है।

# स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर, 39 की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के कार्डोबा प्रांत में रविवार रात एक ट्रेन पटरी से उतरकर दूसरी ट्रेन से टकरा गई। हादसे में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 73 यात्री घायल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, दोनों ट्रेन में करीब 500 यात्री सवार थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, मलागा से मैड्रिड जा रही ट्रेन पटरी से उतरकर पास की लाइन पर चली गई और वहां मैड्रिड/हुएलवा रूट पर चल रही एवीई ट्रेन से टकरा गई। स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री एंटोनियो

**■ यात्रियों को हथौड़ों से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया**

सैंज ने बताया कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। सुरक्षित निकले यात्रियों ने कहा कि यह सब देखने में किसी हारर फिल्म जैसा नग रहा था। इस दुर्घटना के कारण आज मैड्रिड और अंडालूसिया के शहरों के बीच चलने वाली 130 से अधिक ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। स्पेनिश पब्लिक ब्राडकास्टर आरटीवीई के पत्रकार साल्वाडोर जिमेनेज भी इर्यो ट्रेन में सफर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रेन के आखिरी दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से एक पूरी तरह पलट गया। जिमेनेज के मुताबिक, ट्रेन शाम 6:40 बजे समय पर मलागा से रवाना हुई थी। कुछ देर बाद अचानक जोरदार झटका लगा और ट्रेन पटरी से उतर गई। इसके बाद यात्रियों को हथौड़ों से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया।

# अमेरिका पर 93 अरब यूरो का आयात शुल्क लगाएगा ईयू!

**ब्रसेल्स।** ग्रीनलैंड पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगातार बयानों और धमकियों के बीच यूरोपीय संघ (ईयू) अमेरिका पर 93 अरब यूरो (107.68 अरब डॉलर) का आयात शुल्क लगाने या अमेरिकी कंपनियों को यूरोपीय ब्लॉक में व्यापार करने से रोकने पर विचार कर रहा है।

फाइनेंशियल टाइम्स की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से कहा गया कि अगले हफ्ते दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) पर होने वाली बैठक से पहले इस शुल्क का मसौदा तैयार किया जा रहा है, ताकि ट्रम्प पर यूरोपीय नेताओं को थोड़ी 'बढ़त' मिल सके। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोपीय यूनियन ने पिछले साल ही आयात शुल्क की सूची बना

**■ अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के लगातार बयानों और धमकियों के बीच यूरोपीय संघ ने अपनाया सख्त रुख**

ली थी लेकिन 'व्यापार युद्ध' रोकने के लिए उसे छह फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया था। ग्रीनलैंड पर अमेरिका-यूरोप के बीच बढ़ते तनाव के कारण ईयू नेताओं ने रविवार को इसे दोबारा लागू करने पर विचार किया। इसके अलावा यूरोपीय नेताओं ने 'दबाव-विरोधी' मसौदे पर भी बातचीत की, जिसके लागू होने पर अमेरिकी कंपनियां यूरोप में अपना सामान नहीं बेच पाएंगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि जो देश ग्रीनलैंड 'खरीदने' के मुद्दे पर अमेरिका का समर्थन नहीं करेंगे।

### तेल अवीव में गूंजेगा यूपी का साइबर मॉडल, भारत से दो प्रतिनिधि होंगे शामिल

**लखनऊ।** दुनिया के प्रमुख साइबर सुरक्षा मंचों में शामिल 'साइबर टेक ग्लोबल तेल अवीव 2026' में इस बार भारत के साथ उत्तर प्रदेश का साइबर मॉडल भी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। यह सम्मेलन 26 से 28 जनवरी 2026 तक तेल अवीव में आयोजित होगा, जिसमें अमेरिका, यूरोप और एशिया समेत 20 से अधिक देशों के साइबर विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। इस वैश्विक सम्मेलन में भारत से दो वरिष्ठ साइबर विशेषज्ञ चीफ मेंटर के तौर पर भाग लेंगे। इनमें केंद्र सरकार के पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक माधवन उन्नीकृष्णन नायर तथा उत्तर प्रदेश से साइबर अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे प्रो- त्रिवेणी सिंह शामिल हैं।

# खामेनेई पर हमले को जंग मानेंगे: मसूद पजशकियान

## ईरान के राष्ट्रपति बोले: ट्रम्प ने कहा था: प्रदर्शनकारियों की हत्याएं जारी रहीं, तो हम दे सकते है दखल

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई पर हमला हुआ, तो इसे ईरान के खिलाफ जंग माना जाएगा। पजशकियान ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि किसी भी हमले का कठोर और पछतावे वाला जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर ईरान के लोगों की जिंदगी में मुश्किलें हैं, तो इसकी एक बड़ी वजह अमेरिका और उसके सहयोगियों के लगाए हुए प्रतिबंध हैं।

पजशकियान की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों के बाद आई है। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों की हत्याएं या फांसी जारी रहीं, तो अमेरिका दखल दे सकता है। ईरान में 28 दिसम्बर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5000 लोगों की मौत हो गई है। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रायटर्स को यह जानकारी दी है। ट्रम्प ने 15 जनवरी को बताया



**■ पजशकियान की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों के बाद आई है**

था कि हत्याएं अब कम हो रही हैं। व्हाइट हाउस ने भी दावा किया कि ट्रम्प के दबाव के बाद ईरान ने 800 लोगों की फांसी की योजना रोक दी है। संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव मार्था पोबी ने परिषद को बताया कि ये प्रदर्शन तेजी से फैले। इसमें काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, अब तक 3428 प्रदर्शनकारियों को मार डाला गया, जबकि 18000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर सका है। ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि वह जल्द ईरान लौटेंगे और देश का नेतृत्व करेंगे। पेरिस से जारी किए एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, आज ईरान में लड़ाई कब्जे और आजादी के बीच है। ईरानी जनता ने मुझे नेतृत्व के लिए बुलाया है। मैं ईरान लौटूंगा। पहलवी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि वह एक 'मुक्त ईरान' का सपना देखते हैं, जो इस्लामिक रिपब्लिक की नीतियों से पूरी तरह अलग होगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य शांति, समृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की ओर लौटना है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान में लोकतांत्रिक सरकार बनती है तो देश अपना परमाणु सैन्य कार्यक्रम खत्म करेगा, आतंकी संगठनों को समर्थन बंद करेगा और अमेरिका के साथ संबंध सामान्य करेगा। पहलवी ने यह भी कहा कि एक मुक्त ईरान इजरायल को मान्यता देगा और मध्य-पूर्व में स्थिरता लाने वाली ताकत बनेगा। ट्रम्प प्रशासन ने 18 ईरानी व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ नए प्रतिबंधों लगाए हैं।

# मोदी को गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने का न्योता

## ट्रम्प ने पाकिस्तान और रूस को भी बुलाया, नाराज इजरायल बोला: बिना बातचीत टीम बनाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा के 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को न्योता दिया है। भारत में यूएस के एम्बेसडर सर्जियो गोर ने ट्वीट कर जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को भी इस बोर्ड में शामिल होने का बुलावा दिया गया है। दरअसल गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा (एनसीएजी) के गठन का ऐलान किया है।

इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया गया है। ट्रम्प खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आफिस ने कहा कि गाजा के लिए बनाए गए



**■ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को राष्ट्रपति ट्रम्प ने गाजा के लिए बनाए गए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता दिया है**

नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजरायल से बिना बातचीत करे की है। इजरायल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है। पाकिस्तान ने बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को राष्ट्रपति ट्रम्प ने गाजा के लिए बनाए गए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने मीडिया से बातचीत में पुष्टि की कि पाकिस्तान को औपचारिक रूप से यह निमंत्रण मिला है। ताहिर अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान गाजा में शांति और सुरक्षा से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में हिस्सा लेता रहेगा और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के मुताबिक फलस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान चाहता है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। नेतन्याहू के आफिस के मुताबिक, विदेश मंत्री गिदोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने उठाएंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि बोर्ड का कौन सा हिस्सा इजरायल को आपत्तिजनक लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य समस्या तुर्की विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल करने से है। तुर्की को हमास का समर्थक माना जाता है और इजरायल के साथ इसका संबंध तनावपूर्ण हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगन ने इजरायल की गाजा कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इजरायल का कहना है कि ऐसे देशों को गाजा के प्रशासन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

